सुप्रभात
रांची, शनिवार
08.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 352



12 कपल के समर्थन में उतरीं रवीना टंडन

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### बालासोर हादसे में तीन रेलकर्मी गिरफ्तार

**ओडिशा।** बालासोर रेल हादसे में सीबीआई ने शुक्रवार को तीन रेलवे कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने तीनों को आईपीसी की धारा 304 और 201 के तहत गिरफ्तार किया है। धारा 302 यानी गैर इरादतन हत्या और धारा 201 सबूत नष्ट करने की कोशिश है।

### मुठभेड़ में हथियारों का जखीरा बरामद

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू के दस्ते के साथ मुठभेड़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। हथियारों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया है।

### साइको किलर पर 10 हजार का इनाम घोषित

**बोकारो।** चंद्रपुरा थाना पुलिस ने साइको किलर अजय रविदास पर 10 हजार रुपये ईनाम की घोषणा की है। पुलिस इश्तेहार में बताया गया है कि बीते पांच दिन में तीन महिलाओं पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया है, जिसमें एक की मौत हो चुकी है। दो गंभीर हैं।

### तीन आइइडी और 18 स्पाइक होल बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र में पुलिस ने भाकपा माओवादियों के लगाये 23 किलो के तीन आईईडी बम और 18 स्पाइक होल को शुक्रवार को अलग-अलग जगह से बरामद किया है। पुलिस ने सभी बम को जंगल में ही नष्ट कर दिया।

### वीरेंद्र राम की पत्नी की जमानत पर सुनवाई 18 को

**रांची।** निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई। उनके अधिवक्ता के बहस के लिए समय को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सुनवाई की अगली तिथि 18 जुलाई तय की है।

### फलकनुमा एक्सप्रेस के 4 डिब्बों में लगी आग

**हैदराबाद।** तेलंगाना में शॉर्ट सर्किट से फलकनुमा एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लग गयी है। यह आग यह घटना यदाद्रि भुवनागिरी जिले के पगिडीपल्ली और बोम्मईपल्ली के बीच हुई है। सतर्क अधिकारियों ने तुरंत ट्रेन को वहीं रोक दिया और दो बोगियों में सवार यात्रियों को उतार दिया।

### टीपीसी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**लोहरदगा।** दो वर्षों से फरार चल रहे प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के सक्रिय सदस्य हरखमन गंझू को लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उस पर कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू स्थित क्रसर प्लांट में आगजनी और मारपीट का मामला दर्ज है। दस्ते ने 20 फरवरी को मकांदू स्थित बालाजी कंस्ट्रक्शन क्रशर में पोकलेन में आग लगाने एवं मजदूरों से मारपीट करने के संबंध में कुडू थाना में मामला दर्ज किया गया।

### बृजभूषण को अदालत में पेश होने का निर्देश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न मामले में शुक्रवार को उन्हें समन जारी कर 18 जुलाई को पेश होने को कहा है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 55,900 रु./10 ग्राम
चांदी : 73,000 रु./प्रति किलो

# झारखंड की ज्योति मौर्या बोली- बच्चा, प्रॉपर्टी और मुझे भूल जाओ...

खबर मन्त्र टीम

**साहिबगंज।** यूपी में एसडीएम ज्योति मौर्या और उसके पति सफाईकर्मी आलोक मौर्या का मामला पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ है। ऐसा ही एक मामला अब झारखंड के साहेबगंज में भी सामने आया है। साहेबगंज में एक अनपढ़ व्यक्ति अपनी पत्नी को पढ़ाने में कर्ज में डूब गया। पत्नी को पढ़ाने के लिए मजदूरी तक की। मगर पत्नी जब पढ़ाई पूरी कर नौकरी करने लगी, तो अपने बच्चे और जमीन के कागजात को लेकर फरार हो गयी। फरार हुई महिला का कहना है कि बच्चा तो उसके पास ही है, प्रॉपर्टी भी उसके पास ही आ जायेगी। अब मुझे भूल जाओ, तुम्हारे साथ अब नहीं रह सकती। इसे लेकर बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझी गांव के रहने वाले कन्हाई पंडित ने शिकायत दर्ज करायी है। (शेष पेज 11 पर)

## अनपढ़ पति ने कर्ज ले पत्नी को पढ़ा कर बनवाया नर्स

### अब सबकुछ भूल जाओ

कन्हाई ने झगड़ने की वजह जानने की कोशिश तो पत्नी कहने लगी कि अब वो उसके साथ नहीं रहना चाहती। पत्नी कल्पना का यह भी कहना है- बच्चा, जमीन और मुझे अब भूल जाओ। कल्पना अपने पति को कहती है कि उसके बाद जमीन तो बच्चा का ही होगा, इसलिए बच्चे को अब वो ही रखेगी। कल्पना अपने पति को कोई ठिकाना देखने की भी सलाह देती है। पत्नी एक निजी अस्पताल में जॉब करती है।







बेटा, पत्नी कल्पना और पीड़ित पति कन्हाई पंडित।

**पत्नी कल्पना ने धोखा दिया :** कन्हाई पंडित ने कहा कि वह पत्नी को लेकर ससुराल गया और सास-ससुर को इस बात की जानकारी दी। वहां से समझा-बुझाकर पत्नी को वापस लाया था। इस बीच 14 अप्रैल को पत्नी मायके जाने की बात कह घर से निकली और बेटा सहित लापता हो गयी। उसने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसके मुताबिक उसकी पत्नी कल्पना उसे धोखा देकर किसी दूसरे प्रेमी के साथ रह रही है। इसकी जानकारी उसके ससुराल वालों को भी है लेकिन वे लोग कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। कन्हाई पंडित ने आखिर में परेशान होकर न्यायालय की शरण ली और परिवाद दायर किया है। साहिबगंज एसडीपीओ राजेंद्र दुबे ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पढ़ाई में लिया गया कर्ज चुकाने को मजदूरी करने बाहर जाना पड़ा

पति कन्हाई पंडित ने कहा कि काफी कर्ज हो जाने के कारण पत्नी के कहने पर ही 2019 में वह कमाने के लिए गुजरात चला गया। इस बीच पत्नी कल्पना भी एएनएम की ट्रेनिंग पूरी कर जमशेदपुर से लौट आयी। कोरोना काल के बाद कल्पना ने 2022 के शुरुआती महीनों में साहिबगंज के झूमावती अस्पताल में एएनएम की नौकरी कर ली। इस दौरान गुजरात में हुई कमाई से उसने कर्ज खत्म कर दिया था। इस साल मार्च महीने में होली के पहले जब वह बांझी स्थित घर लौटा तो पत्नी के बदले व्यवहार से वह हैरान रह गया। पूछने पर पत्नी ने कहा कि अब वह उसके साथ नहीं रहना चाहती है।

### कोर्ट में भी लगायी गुहार

मजदूरी कर और कर्ज लेकर पत्नी को पढ़ाने और उसे एएनएम बनाने वाले पति बोरियो प्रखंड निवासी कन्हाई पंडित ने पत्नी और बेटे की बरामदगी के लिए कोर्ट में गुहार लगायी है। पुलिस को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे कन्हाई पंडित ने शुक्रवार को कहा कि 2009 में तेलो बाथन टोला गांव निवासी राजकिशोर पंडित की पुत्री कल्पना कुमारी से उसका विवाह हुआ था। शादी के बाद उसका एक 10 वर्ष का पुत्र है। पढ़े-लिखे ज्यादा नहीं होने के कारण वह मेहनत मजदूरी और ट्रैक्टर चला कर रोजी-रोटी कमा रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मैट्रिक पास पत्नी कल्पना ने पढ़ाई करवाने की बात कही। उसने पत्नी कल्पना को बोरियो कॉलेज से इंटर की पढ़ाई पूरी करवाई और फिर कर्ज लेकर जमशेदपुर से एएनएम का प्रशिक्षण भी दिलवाया।

आवास बोर्ड ने जमीन का नेचर चेंज करनेवालों को भेजा नोटिस

# भूमि का गलत उपयोग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यभर में झारखंड राज्य आवास बोर्ड की जमीन का नेचर चेंज कर अवैध तरीके से कब्जा और अतिक्रमण करनेवालों पर बोर्ड ने कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आवास बोर्ड के नये अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने कहा है कि बोर्ड शीघ्र ही नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेगा। लोगों को आवासीय यूज के लिए जमीन दी गयी थी, लेकिन वे इसका इस्तेमाल बिजनेस करने के लिए कर रहे हैं। अभी पहली नोटिस देकर करीब 300 आवंटियों से जवाब मांगा गया है। उनका जवाब यदि संतोषजनक नहीं हुआ, तो 15 दिन की आखिरी नोटिस देने के बाद कड़ी कार्रवाई शुरू की जायेगी।

ज्ञात हो कि कई आवंटियों ने एकरारनामे का उल्लंघन कर जमीन का नेचर चेंज कर रेसिडेंशियल यूज की जमीन को कमर्शियल बना दिया है। ऐसे लोगों के साथ आवास बोर्ड पिछले कई सालों से नोटिस-नोटिस खेल रहा है। 20-25 लोगों पर कार्रवाई करने के बाद बोर्ड का अभियान रूक जाता है। इससे गलत परंपरा खत्म नहीं हो पा रहा है। इधर, संजय लाल पासवान के आवास बोर्ड का नया अध्यक्ष बनने के बाद बोर्ड एक बार फिर रेस हो गया है। रांची के हरमू और अरगोड़ा स्थित 300 से अधिक दुकानों को चिन्हित कर नोटिस भेजा गया है। लीज की शर्तों का उल्लंघन करने के कारण उनका आवंटन रद्द करने की भी चेतावनी दी गयी है। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले 2022 में भी अभियान चलाया था। 400 से अधिक आवंटियों को नोटिस भेजा गया था। करीब 50 जगहों पर से कब्जा भी हटाया गया था। फिर अभियान रूक गया। अब एक बार फिर आवास बोर्ड रेस हुआ है।

### क्या है मामला




आवास बोर्ड ने जब आवंटियों को लीज पर जमीन दी, तो शर्त थी कि वे जमीन पर सिर्फ आवास का निर्माण करेंगे। पूरी तरह से आवासीय होगा। बाद में आवंटियों ने जमीन पर आवास की जगह दुकान, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सहित पेट्रोल पंप की स्थापना कर ली, जो आवास बोर्ड के मैनुअल का उल्लंघन है। हरमू और अरगोड़ा कॉलोनी में सड़क किनारे के अधिकांश दुकान, रेस्टोरेंट, ब्यूटी पार्लर, पेट्रोल पंप, शोरूम और बैंक आवास बोर्ड की जमीन पर चल रहे हैं। जिस जमीन पर यह सब खुले हैं, उसका नेचर रेसिडेंशियल है।

# राहुल की सजा बरकरार

## मोदी सरनेम केस में हाइकोर्ट के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट जायेगी कांग्रेस


एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मोदी सरनेम मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पुनर्विचार याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दी है। उनकी सजा बरकरार रहेगी। सूरत कोर्ट ने मानहानि के इस मामले में राहुल गांधी को दो साल जेल की सजा सुनायी है। मानहानि केस में सूरत कोर्ट द्वारा दोषी करार देते हुए दो साल जेल की सजा सुनाने के खिलाफ राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में अर्जी लगाकर फैसले पर पुनर्विचार की गुहार की थी।

उन्होंने सूरत कोर्ट के आदेश पर स्टे लगाने की अर्जी दी थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। गुजरात हाई कोर्ट का कहना है कि ट्रायल कोर्ट का दोषी ठहराने का आदेश उचित है, उक्त आदेश में हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। कांग्रेस का कहना है कि अब वह इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी।

**2024 से भी हो सकते हैं दूर :** आगे भी कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को राहत नहीं मिलती है तो उन्हें लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने से वंचित रहना पड़ सकता है। राहुल वर्तमान में जमानत पर है। कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। अगर आगे कोर्ट से राहत मिलती है तो उनकी संसद सदस्यता बहाल हो सकती है। फिलहाल वह छह साल तक संसद सदस्य बनने के लिए अयोग्य हैं। राहुल गांधी के खिलाफ 10 मामले लंबित हैं। राहुल ने कैंब्रिज में वीर सावरकर के खिलाफ शब्दों का इस्तेमाल किया है। इसके बाद वीर सावरकर के पोते ने पुणे कोर्ट में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

### याचिका खारिज कर हाइकोर्ट ने यह कहा



गुजरात हाईकोर्ट ने अपने फैसले में टिप्पणी की है कि राहुल गांधी के खिलाफ कम से कम 10 अन्य आपराधिक मामले भी लंबित हैं। कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी जिस आधार पर राहत पाने की उम्मीद कर रहे हैं, वह आधार सही नहीं है। लोअर कोर्ट के फैसले पर रोक लगाना कोई रूल नहीं है, हां अपवाद हो सकता है, लेकिन यह मामला उस कैटेगरी में नहीं आता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि राहुल की सजा पर रोक नहीं लगाने से, उनके खिलाफ अन्याय नहीं होगा। इसी साल मई में गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। उस समय भी कोर्ट ने राहुल गांधी को कोई अंतरिम राहत नहीं दी थी।

### क्या है मोदी सरनेम मामला

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार में रैली करते हुए राहुल गांधी ने मोदी सरनेम को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था, इन सब चोरों के नाम मोदी कैसे हैं? नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी। खोजने पर और भी बहुत सारे मोदी मिलेंगे। इसके चलते भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने शिकायत की थी। 23 मार्च को सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा ने आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराया था और उन्हें दो साल कैद की सजा सुनायी थी।

# अवैध खनन मामले में पंकज मिश्र के दो सहयोगी गिरफ्तार

- मनी लांड्रिंग केस में अमित व दिलीप घोष की याचिका खारिज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में इडी ने दो और आरोपियों भगवान भगत और टिंकल भगत को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं। उधर सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री समेत अन्य जमीन की फर्जीवाड़े में बेचकर अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल एवं जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को जेल में रहना पड़ेगा। इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने दोनों की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद खारिज कर दी।

**अमित-दिलीप की जमानत का विरोध :** दोनों की अर्जी पर सुनवाई के दौरान इडी के वकील शिव कुमार काका ने जमानत देने का विरोध किया। बहस के दौरान कहा कि दोनों के खिलाफ ठोस सबूत के साथ मामले में अभियोजन शिकायत (चार्ज शीट) दाखिल है। जमीन फजीर्वाड़े में दोनों की अहम भूमिका सामने है। ऐसे में जमानत देना सही नहीं होगा। वहीं, बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि मेरे मुवक्किल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। निर्दोष को आरोपी बनाया गया है। जमानत देने का अनुरोध किया। दोनों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। इडी ने दोनों को आठ जून को गिरफ्तार किया था। तब से जेल में है। (शेष पेज 11 पर)

एसीबी की बड़ी कार्रवाई, कोडरमा और पलामू में दो को दबोचा

# सहकारिता विभाग की सहायक निबंधक रिश्वत लेते गिरफ्तार

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** एसीबी की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडरमा जिला सहकारिता विभाग की सहायक निबंधक मिताली शर्मा को उस वक्त दबोचा जब वे अपने आवास पर 10 हजार रुपए की घूस ले रही थीं। वहीं पलामू विशेष भू-अर्जन कार्यालय में शुक्रवार को प्रधान लिपिक टुनटुन कुमार उपाध्याय को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

प्रधान लिपिक भूमि अधिग्रहण मुआवजा के भुगतान के लिए फाइल आगे बढ़ाने के एवज में रिश्वत ले रहा था। जानकारी के अनुसार कोडरमा थाना क्षेत्र के पथलडीहा स्थित गरहाई गांव के रहने वाले रामेश्वर प्रसाद ने एसीबी से मिताली शर्मा द्वारा घूस मांगने की शिकायत की थी।



उनका आरोप है कि 16 जून को सहायक निबंधक मिताली शर्मा ने कोडरमा व्यापार मंडल सहयोग समिति का निरीक्षण किया गया था, चूंकि यह समिति बीज वितरण की नोडल एजेंसी भी है। ऐसे में निरीक्षण के बाद सहायक निबंधक के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था, स्पष्टीकरण के संबंध में जब रामेश्वर प्रसाद सहायक निबंधक मिताली शर्मा से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे, तो उनसे स्पष्टीकरण से बचने के लिए मिताली शर्मा के ने 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। उन्होंने रिश्वत नहीं देने की ठान ली और मामले की एसीबी से लिखित शिकायत की। उसी आधार पर एसीबी की टीम ने पूरे मामले का सत्यापन किया। (शेष पेज 11 पर)

# पंचायत स्तर पर 543 दवा दुकानें स्वीकृत

- ग्रामीणों को ससमय दवा मिले, सीएम की परिकल्पना ले रही आकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का लक्ष्य ग्रामीणों को ससमय दवा उपलब्ध कराना एवं शिक्षित ग्रामीणों को रोजगार में वृद्धि करना है। समय पर दवा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कई लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं या असमय उनकी मृत्यु हो जाती है। इस स्थिति से निपटने के लिए श्री सोरेन ने राज्य के प्रत्येक जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को दवाइयां सुलभतापूर्वक उपलब्ध कराने के लिये सुदूर गांवों में कम से कम एक दवा दुकान की स्थापना का निर्देश दिया है। इसके तहत अब तक पूरे राज्य में दवा दुकान के 543 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर दवा दुकान स्थापना के लिए अबतक कुल 1593 आवेदन पूरे राज्य से प्राप्त हुए हैं। 962 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। सबसे अधिक देवघर से 233, गिरिडीह से 230, धनबाद से 212, रांची से 138, गोड्डा से 102, पलामू से 85 और



हजारीबाग एवं बोकारो से क्रमशः 75 आवेदन प्राप्त हुये हैं। वहीं, दूसरी ओर चतरा में विगत दिनों मुख्यमंत्री द्वारा तीन लोगों को इस निमित स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया और वहां दवा दुकान का शुभारंभ हुआ। (शेष पेज 11 पर)

# यह संस्था नहीं जीवन आस्था है, विरासत पर गर्व का समय

## दुनियाभर में आध्यात्मिक रोशनी फैला रहा है गीता प्रेस : पीएम मोदी

एजेंसी

**गोरखपुर।** गीता प्रेस के शताब्दी समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि गीता प्रेस इस बात का भी प्रमाण है कि जब उद्देश्य शुद्ध होते हैं, आपके मूल्य शुद्ध होते हैं तो सफलता पर्याय बन जाती है। समापन समारोह में हिस्सा लेने शुक्रवार को आये पीएम ने कहा कि गीता प्रेस केवल एक प्रिंटिंग प्रेस नहीं बल्कि यह एक जीवंत आस्था है। पीएम मोदी ने कहा कि गीता प्रेस दुनिया में आध्यात्मिक रौशनी फैला रहा है। उन्होंने कहा, यह समय गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का है और अपनी विरासत पर गर्व करने का। मौके पर पीएम मोदी ने नेपाली भाषा में अनुवादित सचित्र शिव पुराण और शिव महापुराण का अनावरण किया। पीएम ने कहा कि गीता प्रेस के सौ सालों का योगदान बेमिसाल रहा है। अपने उत्कृष्ट कामों के लिए गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार से भी नवाजा गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है।



**आध्यात्मिक प्रकाश यहां से मिला :** पीएम ने कहा कि 1923 में गीता प्रेस के रूप में जो आध्यात्मिक प्रकाश यहां प्रकाशित हुआ, आज उसकी रोशनी पूरी मानवता का मार्गदर्शन कर रही है। 100 साल पहले औपनिवेशिक ताकतों ने भारत का शोषण किया। हमारे गुरुकुल नष्ट कर दिये गये। जब हमारा प्रिंटिंग प्रेस सक्षम नहीं था अपनी उच्च लागत के कारण प्रत्येक नागरिक तक पहुंचने के लिए गीता प्रेस मार्गदर्शक शक्ति बन गयी। हम सभी इस संगठन के शताब्दी समारोह के साक्षी बनने के लिए भाग्यशाली हैं। आजादी के बाद से किसी पीएम का गीता प्रेस में यह पहला आगमन रहा। मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत श्रीहरि के उद्घोष से की। उन्होंने कहा, गीता प्रेस करोड़ों लोगों के लिए किसी मंदिर से कम नहीं है, जिसके नाम और काम में गीता है और जहां गीता है वहां कृष्ण हैं। जहां कृष्ण हैं वहां करूणा है, वहां कर्म है, वहां ज्ञात का बोध है और विज्ञान का ज्ञान है। गीता का श्लोक ही है वासुदैव सर्वमह्य। (शेष पेज 11 पर)

# इडी ने जब्त की सिसोदिया की 52 करोड़ की संपत्ति

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी ने शुक्रवार को उत्पाद दिल्ली शराब घोटाले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत अन्य लोगों पर बड़ी कार्रवाई की है। इडी ने मनीष सिसोदिया, अमनदीप सिंह ढिल्लो, राजेश जोशी, गौतम मल्होत्रा और अन्य आरोपियों के 52.24 करोड़ रुपये जब्त कर ली है। इडी ने यह जानकारी दी है। दिल्ली की नयी आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया समेत कई आरोपी फिलहाल जेल में हैं।

**अस्थायी आदेश जारीः** ईडी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत (7.29 करोड़ रुपये मूल्य की) अन्य अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया की दो संपत्तियां, एक अन्य आरोपी राजेश जोशी की जमीन/फ्लैट और गौतम मल्होत्रा की जमीन/फ्लैट शामिल हैं।

एजेंसी ने कहा है कि कुर्क की गई संपत्ति में मनीष सिसोदिया की बैंक में जमा 11.49 लाख रुपये की राशि सहित, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड (16.45 करोड़ रुपये की राशि) और अन्य सहित 44.29 करोड़ रुपये की चल संपत्ति भी शामिल है। सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था।

खबर एक नजर में

## एडीजी प्रिया दुबे मुख्यमंत्री से मिलीं



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण प्रिया दुबे ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## झारखंड लौटे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल



रांची। झारखंड सहित 12 पूर्वोत्तर राज्यों की सांगठनिक बैठक में शामिल होकर शुक्रवार को रांची लौटे नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का पार्टी मुख्यालय में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा में पार्टी के सचेतक बिरंची नारायण, विधायक शशिभूषण मेहता, किशुन दास भी उपस्थित थे। विधायकगण सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ, पुस्तक, अंगवस्त्र देकर नये प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

## वीरेंद्र राम और भाई की हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, चचेरे भाई आलोक रंजन समेत पांच की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को जेल में बंद पांचों आरोपियों की वीसी के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने दोनों के साथ हवाला कारोबारी नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता एवं राम प्रकाश भाटिया की अगली पेशी की तारीख 21 जुलाई निर्धारित की है।

## निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की याचिका पर सुनवाई 18 को

रांची। मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम की पत्नी राज कुमारी देवी एवं उनके पिता गेंदा राम की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उनके वकील ने बहस के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने समय देते हुए बहस के लिए अगली तारीख 18 जुलाई निर्धारित की है। दोनों ने अलग-अलग अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 12 जून को अर्जी दाखिल की है। टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट में वीरेंद्र राम के साथ उनकी पत्नी एवं पिता का भी नाम है।

## चुनाव आयोग ने आरओ का रिकॉर्ड किया पेश

**कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र का मामला**

रांची। कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले में केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता एके सिंह ने प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया। उसमें उक्त विधानसभा चुनाव के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) द्वारा चुनाव से संबंधित जो रिकॉर्ड मेंटेन किया गया था, उसकी कॉपी प्रतिशपथ पत्र के माध्यम से हाई कोर्ट में दाखिल की गई। यह मामला शुक्रवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट में सूचीबद्ध था, लेकिन शुक्रवार को मामले की सुनवाई टल गई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका पर रिटर्निंग ऑफिसर को जवाब के लिए अंतिम मौका दिया था, जिसे लेकर रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से चुनाव आयोग ने प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया।

## हाइकोर्ट ने उमाशंकर मालवीय से पूरक शपथ पत्र के माध्यम से मांगा लंदन जाने का विवरण

रांची। मनी लॉउड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय के पासपोर्ट रिलीज कराने को लेकर दायर क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने प्रार्थी को पूरक शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि वह अपनी बेटी से मिले लंदन कब और कितने दिनों के लिए जाना चाहते हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 14 जुलाई निर्धारित की। दरअसल ईडी की विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने के उमाशंकर मालवीय की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि उनकी बेटी लंदन में हुल यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई कर रही है इसलिए वह लंदन उससे मिलने जाना चाहते हैं।

## बीज घोटाला मामला : एसीबी की लिखित बहस पर जवाब के लिए प्रार्थी ने मांगा समय

रांची। ₹46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले में आरोपी तत्कालीन कृषि निदेशक निस्तार मिंज की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की ओर से दाखिल लिखित बहस पर प्रार्थी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई निर्धारित की है। दरअसल, निस्तार मिंज ने एसीबी कोर्ट द्वारा उनकी डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया है कि निस्तार के खिलाफ एसीबी थाना में 2 एफआईआर दर्ज किया गया है। जिनमें एक एफआईआर वर्ष 2009 में बीज घोटाला एवं दूसरा एफआईआर वर्ष 2013 में खाद घोटाला में किया गया है। प्रार्थी का कहना है कि वर्ष 2013 में प्रार्थी के खिलाफ जो खाद घोटाला का मामला दर्ज किया गया था उसमें अभी तक आरोपपत्र भी दायर नहीं हुआ है और अनुसंधान जारी है। वर्ष 2013 के खाद घोटाला के मामले को बीज घोटाला के साथ मर्ज करते हुए उनके डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई हुई थी। बीज घोटाला के साथ खाद घोटाला के आरोपों को जोड़कर उनके डिस्चार्ज पिटिशन को एसीबी कोर्ट ने खारिज कर दिया था, जो अनुचित है।

## सुप्रीम कोर्ट ने इडी से 4 सप्ताह में मांगा जवाब

**बच्चू यादव की जमानत याचिका का मामला**

रांची। ₹1000 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिका की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए 4 सप्ताह में जवाब दायर करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई 4 सप्ताह बाद होगी। झारखंड हाईकोर्ट से बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। इसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि वह इस मामले में निर्दोष है, साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है।

## सुनील तिवारी को हाइकोर्ट से मिली राहत बरकरार

**चाइल्ड लेबर केस का मामला**

रांची। झारखंड भाजपा के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार रखी है। यह मामला चाइल्ड लेबर केस से जुड़ा हुआ है। उनपर नाबालिग आदिवासी युवती के साथ यौन शोषण का आरोप है। उनके खिलाफ अरगोड़ा थाने में मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में साल 2021 में झारखंड पुलिस ने उन्हें उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था। उसके बाद उन्हें रांची जेल भेज दिया गया था। बाद में उन्हें हाईकोर्ट से सशर्त जमानत मिली थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में मामले की आंशिक सुनवाई हुई। प्रार्थी के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव के आग्रह पर अदालत ने पूर्व में दिए गए अंतरिम राहत को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है।

### मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा बहाल रखने के फैसले से कांग्रेस नाराज

# कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ निकाला एकजुटता संकल्प मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। मोदी सरनेम मामले में गुजरात हाईकोर्ट की ओर से राहुल गांधी को निचली अदालत से मिली सजा को बहाल रखने के फैसले के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने शुक्रवार को एकजुटता संकल्प मार्च निकाला। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस भवन, से अलबर्ट एक्का चौक तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला। इस दौरान आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख भी एकजुटता संकल्प मार्च में शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और देश की लचर आर्थिक स्थिति के खिलाफ आवाज बुलंद की है उससे भाजपा के नेता घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि ललित मोदी, नीरव मोदी, विजय माल्या, जतिन मेहता, मेहुल चोकसी जैसे भगोड़े मोदी सरकार के निगरानी में जनता का पैसे लेकर विदेश पहुंच गए, भाजपा ने उन्हें आजाद कर दिया और झूठी चाल चलकर राजनीतिक साजिश के तहत राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा कर संसद से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र की अहंकारी सत्ता चाहती है कि जनता के हितों का सवाल न उठें, सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन यह सच है कि भाजपा इशारों इशारों में बहुत सारा काम करवा लेती है। उन्होने कहा कि उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय से न्याय जरूर मिलेगा।

झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कोर्ट के फैसले पर कोई टिप्पणी करने से बचते हुए कहा कि यह तो सही है कि कोई न कोई यह करवा रहा है। अब साफ हो गया है कि राहुल गांधी को परेशान और नीचा दिखाने के लिए यह काम भाजपा करवा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि तमाम हमले के बावजूद अहंकारी भाजपा सरकार के हथकंडों के बीच एक सच्चे देश प्रेमी की तरह जनता से जुड़े सवालों को राहुल गांधी उठाने से पीछे नहीं हटे। जनता के दर्द बांटने के कर्तव्य पथ पर अभी भी डटे हुए हैं।

कृषि मंत्री बादल ने कहा कि सत्य की जीत होगी, जनता की आवाज जीतेगी, देश अब मोदी जी की भ्रष्टाचार पर दोहरी नीति से अवगत हो चुकी है।

कांग्रेसी विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी से डरे हुए हैं इसलिए उनकी आवाज को दबाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है।

### कार्यक्रम में ये नेता थे शामिल

एकजुटता संकल्प मार्च में मुख्य रूप से विधायक रामचन्द्र सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, अजय नाथ शाहदेव, गजेन्द्र सिंह, सतीष पॉल मंजुनी, रामाकांत आनंद, आलोक तिवारी, अमरेन्द्र सिंह, बेलस तिर्की, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, सुरेन राम, अभिलाष साहू, केदार पासवान, अजहर पप्पू, राजेश कुमार शर्मा, डॉ राजीव नारायण प्रसाद, अजय सिंह, संजय कुमार छोटू सिंह, शहीद अहमद, प्रिंस बक्ष, दिनेश लाल सिन्हा, विक्की ठाकुर, वशिष्ट लाल पासवान, सैयद हसनैन जैदी, संजय सरैया कमलेश, दिनेश लाल सिन्हा, निरंजन पासवान, जगदीश साहु, सूर्यकांत शुक्ला, गुलाम रब्बानी, रिंकू तिवारी, रेखा कौर, प्रियदर्शनी, अर्चना मिर्धा, पिया बर्मन, अनिल कुमार, जगदीश महतो सहित सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।

### राहुल गांधी को कोर्ट ने दिखाया आईना : रघुवर



रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि मोदी उपनाम के बहाने पूरे ओबीसी समाज को गाली देने के मामले में राहुल गांधी को उच्च न्यायालय ने भी आइना दिखाया है। उन्होंने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट ने निचली कोर्ट की सजा को बरकरार रखा है। सजा के खिलाफ दायर राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जानबूझ ऐसी टिप्पणियां करते हैं, और पूरे समुदाय को निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज से माफी मांगना तो दूर वंशवाद की मानसिकता से ग्रस्त राहुल गांधी समेत कांग्रेस के नेता उस बयान को सही ठहराने में लगे हुए हैं। कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर ओबीसी समाज के साथ न्याय किया है। शुक्रवार को मोदी सरनेम को लेकर आपराधिक मानहानि केस में गुजरात हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी ने इस मामले में सूरत की कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी।

## बर्बरता की शिकार आदिवासियों से माफी मांगें मुख्यमंत्री: भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान की तरह सीएम हेमंत सोरेन से बर्बरता की शिकार हजारों आदिवासी मूलवासी बेटियों के परिजनों से माफी मांग कर प्रायश्चित करने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि श्री सोरेन को उनके कार्यकाल में बर्बरता की शिकार हुई हजारों आदिवासी मूलवासी बेटियों के परिजनों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार गठबंधन सरकार के शासनकाल में 5000 से ज्यादा बेटियां अत्याचार की शिकार हुईं। उन्होंने कहा कि दुमका और बरहेट में भी आदिवासी, गैर आदिवासी बेटियों को जिंदा जलाया गया। टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया, फंदे पर लटका दिया गया। सीएम को संवेदनशीलता दिखाते हुये इन बेटियों के घर जाकर परिजनों से माफी मांगने का साहस जुटाना चाहिये लेकिन, पूरे झारखंड की तो बात छोड़िए मुख्यमंत्री दुमका और बरहेट के अपने क्षेत्र में भी नहीं गये।

## धनबाद के तोपचांची थाने में पुलिस उमेश कच्छप की मौत की सीबीआइ जांच हो : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गठबंधन सरकार को कठघरे में खड़ा किया

**सीआइडी और फॉरेंसिक टीम ने प्रारंभिक जांच में पुलिस अफसरों को दोषी पाया था, लेकिन महागठबंधन सरकार बनते ही मौत की फाइल बंद कर दी गयी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तत्कालीन इंस्पेक्टर उमेश कच्छप की मौत की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी अफसर उमेश कच्छप ने धनबाद के तोपचांची थाने में खुदकुशी कर ली थी। मौत के पहले अपनी पत्नी से बातचीत में उमेश कच्छप ने वरीय अफसरों का नाम लेकर बताया था कि कैसे उनके जैसे ईमानदार और सीधे साधे अफसर को एक चालक पर फर्जी केस कर रंगदारी वसूलने वाले अफसरों को बचाने का दबाव डाला जा रहा था। इसी तनाव में उमेश कच्छप ने जान दे दी। तब सीआईडी और फोरेंसिक टीम ने पुलिस अफसरों को प्रारंभिक जांच में दोषी पाया था लेकिन, जब आदिवासी हितों की रक्षा का दावा कर करने वाली सरकार बनी तो मौत की फाइल बंद कर दी गयी। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिवक्ता ने जांच बंद करने की सलाह दे कर, इस सरकार में क्राइम पार्टनर बन चुके एक अफसर को सीआईडी की जांच में बचाने का प्रयास किया। उमेश कच्छप की बिटिया विनीता आज अपने पिता की मौत का इंसाफ मांग रही है। उच्च न्यायालय से सीबीआई जांच कराने का गुहार लगा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी इंस्पेक्टर की मौत की जांच सीबीआई से कराना आवश्यक है। आदिवासी बच्ची को न्यायालय का चक्कर लगवाना उचित नहीं है।

### हाइकोर्ट में स्वास्थ्य मंत्री के भाई समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के मामले में 10 जुलाई को पीड़िता की ओर से होगी बहस

## नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार मामले में जमशेदपुर की निचली अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक बरकरार

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में 16 याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस पूरी हो गई। अब सोमवार को मामले में पीड़िता (सूचक) की ओर से बहस होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की अगली तिथि 10 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा मामले में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक बरकरार रखी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की, वही पीड़िता की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की।

दरअसल, पीड़िता की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेप्ता और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली गई है और सभी 22 लोगों को मामले में आरोपी बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया है।



### साल 2018 का है मामला

मामला 19 जनवरी 2018 का है जहां पीड़िता ने अदालत में बयान दर्ज कराया था। उसके साथ दो दर्जन लोगों ने दुष्कर्म किया है, आरोप के बाद डीएसपी और थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया गया था लेकिन पुलिस की जांच में दोनों अफसरों को क्लीन चिट दे दी गयी थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीआईडी जांच का भी आदेश दिया था लेकिन सीआइडी ने भी इनको क्लीन चिट दे दी थी। पीड़िता की मां ने बेटी को न्याय दिलाने के लिए 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए अर्जी दी थी जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

### इडी रिमांड में पत्थर व्यवसायी कृष्णा साव ने किया खुलासा

## पंकज मिश्रा के कहने पर ही 12.60 एकड़ जमीन पर खनन कर डाला

### पंकज मिश्रा को मिलता था लाखों का कमीशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। साहिबगंज का पत्थर कारोबारी कृष्णा साव ने इडी को चौंकानेवाला खुलासा किया है। कृष्णा साव ने कहा कि उसने पंकज मिश्रा के इशारे पर माइनिंग लीज की 6.13 एकड़ की जगह 12.60 एकड़ जमीन पर खनन कर डाला। खनन में पंकज मिश्रा को बैंक खाते और नकदी में कमीशन के तौर पर लाखों रुपये दिए जाते थे। अदालत में दी गई रिमांड पीटिशन में कृष्णा साव ने कबूल किया कि साहिबगंज में पत्थर कारोबार करने के बदले पंकज मिश्रा ने नकद 25-30 लाख रुपये कमीशन के तौर पर लिये थे। ऐसे में इडी ने कृष्णा कुमार साव को भी पीएमएलए 2002 की धारा 3 के तहत आरोपी बनाया है।

**आवंटित लीज से दोगुने क्षेत्र में अवैध खनन** : इडी ने कृष्णा कुमार साव के लीज एरिया का सर्वे भी किया था। सर्वे जांच में इडी ने पाया था कि साव को मौजा चपांडे, अंचल पतना के प्लाट नंबर 44, 45, 47 व 52 में कुल रकबा 6.13 एकड़ जमीन की माइनिंग का लीज मिली थी लेकिन इडी ने जब सर्वे की तब पाया कि माइनिंग लीज के दोगुना क्षेत्र में कृष्णा कुमार साव के द्वारा कुल 12.60 एकड़ क्षेत्र में खनन कर डाला है।

साहिबगंज निवासी अरशद नसर ने एनजीटी में अवैध खनन की शिकायत की थी। एनजीटी ने जांच में पाया कि साहिबगंज में अलग अलग लोगों पर अवैध खनन से जुड़े 125 प्राथमिकी दर्ज हैं।

### गोसेवा आयोग की पहली बैठक में गौ संरक्षक एवं संवर्द्धक को लेकर लिये गये कई निर्णय

# झारखंड में गोसेवा आयोग की पहचान गौ संरक्षक और गौ संवर्द्धक राज्य के रूप में हो : राजीव रंजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड के निबंधित गौशाला संचालन समिति के पदाधिकारियों एवं झारखंड प्रादेशिक गौशाला संघ के पदाधिकारियों की पहली बैठक पशुपालन निदेशालय हटिया के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई। बैठक में गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### गोशाला को आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकता



बैठक में गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि गो सेवा आयोग की पहचान अब सिर्फ अनुदान देने वाले संस्था के रूप में नहीं रहेगी। राज्य सरकार का स्पष्ट सोच है कि इस राज्य की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर गौ संरक्षक एवं गौ संवर्द्धक राज्य के रूप में हो। इसलिए लंबे समय के बाद राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विभागीय मंत्री बादल की पहल पर पूर्णकालिक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि गौशाला आत्मनिर्भर बने यह हमारी प्राथमिकता है। आयोग की भूमिका गो वंश की सेवा में लगे गौशाला और सरकार की योजनाओं के मध्य समन्वयक के रूप में होगी।

राजीव रंजन ने कहा कि बैठक में बहुत अच्छे और महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं जैसे वर्तमान में अनुदान को लेकर मौजूदा प्रावधानों की जटिलता एवं इनके सरलीकरण को लेकर आग्रह। इसपर आयोग निश्चित रूप से सरकार के साथ समन्वय बना कर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आयोग देश के कई राज्यों में चलने वाली योजनाओं का भी अध्ययन कर रहा है। जिससे झारखंड में नयी योजना तैयार कर गौशाला को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बैठक में प्रतिनिधियों ने आग्रह किया कि गौशाला को दान में मिली भूमि को संरक्षित रख अतिक्रमण और भू माफियाओं से बचाया जाए। आयोग सरकार से वार्ता कर उन्हें प्रतिबंधित सूची में डलवाने की पहल भी करेगा साथ ही आयोग पहले ही सभी जिलों के उपायुक्तों को गोचर भूमि की अद्यतन स्थिति की जानकारी के संबंध में पत्र लिखा है ताकि आने वाले दिनों में गौवंश की रक्षा के निमित्त गौ अभ्यारण्य, पशु मुक्तिधाम जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। गौ उत्पादित वस्तुओं (बर्मी कंपोस्ट खाद) की सरकारी स्तर पर सीधी खरीदी के लिए भी सरकार से वार्ता की जायेगी।

बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि हमारी नियुक्ति जिस सोच को लेकर हुई है हम उसपर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। बहुत जल्द गौशाला के भौतिक निरीक्षण के लिए जिला भ्रमण का कार्यक्रम होगा ताकि अ समस्याओं को जानकर उसका निदान किया जा सके।

बैठक में डॉ मनोज, डॉ अपर्णा पांडे, ताराचंद जैन, प्रदीप राजगाड़िया, मुकेश काबरा, जितेंद्र पाठक, कमलेश, कथम चरण प्रधान, महेश गोयल, रविशंकर, ओमप्रकाश राम, रतन महर्षि, नागचंद जैन, सुशील सिंह, गंगाधर शास्त्री, जितेंन्द्र पाठक, दीपक पोद्दार, महेश गोयल, राजीव कुमार, कमलेश कुमार, प्रवीण लोहिया, दीपक अग्रवाल, महेश बंसल, कुंदन कुमार मौजूद थे।

# लगायी गयीं कुर्सियों की गुणवत्ता और काम पर उठ रहे सवाल



फोटो : सुधीर

**डेड एसेट्स :** नगर निगम की ओर से ढाई माह पूर्व पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी मैदान में लोगों के बैठने के लिए लगायी गयीं कुर्सियों की स्थिति को देखकर आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि इसमें घोटाला ही घोटाला है।

# ओड़िशा व बंगाल के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण मॉनसून रहेगा सक्रिय, हो रही छिटपुट बारिश

**मौसम पूर्वानुमान**

**अगले एक सप्ताह तक राज्य में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे राज्य में पिछले दो दिनों से मॉनसून का असर देखा जा रहा है। रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इसके बाद भी मॉनसून राज्य में कमजोर स्थिति में है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक बारिश की कमी का असर खेती पर दिखेगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक रांची समेत कुछ जगहों पर बारिश हुई।

**साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से छाए बादल :** मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र और ओड़िशा के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन कायम है। इसके प्रभाव से राज्य में बादल छाए हुए हैं। हल्की बारिश की वजह भी यही है। अगले 24 घंटों के दौरान भी पूरे राज्य में बारिश होने का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मानसून अभी सक्रिय रहेगा। राज्य के दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। पूरे राज्य में एक जून से अब तक 148.3 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य रूप से इस अवधि में 246.2 मिमी होती है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अभिषेक आनंद के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान जमकर वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है, यही वर्षा खेती के लिहाज से अच्छी होगी और खरीफ फसलों को लाभ मिलेगा। शनिवार को राज्य के कई हिस्सों में वर्षा होगी।

# घंटों बिजली की कटौती से परेशान हैं राजधानीवासी

**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** राजधानी में बारिश के दौरान लोकल फॉल्ट की समस्या भी बढ़ गयी है। लोकल फॉल्ट के कारण बगैर किसी सूचना के बिजली कटने की समस्या भी बढ़ गयी है। भले ही राजधानी में अभी बारिश रूक रूक के आ रही है। इसके बाद भी थोड़े देर की बारिश लोगों को बिजली के लिये रूला रही है। पिछले कुछ दिनों की बात करें तो, राजधानी में जगह जगह ट्रांसफॉर्मर से लेकर लाइन में खराबी हुई। इसमें मुख्य रूप से कांटा टोली से लेकर हीनू तक बिजली की समस्या प्रमुख है। वहीं, रातु रोड से लेकर पिस्का मोड़ और तुपूदाना क्षेत्र में। जिन इलाकों में ओवर ब्रिज का निमार्ण जारी है, वहां ये समस्या अधिक है। जिससे इन इलाकों में छह से सात घंटे तक की बिजली कटौती हो रही है।

पिछले दिनों की बात करें तो बहुबाजार में पोल निमार्ण के लिये लाइन डिसकनेक्ट किया गया। इस दौरान चुटिया फीडर को भी बंद किया गया। लेकिन तेज बारिश होने के कारण कार्य प्रभावित हुआ और इस कारण बड़े इलाके में घंटों बिजली बंद रखनी पड़ी।

दूसरी ओर डोरंडा में लोकल फॉल्ट के कारण करीब नौ घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। यहां ट्रांसफार्मर के फ्यूज क्वॉयल की शिकायत थी। जो सुबह 10.45 बजे से जारी रही। मरम्मत कार्य शाम सात बजे हो पायी। इस दौरान तुलसी चौक, गुलमोहर स्ट्रीट में बिजली बाधित रही। कोकर बाजार इलाके में भी सुबह लोकल फॉल्ट नहीं होने के बावजूद दो घंटे बिजली बंद रही।

# राजेंद्र चौक से मेकॉन तक यातायात डायवर्ट

- फ्लाईओवर निर्माण को लेकर बदला गया रूट
- आठ जुलाई से 17 जुलाई तक के लिए रूट डायवर्ट

**रांची।** शहर में सिरमटोली- राजेंद्र चौक-मेकॉन चौक के बीच निमार्णाधीन फ्लाईओवर एलिवेटेड रोड सह आरओबी के कार्य को देखते हुए रूट डायवर्ट किया गया है। निर्माणाधीन कंपनी के अनुरोध पर देवेंद्र मांझी चौक से मेकॉन चौक के बीच पहले चरण में 17 जुलाई तक रूट डायवर्ट किया गया है। मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक की तरफ आने वाले वाहनों का रूट मेकॉन चौक से राजेंद्र चौक की ओर जाने वाले वाहन पुराना हाईकोर्ट-अंबेडकर चौक-कमांडेंट आवास होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। कडरू ओवरब्रिज से देवेंद्र मांझी चौक आने वाले वाहन राजेंद्र चौक होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। निर्माणाधीन कंपनी के अनुरोध में ट्रैफिक एसपी ने आदेश जारी किया है।

## सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन ने रिम्स में जख्मी से की मुलाकात, कहा- रंगदारी का मामला

# कोयला कारोबारी को मारी गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में अपराधियों का दुस्साहस दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही चला जा रहा है। रांची के सुखदेव नगर एरिया में गोली मारकर युवक की हत्या के ठीक दो दिन बाद अपराधियों ने अब पुंदाग एरिया में कोयला कारोबारी रंजीत को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली रंजीत के कमर के नीचे जांघ में लगी है। वह मूल रूप से चतरा का रहनेवाला है। रांची में रहकर वह कोयला का कारोबार करता है। जख्मी रंजीत को पहले निजी अस्पताल आर्किड ले जाया गया था, लेकिन वहां के प्रबंधन ने रिम्स ले जाने के लिए कह दिया। इसकी वजह से घायल को निजी अस्पताल के गेट से ही रिम्स ले जाया गया।



### ये है पूरा मामला

गोलीबारी की घटना को लेकर बताया जा रहा है कि हर दिन की तरह शुक्रवार को भी रंजीत ऑफिस जा रहा था, इसी दौरान घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में रंजीत को कमर से नीचे दो गोलियां लगी है। आसपास के लोगों के द्वारा शोर मचाने पर अपराधी मौके से फरार हो गए। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से घायल रंजीत को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। निजी अस्पताल में शुरूआती इलाज के बाद रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी :** मामले की जानकारी मिलते ही हटिया डीएसपी राजा मित्रा, अरगोड़ा थाना प्रभारी ब्रज कुमार, पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश किया। रंजीत के होश में आने के बाद उसका भी बयान भी लिया जाएगा ताकि यह जानकारी मिल सके कि आखिरकार इस घटना को अंजाम किन वजहों से दिया गया। पुराने अरगोड़ा चौक के पास कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं कारोबार की वजह से रंजीत पर हमला तो नहीं हुआ है।

**सीसीटीवी में कैद पूरी वारदात :** सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन ने बताया कि रांची में रंजीत नामक शख्स को गोली मारी गई है। सीसीटीवी में पूरा घटनाक्रम कैद हुआ है। फुटेज में दो लोग फायरिंग करते दिख रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस कांड का खुलासा हो जाएगा। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह जानकारी मिली है कि अपराधी नयासराय की तरफ से अरगोड़ा चौक की तरफ आ रहे थे उसी दौरान उन्होंने फायरिंग की।

**तीन दिन में दूसरी घटना :** राजधानी रांची में तीन दिनों के भीतर गोलीबारी की यह दूसरी घटना है। गौरतलब हो कि दो दिन पहले ही रांची के जानेमाने बिल्डर रहे स्वर्गीय कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की सरेआम गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में शामिल कोई भी अपराधी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है वहीं तब तक अपराधियों ने एक और घटना को अंजाम दे दिया है।

# विश्वविद्यालय निरीक्षक पहुंचे डीएसपीएमयू, आधारभूत संरचना और शैक्षणिक गतिविधियों का लिया जायजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजभवन सचिवालय से शुक्रवार को विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय पहुंचे और विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी, विभिन्न संकायों के डीन, प्रॉक्टर, परीक्षा नियंत्रक के अलावा विभिन्न संकाय के शिक्षकों के साथ संवाद कर विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना और अकादमिक स्थिति का जायजा लिया। विश्वविद्यालय निरीक्षक संजीव राय ने विश्वविद्यालय में शोध कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान को श्रेष्ठता की ओर ले जाने का प्रयास किया जाना चाहिए ताकि नैक ग्रेडिंग में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग प्राप्त हो सके। उन्होंने विश्वविद्यालय को देश के अन्य लब्ध प्रतिष्ठित संस्थाओं से एमओयू करने पर बल दिया, ताकि उनकी गुणवत्ता और विश्वविद्यालय के सामंजस्य से नई उपलब्धियों को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने आपसी संवाद के क्रम में विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित किए जाने वाले विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्लेसमेंट मुहैया कराए जाने पर विशेष जोर देने पर बल दिया। उन्होंने पुस्तकालय और प्रगोगशाला को किसी भी शैक्षणिक संस्थान का महत्वपूर्ण हिस्सा होने की बात कहकर इसे विकसित करने पर बल दिया।

वहीं कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि शिक्षकों की सीमित संख्या के बावजूद विश्वविद्यालय क्रमिक तौर पर विकास की ओर उन्मुख है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य कई सरकारी शैक्षणिक योजनाओं के सहयोग से विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना को एक नई दिशा मिलेगी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय गुणवत्ता और विद्यार्थियों के हित से कोई समझौता नहीं करेगा। कुलपति ने कहा कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं को आधुनिक और विद्यार्थियों के लिए हितकारी बनाया जाएगा। इस बैठक में विभिन्न संकायों के शिक्षकों ने भी विश्वविद्यालय निरीक्षक के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संवाद कर अपने विचारो को साझा किया। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी

# विद्यार्थियों संग तीखी नोकझोंक के बाद वीसी ने कम किया परीक्षा शुल्क




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीएसपीएमयू के छात्रों के साथ तीखी नोकझोंक के बाद विश्वविद्यालय के वीसी ने परीक्षा शुल्क को कम कर दिया।

मालूम हो कि झारखंड छात्र दल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड छात्र दल के प्रभारी ऋषभ कुमार और अध्यक्ष बबलू महतो ने परीक्षा विभाग के द्वारा परीक्षा शुल्क में की गई बढ़ोतरी के विरुद्ध अपनी बात रखी और छात्रों के हित में उसे कम करने की मांग की। इस बीच कुलपति और छात्रों के बीच थोड़ी बहुत नोकझोंक की स्थिति भी उत्पन्न हो गई, लेकिन प्रबंधन के द्वारा छात्रों की मांग को मानते हुए स्नातक परीक्षा शुल्क में 200 एवं स्नातकोत्तर परीक्षा शुल्क में 300 की कमी की गई।

मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष पंकज महतो, कमलेश महतो, दीप रजक, प्रणव, अभय, रवि राज पटेल, अमृत मुंडा, वसीम अंसारी, झिलिक, श्लोक, लावण्या, मोहित सिन्हा, ज्योति कुमारी, विवेक कुमार आदि उपस्थित थे।

# राज्य के 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में पद सृजन का संकल्प जारी, होगी नियुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य सरकार के 189 उत्क्रमित मध्यमिक विद्यालयों में पद सृजन की मंजूरी के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने संकल्प जारी कर दिया। प्रधानाध्यापक सहित हर विद्यालय के लिए 11 पदों का सृजन किया गया है। विभाग ने कई तरह की शर्तें भी लगाई है। जारी संकल्प में कहा गया है कि राज्य में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत वित्त वर्ष 2016-17 के लिए 189 मध्य विद्यालयों को माध्यमिक (उच्च) विद्यालयों में उत्क्रमण की स्वीकृति 13 अक्टूबर, 2016 को दी गई। संकल्प के अनुसार विद्यालयों के उत्क्रमण के फलस्वरूप राज्य सरकार के मानक मंडल के अनुरूप 1 प्रधानाध्यापक, 11 सहायक शिक्षक, 1 लिपिक और 2 आदेशपाल का पद सृजित होंगे। वर्तमान वित्त वर्ष में उत्क्रमण की स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य के साथ-साथ पद सृजन की कार्रवाई कर रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई की जायेगी।

**पदवर्ग समिति ने की अनुशंसा :** उक्त संकल्प के आलोक में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक मंडल (सभी स्तर के 15 पद) के अनुरूप प्रशासी पदवर्ग समिति के विचार के लिए संलेख के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने पर प्रशासी पदवर्ग समिति ने 27 जून, 2019 की बैठक में प्रशासी विभाग सभी स्तर पर अनुपयोगी पदों के संबंध में समीक्षा करें।

**समिति का गठन किया गया :** प्रशासी पदवर्ग समिति की उक्त अनुशंसा के आलोक में राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में वर्तमान सृजित पदों में से अनुपयोगी पद और वर्तमान सृजित पदों के पुनर्गठन अथवा अतिरिक्त पदों के सृजन की आवश्यकता के संबंध में समीक्षा कर प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए निदेशक माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई। समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन एवं अन्य राज्यों में इसके लिए निर्धारित पदों के संदर्भ में समीक्ष के बाद राज्य के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में विद्यालयवार शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों का पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है।

**मानक पर पदों का आकलन :** मानक के अनुसार ही भविष्य में उत्क्रमित होने वाले विद्यालयों में पद सृजन की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही, झारखंड गठन के बाद उत्क्रमित सभी विद्यालयों में उक्त मानक के आधार पर पदों का आकलन कर उसके अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति/पदस्थापन की कार्रवाई भविष्य में की जा सकेगी।

## गिरफ्तार तीन सहयोगियों के विरुद्ध दो बार दाखिल हो चुका है चार्जशीट

# टीपीसी का रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू उर्फ नेता जी एनआइए में है भगोड़ा घोषित

**कुबेर सिंह**

**रांची।** चतरा और पलामू जिले के अनगड़ा एरिया में शुक्रवार को टीपीसी उग्रवादियों व पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई। पुलिस ने उसके ठिकानों से कई विस्फोटक बरामद किया है। बताया गया है कि जिस दस्ते से मुठभेड़ हुई, उसके रीजनल कमांडर आक्रमण गंझू है। मालूम हो कि रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू उर्फ नेता जी उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ राम विनायक सिंह भोक्ता उर्फ विनायक सिंह भोक्ता, गांव मनातू, चतरा, झारखंड को एनआइए ने भगोड़ा कर करार दिया है। आक्रमण समेत अन्य तीन नक्सलियों को एनआइए ने भगोड़ा घोषित किया है। आक्रमण व उसके दस्ते पर आम्रपाली व मगध कोलियरी प्रोजेक्ट से टेरर फंडिंग के मामले में एनआइए जांच कर रही है। जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के छह उग्रवादियों पर द्वितीय पूरक चार्जशीट दाखिल किया है। इन छह उग्रवादियों में एनआइए के हाथों तीन गिरफ्तार हैं, जबकि तीन भगोड़ा घोषित किए जा चुके हैं। इनपर आतंक कायम कर लेवी-रंगदारी से अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा है।

**एनआइए ने जिनपर दाखिल की चार्जशीट**

गिरफ्तार टीपीसी के उग्रवादी

- कमलेश गंझू (35), गांव टिकुलिया, चतरा, झारखंड।
- करमपाल गंझू उर्फ अनुज गंझू उर्फ अनीश जी उर्फ दानवीर गंझू (28), गांव हदियाखुर्द, चतरा, झारखंड।
- अमर सिंह भोक्ता उर्फ लक्ष्मण गंझू उर्फ ललनजी उर्फ कोहराम जी उर्फ इब्राहिम जी उर्फ अमर गंझू (37), गांव नावाडीह, चतरा, झारखंड।

**भगोड़े टीपीसी उग्रवादी, जिनपर चार्जशीट**

- गोपाल सिंह भोक्ता उर्फ ब्रजेश गंझू उर्फ सरदार जी, गांव लप्तू सहावन, झारखंड।
- मुकेश गंझू उर्फ मुनेश्वर गंझू, गांव कुटील, चतरा, झारखंड।
- आक्रमण जी उर्फ नेता जी उर्फ रवींद्र गंझू उर्फ राम विनायक सिंह भोक्ता उर्फ विनायक सिंह भोक्ता, गांव मनातू, चतरा, झारखंड।

गौरतलब हो कि एनआइए ने टीपीसी कमांडर कमलेश गंझू व अन्य के विरुद्ध भारी मात्रा में नकदी व हथियार की बरामदगी के मामले में गत वर्ष 09 जुलाई 2018 को प्राथमिकी दर्ज की थी। तब कमलेश गंझू के घर में एनआइए ने छापेमारी की थी, जहां से 36 लाख 14 हजार रुपये नकद, एक नाइन एमएम की पिस्टल, एक एके-47 रायफल, दो मैगजीन व 152 कारतूस के अलावा नक्सली साहित्य मिले थे।

एनआइए के अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया है कि गिरफ्तार कमलेश गंझू व करमपाल गंझू टीपीसी के सक्रिय सदस्य हैं। दोनों ही आरोपित टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू, रिजनल कमांडर मुकेश गंझू, कोहराम व आक्रमण के साथ आपराधिक साजिश में शामिल हुए। हथियार का भय दिखाकर लोगों के आतंक कायम किया, परियोजनाओं के ठेकेदारों को धमकाकर लेवी-रंगदारी वसूली और उस रुपये से आतंकी गतिविधियों का संचालन किया। चार्जशीट में एनआइए ने तर्क दिया है कि टीपीसी झारखंड में प्रतिबंधित संगठन है। इसके अधिकतर सदस्य पूर्व में सीपीआइ माओवादियों से जुड़े रहे हैं। जिन फरार तीन उग्रवादियों पर भी चार्जशीट दाखिल किया गया है, उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध एनआइए का अनुसंधान जारी है।

## रांची घर के बाहर जुटे फैंस, अपने-अपने तरीके से किया सेलिब्रेट

# खेल ही नहीं, खेत और बिजनेस के पिच पर भी खूब चौके-छक्के लगा रहे माही

**खबर मन्त्र टीम**



**रांची।** महेंद्र सिंह धोनी सिर्फ क्रिकेट के मैदान पर चौके-छक्के लगाने के माहिर नहीं बल्कि बिजनेस के पिच पर भी बड़े स्कोर खड़ा कर रहे हैं। धोनी कड़कनाथ मुर्गे से लेकर फल-सब्जी तक बेचते हैं। धोनी रांची स्थित अपने फार्म हाउस में खेती करते हैं। धोनी का फार्म हाउस 43 एकड़ में फैला है। जिसमें वो फल और सब्जियों की जैविक खेती करते हैं। बेशक, महेंद्र सिंह धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं फिर भी उनके चाहने वालों की संख्या में कोई कमी नहीं है। शुक्रवार को उनके 42वें जन्मदिन पर सिमलिया स्थिल फार्म हाउस के मेन गेट पर बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और धोनी का जन्मदिन सेलिब्रेट किया। सभी धोनी की झलक पाने को बेकरार थे। किसी ने उनकी पेंटिंग बना रखी थी तो कोई हाथ में केक लेकर आया था। एक फैंस ने कहा कि वह हर साल 7 जुलाई को धोनी के फार्म हाउस के गेट पर पहुंचते हैं। एक फैंस ने बताया कि जब धोनी हरमू स्थित आवास में रहते थे तो जन्मदिन पर बालकोनी में आ जाया करते थे। एक फैंस ने उनके घर के बाहर एक घंटे में उनकी शानदार पेंटिग बना डाली। धनबाद से आए कुंदन कुमार राज ने बताया कि सचिन तेंदुलकर के बाद धोनी ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित किया। वह धोनी के नाम से एक क्लब भी चलाते हैं। इस दौरान युवाओं ने हैपी बर्थ डे धोनी कहकर बधाई दी। उनके फार्म हाउस के मेन गेट पर सेल्फी लेने वालों की होड़ मची रही।

रांची में महेंद्र सिंह धोनी को चाहने वाले उन्हें माही कहकर पुकारते हैं। वह बाइक के शौकीन हैं। अकसर रांची की सड़कों पर एक से बढ़कर एक बेहतरीन बाइक चलाकर युवाओं को आकर्षित करते हैं। आपको बता दें कि इस बार के आईपीएल में धोनी के नेतृत्व वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने खिताब जीता है। वह भारत के इकलौते ऐसे क्रिकेटर हैं जिनके नेतृत्व में टीम ने टी-20 और वनडे वर्ल्ड कप के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी जीता है।

# नियोनेटोलॉजी सुविधा के विस्तार से बच रही बच्चों की जिंदगी : डॉ राजेश

## रांची में अब विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध, रोटरी हॉल में नियोनेटोलॉजी विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में रोटरी हॉल रांची में नियोनेटोलॉजी विषय पर शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ राजेश कुमार ने नियोनेटोलॉजी की चुनौतियां एवं इसकी हालिया प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि समय पूर्व प्रसव के मामले में बच्चे को कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ता है। इसमें सांस लेने में दिक्कत, वजन का काफी कम होना, पीलिया, असामान्य शारीरिक तापमान, कार्डियेक अरेस्ट प्रमुख है।

उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के लिए गहन देखभाल यूनिट की जरूरत होती है। जन्म के बाद ऐसे बच्चों को बचाने को लिए पहले रांची जैसे शहर में सुविधाएं काफी कम थीं। बच्चों को कोलकाता, मुंबई जैसे शहरों में भेजना होता था। यह बहुत खचीर्ला भी होता था। तब बच्चों के बच पाने का प्रतिशत बमुश्किल 50 के आसपास था। लेकिन, अब रांची शहर के कई अस्पतालों में नियोनेटोलॉजी से संबंधित विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस कारण आज करीब 80 प्रतिशत ऐसे बच्चों को बचा पाने में सफलता मिल रही है।

डॉ कुमार ने कहा कि गरीब परिवार के मामले में ऐसे केस सबसे ज्यादा पाये जाते हैं। क्योंकि, महिला को गर्भावस्था के दौरान सभी जरूरी टीके नहीं लग पाते हैं। उन्हें उचित पोषण की भी कमी हो जाती है। नियोनेटोलॉजी के केस में ऐसे परिवार के ज्यादातर बच्चे का इलाज कराने में उनके अभिभावक सक्षम नहीं हो पाने के कारण पीछे हट जाते थे।

डॉ कुमार ने बताया कि वर्तमान में राज्य सरकार मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता दे रही है। योजना का लाभ लेने के लिए माता-पिता के नाम से राशन कार्ड एवं बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।




राज हॉस्पिटल के सीइओ जोगेश गंभीर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से चिकित्सा क्षेत्र में नयी तकनीक, सुविधाओं और ज्ञान से लोग अपडेट होते हैं। नियोनेटोलॉजी के मामले में अब ज्यादा से ज्यादा बच्चों को बचा पाने और उसे सामान्य जीवन देने की संभावनाएं कहीं अधिक बढ़ गयी है।

प्रसिद्ध चिकित्सक व क्लब के अध्यक्ष डॉ विनय ढानढनिया ने कहा कि नवजात शिशुओं की मृत्य दर को कम करने के लिए जिन सुविधाओं की जरूरत है, वह शहर में उपलब्ध हो रही है। मृत्य दर को कम करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

देवकमल हॉस्पिटल के सीइओ व क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ अनंत सिन्हा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र की नवीन जानकारियों को साझा कर हम नियोनेटोलॉजी के मामलों में और सुधार कर सकते हैं। अन्य चिकित्सा विषयों पर भी इस तरह के पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाता रहेगा। धन्यवाद ज्ञापन कर्नल यूआर राज ने किया ।

इससे पहले, सेमिनार का उद्घाटन मुख्य वक्ता रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल रांची के सीइओ प्रसिद्ध नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ राजेश कुमार, रोटरी के पूर्व गवर्नर व राज हॉस्पिटल रांची के सीइओ जोगेश गंभीर, प्रसिद्ध चिकित्सक व क्लब के अध्यक्ष डॉ विनय ढानढनिया, देवकमल हॉस्पिटल के सीइओ व क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ अनंत सिन्हा, मानंद सचिव ललित त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

### दिल में सुराख वाले बच्चों का कोच्चि में होगा नि:शुल्क ऑपरेशन

**रोटरी क्लब** रांची और रोटरी मिड टाउन रांची के संयुक्त प्रयास के तहत क्लब द्वारा गिफ्ट ऑफ लाइफ योजना की शुरुआत की गयी है। इसके अंतर्गत वैसे बच्चे जिनके दिल में सुराख है, उनका ऑपरेशन कोच्चि स्थित अमृता इंस्टीट्यूट अस्पताल में कराया जायेगा। पूरी प्रक्रिया नि:शुल्क होगी। क्लब के पदाधिकारियों ने ऐसे बच्चों के अभिभावकों से क्लब से संपर्क करने की अपील की है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने आर्मी पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने शुक्रवार को दिन में 10:30 बजे आर्मी पब्लिक स्कूल बूटी मोड़ में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छायादार वृक्ष के कई पौधे लगाये गये। आज के कार्यक्रम संयोजक रोहित सरावगी एवं रितेश चौधरी थे।

मौके पर प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने छात्रों को बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव बड़े उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने, प्रदूषण को कम करने एवं वर्षा को बढ़ावा देने के लिए पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि मंच परिवार ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर करता रहेगा, जिससे कि प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सके एवं सही मात्रा में हमें ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्य श्रीमती कविता वर्मा, श्रीमती निशा वर्मा, साबिर हुसैन एवं मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व अध्यक्ष दीपक गोयनका, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, रोहित सरावगी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, रितेश चौधरी, राजेश अग्रवाल, सुदीप राजगढ़िया, अरुण पोद्दार एवं स्कूल के बच्चों ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### प्रधानाचार्य ने ग्लोबल वार्मिंग रोकने व प्रदूषण कम करने को विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित



# सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता आज से

**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के एक्वेटिक स्टेडियम में शनिवार से दो दिवसीय 13वीं जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिका झारखंड तैराकी प्रतियोगिता शुरू हो रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्चित आनंद, उपाध्यक्ष (झारखंड ओलंपिक संघ) एवं गिरीश कुमार राठौर,उएड, खररढर के द्वारा किया जाएगा । दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 250 से ज्यादा तैराकों के भाग लेने की संभावना है जो विभिन्न स्पधाओं में पदक जीतने के लिए मशक्कत करेंगे। लगभग 40 तकनीकी पदाधिकारी प्रतियोगिता के संचालन में अपनी भूमिका निभाएंगे। उद्घाटन के अवसर पर जानी मानी एथलीट पुष्पा हंसा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। उक्त जानकारी झारखंड तैराकी संघ के सचिव उपेंद्र तिवारी ने दी।

# बालाजी मंदिर में हुई महाकुंभ स्थापना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बालाजी मंदिर के त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव सह कल्याणोत्सव के पहले दिन सायं महाकुंभ स्थापना एवं यजमान संकल्पम का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भगवदाराधन और विश्वकषेन अराधना के बाद आचार्य वर्णम और रक्षासूत्र प्रतिष्ठा आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जगत नियंता भगवान श्रीवेंकटेश्वर का जगतजननी महालक्ष्मी के साथ माता श्रीभूदेवी का रक्षा-बंधन किया।

इसके बाद श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज, मुख्य अर्चक श्रीवत्स भप्तर का रक्षा-बंधन हुआ। भगवान के कल्याणोत्सव के मुख्य यजमान रामअवतार, शारदा नारसरिया, रमेश-शशि धरनीधरका और श्री प्रदीप, मधु गाड़ोदिया कलकत्ता निवासी का सपरिवार रक्षा-सूत्र बंधन हुआ। इसके बाद कल्याणोत्सव के सभी यजमानों का रक्षा-सूत्र बंधन हुआ। भगवान की नित्य आराधाना हुई और अंत में शयन . आरती के साथ आज के अनुष्ठान को संपन्न किया। उपस्थित भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ।



इसके पहले प्रातः ब्रश मुहुर्त में भगवान का विश्वरूप दर्शन हुआ।श्रीश्रीदेवी और श्रीभूदेवी सहित भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का शास्त्रोक्त विधि से महाभिषेक सम्पन्न हुआ। दूध, दही, शहद, नारियल पानी, हल्दी, चंदन और गंगाजल से वेदों के मंत्रोचारण के बीच भगवान का अभिषेक हुआ। भगवान की नक्षत्र आरती, कुंभ आरती और कर्पूर आरती उतारी गई। भगवान को अष्टोत्तर पुष्प अर्चना तथा महालक्ष्मी श्रीश्रीदेवी की अष्टोत्तर कुमकुम अर्चना की गई। भोग निवेदन करके उपस्थित भक्तों में वितरण किया गया।

# मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया वन महोत्सव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल जाहेर, ब्रांबे, रांची में शुक्रवार को वन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सभी छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षकों में हेमा झा, ज्योति हेला, शोभा, ज्योत्स्ना झा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ रोमी झा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सबके सहयोग की सराहना की।

# आइपीएम पर किसान गोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची के कांके रोड स्थित कार्यालय परिसर में शुक्रवार को किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यालय प्रभारी वनस्पति संरक्षण अधिकारी प्रीति कुमारी नाशीजीव के प्रबंधन में आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित किया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी प्यारी सांगा ने किसानों को बीजोपचार के विषय जानकारी दी तथा प्रदर्शन कर दिखाया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी प्रियंका साहा मालाकार द्वारा सब्जियों में फल छेदक मक्खी के प्रबंधन के विषय बताया। किसानों ने अपनी कीट व्याधि समस्याओं का निदान पाया। किसानों ने कार्यक्रम में बहुत रुचि दिखायी। मौके पर कनीय पौध संरक्षण अधिकारी कालेन खलखो और कार्यालय के सभी कर्मचारीगण मौजूद थे।

# टाइटन ने रांची के हरमू रोड में खोला झारखंड का पहला कांबो रिटेल स्टोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देश की सबसे बड़ी घड़ी विक्रेता कंपनी टाइटन ने रांची शहर के हरमू रोड में शुक्रवार को अपने नये कांबो रिटेल स्टोर का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन विशिष्ट अतिथि टाइटन कंपनी लिमिटेड के रीजनल बिजनेस हेड (ईस्ट) सोमप्रभ सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह अनूठे रूप में झारखंड की संस्कृति एवं परंपरा के थीम पर आयोजित किया गया। इसमें झारखंड के आदिवासी कलाकारों ने परंपरागत नृत्य, ढोल-नगाड़ा के साथ मेहमानों का स्वागत किया।

इस मौके पर रीजनल बिजनेस हेड (ईस्ट) सोमप्रभ सिंह ने कहा- टाइटन के लिए इस नये स्टोर का उद्घाटन बेहद रोमांचित करने वाला है। यह झारखंड का पहला स्टोर होगा, जहां टाइटन वर्ल्ड, टाइटन आईप्लस एवं फास्ट्रैक कंपनी के ब्रांड्स एक साथ लाये गये हैं। हम शहर के इस क्षेत्र में अपने ग्राहकों तक शॉपिंग की आधुनिक अनुभव को पेश कर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हमारा मकसद अपने ग्राहकों तक पहुंचना है और हमने इस स्टोर को इस तरह से डिजाइन किया है कि हमारे उत्पादों और कलेक्शन को लुभावने तरीके से रखा जा सके और अनुभवी स्टोर टीम द्वारा ग्राहकों को भी बेहतरीन रिटेल अनुभव कराया जा सके। रांची के हरमू रोड में इस नये स्टोर का खुलना हम सभी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है और यह इस शहर में टाइटन के महत्व को भी रेखांकित करता है।



शोरूम संचालक सुभाष चंद्र एवं सुजीत सिंह ने बताया कि पहले से विगत आठ वर्षों से सफलापूर्वक परिचालित रातू रोड चौक, हरमू रोड स्थित टाइटन वर्ल्ड स्टोर को स्थानांतरित कर इसे 800 से 2250 स्क्वायर फीट के भव्य रूप में पेश किया गया है, जिसमें अब टाइटन आईप्लस एवं फास्ट्रैक को भी जोड़ दिया गया है।

अब इस नये टाइटन वर्ल्ड शोरूम में टाइटन की बेशकीमती कलेक्शन नेबुला पेश किया गया है, जो 18 कैरेट सोने की बनी होती है। इसके अलावे, टाइटन की रागा, एज, रेगालिया, बंधन, पर्पल, टाइटन स्मार्ट आदि अत्याधुनिक घड़ियों का कलेक्शन इकोनॉमी सोनाटा घड़ियां, बच्चों के लिए जूप घड़ियां एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय घड़ियां जैसे टॉमी हिल्फिगर, पोलिस, केनेथ कॉल, अन्ने क्लेन, जाइलास, जैसी स्टाइलिश घड़ियों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। यह स्टोर वॉच केयर सेंटर युक्त होगी, जहां पर कंपनी ट्रेंड टेक्नीशियन द्वारा घड़ियों की मरम्मत की जायेगी। टाइटन आईप्लस पर विश्वस्तरीय लैंसेज, कांटेक्ट लैंसेज, फैशनेबल फ्रेम्स और स्टाइलिश धूप के चश्मे का विस्तृत चयन उपलब्ध रहेगा, जो विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की पसंद और व्यक्तित्व के अनुरूप होगा। टाइटन, फास्ट्रैक और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों की व्यापक रेंज के साथ, टाइटन आईप्लस में बच्चों, किशोरों, पुरुषों और महिलाओं सहित आईवियर के नवीनतम रुझानों में से हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। ब्रांड नवोन्मेषी उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करता है, जो कोविड महामारी के बाद के युग में ग्राहकों के लिए प्रासंगिक है। इनमें एंटी-वायरल फ्रेम्स और एंटी-फॉग लेंस आदि शामिल हैं। इस स्टोर मे मुफ्त आंख जांच की विशेष सुविधा कंपनी ट्रेंड ऑप्टोमैट्रिस्ट द्वारा उपलब्ध होगी। यूथ ब्रांड फास्ट्रैक की मौजूदगी भी इस स्टोर में रहेगी, जहां फैशनेबल एवं ट्रेंडी फास्ट्रैक की एनलॉग घड़ियां, स्टाइलिश स्मार्ट वॉचेज के कई आकर्षक रेंज, लेडीज बेग्स, पर्स, परफ़्यूम्स, ईयर ट्यून्स इत्यादि युवा फैशन से जुड़े उत्पाद उपलब्ध होगी। इस मौके पर कंपनी के रीजनल बिजनेस मैनेजर जयकिशन मेहता एवं अमित सिंह, विशाल गुप्ता, कीर्ति रोशन, सुश्री सोम दत्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। स्टोर मैनेजर आदर्श केरकेट्टा, बबन चौधरी, राहुल गुप्ता एवं अन्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जेडआरयूसीसी साउथ ईस्टर्न रेलवे के सदस्य बने परमेश्वर चौधरी



**रांची।** रांची रेल मंडल अंतर्गत जोनल रेलवे यूजर्स कंसलटेटिव कमेटी (जेडआरयूसीसी) सदस्यों की तीसरी बैठक शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सभी जेडआरयूसीसी सदस्यों द्वारा उठाया गया। यात्री समस्याओं पर चर्चा की गई एवं उनके निराकरण पर विचार किया गया। बैठक में जेडआरयूसीसी सदस्यों के बीच एक सदस्य को जेडआरयूसीसी सदस्य दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए नामित किया जाना था परंतु दो उम्मीदवारों के नाम का प्रस्ताव आने पर चुनाव आयोजित किया गया जिसमें श्री परमेश्वर चौधरी को 8 वोट प्राप्त हुए तथा उनके विरुद्ध श्री महेंद्र जैन को 5 वोट प्राप्त हुए और चुनाव पदाधिकारी ने परमेश्वर चौधरी को विजई घोषित किया। परमेश्वर चौधरी जेड आर यू सी सी कमेटी साउथ ईस्टर्न रेलवे में रांची रेल मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम प्रदीप कुमार ने की तथा बैठक का संचालन सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने किया।

# वन संरक्षण हमारी जिम्मेदारी : डॉ नीता पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। इसमें बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पौधरोपण आदि किया।

प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने बच्चों को वन महोत्सव के महत्व को बताते हुए कहा कि वन हमारे प्राकृतिक धरोहर हैं, इसलिए उनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। हम अपने स्वार्थ के लिए वनों की लगातार कटाई कर रहे हैं। इस कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ते जा रहा है। इसलिए प्रकृति के संतुलन को बनाये रखने के लिए हमें पौधरोपण करना आवश्यक है। गतिविधियों का संयोजन कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के चीफ कोऑर्डिनेटर आशा राज की देखरेख में हुआ। इसमें विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।



# डीएवी हेहल के बच्चों ने वन संरक्षण पर लोगों को किया जागरूक

### नुक्कड़ नाटक 'वन और हम' विषय के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के विद्यार्थियों ने विद्यालय के आस-पास की कॉलोनियों में 'वन और हम' विषय पर आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। लोगों को पेड़ों का महत्त्व बताया तथा उनको काटने से होने वाले नुकसान के प्रति सजग किया। बच्चों का सन्देश था कि लोग घरों में, कार्यालयों में, स्कूलों में पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा कर जीवनदायनी बनायें।



इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि वन महोत्सव भारत में प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में वृक्षारोपण के लिये मनाया जाने वाला उत्सव है। यह पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करने वाला एक आंदोलन है। इसका सूत्रपात तत्कालीन कृषि मंत्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने किया था। वन महोत्सव के अवसर पर बच्चों ने विद्यालय परिसर में शिक्षिका अनुराधा सिंह एवं अनुपमा रानी की मदद से पौधारोपण किया।

# शियासत गर्म : कांग्रेस ने सीएम शिवराज सिंह का पुतला फूंका

## मध्यप्रदेश पेशाब कांड मामले में राजनीति गर्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** मध्यप्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता की ओर से एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले ने तुल पकड़ लिया है। शियासत काफी गरमा गयी है। कांग्रेस ने भाजपा को घेरने की मुहिम तेज कर दी है। पार्टी प्रखंड इकाई के अध्यक्ष कुशल उरांव की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने काठीटांड़ चौक पर एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ नारे लगाये गये। चुनाव में पार्टी को सबक सिखाने का संकल्प लिया गया। इससे पूर्व प्रखंड परिसर से चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। संचालन सुशांत तिर्की ने किया।



### मर्माहत है आदिवासी समाज

वक्ताओं ने कहा कि इस कांड से समाज मर्माहत और स्तब्ध है। अहंकारी भाजपाई के इस कृत से देश शर्मसार है। आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की सारी हदें पार हो गयी। पार्टी का असली चेहरा सामने आ गया है। उन्होंने झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत पार्टी सांसद और विधायकों पर जमकर भड़ास निकाले। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान पर कार्रवाई किये जाने की मांग की गयी।

### कार्यक्रम में इन्होंने लिया हिस्सा

सुखदेव उरांव, लक्ष्मी भगत, रमेश नाथ शाहदेव, सुखमनी भगत, महावीर भगत, सोमा उरांव, राजेश सिन्हा, सनी कुमार, अतुल राज, एम अंसारी, अक्लिमा खातून, कुसुम देवी, शकुंतला देवी, मंसूर आलम, सोमनाथ उरांव, ज्योति भगत, रीता भगत, मंजूर अंसारी, रुस्तम अंसारी, जसीम अंसारी, गोपाल मिश्रा, सोनू गोप, पंचम उरांव, सुदामा गोप, बिक्की उरांव, चिंता गोप, कृष्ण गोप, के अंसारी, जे अंसारी व वरुण उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थे।

## स्पीड न्यूज

### रातू : फुटकलटोली से बाइक की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली में बीती रात करीब नौ बजे अपराधियों ने असमुद्दीन अंसारी का घर के बाहर रोड किनारे खड़ी काले रंग की स्प्लेंडर मोटर साइकिल जेएच 01 सीएस 9858 की चोरी कर ली। गाड़ी हुरहुरी निवासी शमीम अंसारी के पुत्र मो रेहान अंसारी की है। वह कल शाम अपने मौसा के यहां मेहमान गया था। सवा नौ बजे जब वह बाहर निकला, तो उसके होश उड़ गये। इसके बाद काफी खोजबीन की गयी, लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### फरार अभियुक्त के घर पर लगा इश्तेहार

**पिठोरिया।** लोअर बाजार थाना कांड संख्या 115/18 के फरार प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद जमाल अंसारी उर्फ जमालुद्दीन अंसारी उर्फ भोला, पिता शेख अलीमुद्दीन उर्फ अलीमुद्दीन अंसारी, पता नीचे मोहल्ला पिठोरिया, थाना पिठोरिया जिला, रांची के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार की तामिला विधिवत की गई। इश्तेहार की तामिला सब इंस्पेक्टर पारस मणि ने कराया।

### श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को दिये खाद्यान्न

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के पूसू गांव के दो युवकों की मृत्यु कुछ दिन पूर्व एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। शुक्रवार को दोनों मृतकों सिकेंद्र मुंडा व छोटू मुंडा के श्राद्धकर्म कार्यक्रम में भाजपा के वरीय नेता कमलेश राम शामिल हुए। मौके पर उन्होंने दोनों मृतकों के परिजनों को श्राद्धकर्म के लिए खाद्यान्न तथा नगद दिया। इस अवसर पर दीपक दास, रमेश मुंडा, राजू उरांव, रूपा उरांव, राज मुंडा व अन्य उपस्थित थे।

### खलारी पुलिस ने मोबाइल सेट खोज कर लौटायी

**खलारी।** खलारी थाना में गुरुवार के दिन सप्ताहिक बाजार में मनदीप कुमार प्रजापति का मोबाईल गुम हो गया। मोबाइल गुम उओ जाने का रिपोर्ट खलारी थाना में लिखाया गया। ततपश्चात थाना के एस आई बाजो रजक ने गम मोबाईल का सर्विलांस में में डाल कर पता चला कि थाना के नजदीक ही मोबाईल है। मोबाईल का लोकेशन के आधार पर उक्त घर मे गया। उसके बाद एक अनपढ़ व्यक्ति के पास मोबाईल पाया गया। पूछताछ में बताया कि मोबाईल ज्ञान उदय विद्यालय के पास मिला। मोबाईल मिल जाने के बाद थाना के ए एसआई सहदेव महली ने जिसका मोबाईल था। उसे दे दिया गया।

### जैलेन्द्र ने श्राद्धकर्म के लिए खाद्य सामाग्री देकर सहयोग किया

**अनगड़ा।** प्रखंड के सिंदरी तोपा ग्राम निवासी सुदेश बेदिया का पिछले दिनों गंभीर बीमारी से निधन हो गया ।जानकारी मिलने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने मृतक के घर जा कर श्राद्धकर्म में सहयोग के लिए मृतक की विधवा शांति देवी को आर्थिक व खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया।साथ हीं प्रखंड विकास पदाधिकारी से विधवा को पारिवारिक लाभ एवं विधवा पेंशन देने की मांग की।

## सिकिदिरी के छह बच्चों का तैराकी प्रतियोगिता में चयन

**सिकिदिरी।** झारखंड तैराकी संघ की ओर से खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के वीर बुधु स्टेडियम में 8 और 9 जुलाई को होने वाले राज्य स्तरीय जूनियर व सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में गैर सरकारी संस्था जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी के आधा दर्जन बच्चे.बच्चियों का चयन होने पर संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि सिकिदिरी क्षेत्र तैराकी की शान है। इस क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है बच्चों को निखारने की।

## जामटोली तालाब में डूबने से महिला की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव में ठाकुर बगीचा स्थित तालाब में एक महिला की लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बेड़ो थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बेड़ो थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, एएसआई जितेंद्र कुमार यादव सशत्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से महिला के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। मृतका की पहचान लगभग 42 वर्षीया जितनी उराईन, पति मदन उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जितनी उराईन ने अपने पहले पति गोयंदा उरांव छोड़ चुकी थी और अपने दूसरे पति मदन उरांव के साथ रहती थी। पूर्व मुखिया सुनील कच्छप व मत्स्य मित्र चरवा उरांव ने बताया कि तालाब में आज सुबह कुछ लोगों ने महिला की लाश को देखा। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी है। वही घटना को लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

### सिल्ली : सड़क हादसे में युवक घायल

**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के बुढ़ाआम के समीप शुक्रवार की शाम तेज गति से जा रही बाईक के दुर्घटनाग्रस्त होने से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक किता के धुंधाधारा निवासी आशीष कुमार महतो घर से सिल्ली की ओर जा रहा था इसी दरम्यान बाईक अनियंत्रित होकर स्किड कर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक चालक आशीष कुमार महतो गंभीर रूप से घायल हो गये। सुचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची सिल्ली पुलिस ने घायल को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## ओरमांझी : भाजपा ने गांव-गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नौ साल बेमिशाल कार्यकाल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ओरमांझी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क से जनसमर्थक अभियान चलाया गया। मंडल उपाध्यक्ष राजधाम साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी का टोपी लगा अभियान में निकले। सभी कार्यकर्ता पांचा और आसपास के गांवों में घर-घर जाकर लोगों से मिले और जनकल्याण कारी योजनाओं को जानकरी दी। 2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव में फिर से भाजपा को समर्थन देने का आग्रह किए। राजधाम साहू ने बताया कि गांव के अधिकांश लोग आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, कोरोना वैक्सीन व कई योजनाओं मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया और जनसमर्थन देने का पूर्ण भरोसा भी दिया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में ओमप्रकाश साहू, नारायण साहू, अक्षय साहू, गुरुदयाल महतो, गौतम साहू, राजु करमाली, देवानंद महतो, कृष्णा साहू, फुलेश्वर महतो, संजय साहू, रामकिशुन साहू, दिनेश्वर साहू सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## गुरु गोविंद सिंह स्कूल के बच्चों ने थानेदार को सौंपे सैकड़ो पौधे

### रातू थाना परिसर में किया पौधरोपण पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प




खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** कमड़े स्थित गुरु गोविंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण व उसकी रक्षा का संकल्प लिया है। उसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली जब शिक्षक-शिक्षिकाओं संग थाने पहुंच दर्जनों छात्रों ने थानेदार सपन कुमार महथा को सैकड़ों पौधे भेंट किये। इसके उपरांतए थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान श्री महथा ने बच्चों की ओर से चलाये जा रहे जागरूकता अभियान पर खुशी का इजहार किया। इसके लिये उन्होंने छात्र-छात्राएं विद्यालय के शिक्षकों व गुरु गोविंद सिंह ट्रस्ट के पदधारियों के प्रति आभार भी जताया। मौके पर चमरा मिंज, शेखर कुमार सिंह, रोहित कुमार सिंह, अमरनाथ सोनी, कुलेश्वर महतो, सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, दीनबंधु दुबे, उज्ज्वल कुमार सिंह, गुलाम हशनैन, विष्णु कुमार, अजित ठाकुर आदि मौजूद थे।

## डॉन बास्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज ने जीता टूर्नामेंट

### वॉलीबॉल

खबर मंत्र संवाददाता



**खलारी।** आईसीएसई जोनल वॉलीबॉल टूर्नामेंट डॉन बॉस्को कोकर रांची में आयोजित किया गया। जिसमें बिसप हार्ट मेन एकेडमी रांची और डॉन बॉस्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज के बीच हुए। रोमांचक मुकाबले में डॉन बॉस्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज की टीम ने विजय का परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में डॉन बोस्को की टीम लगातर तीसरी वर्ष विजेता रही। टीम के कोच मुकेश कुमार के नेतृत्व में टीम के खिलाड़ियों ने लगातार बेहतर प्रदर्शन करके पूरे जिले समेत राज्य का नाम रौशन किया। जहां मैक्लुस्कीगंज डॉन बॉस्को एकेडमी के उप प्राचार्य टीटी जोशी ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार करती हैं तथा चुनौती, परिवर्तन की सूरत में डटकर मुकाबला करना सिखाती हैं। खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेकर ही बेहतर ज्ञान हासिल कर सकता है। वहीं खेल सफलता के अवसर भी प्रदान करते है तथा एक खिलाड़ी में आत्मविश्वास पैदा कर उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। टीम के कोच मुकेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता से पूर्व हमारे खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम किया है। बताया कि टीम के कुछ खिलाड़ियों को आगे खेलने के लिए चयन किया गया है।

### अंडर 19 में लेंगे हिस्सा

अंडर 19 प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले डॉन बोस्को एकेडमी के खिलाड़ियों में अनूप, सूरज, प्रशांत, हर्ष, प्रशांत गौरव, जयकिशन, रणवीर, शिवम, शिवांश और रोहन शामिल हैं।

# ओरमांझी : हल्की बारिश में एचएच-20 सड़क लबालब

### एनएचएआई की लापरवाही से लोगों को परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एचएचएआई के लापरवाही के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मानसून की हल्की वर्षा में भी सड़क पर तालाब जैसे हालात बन रहे हैं। एनएच-20 रामगढ़-रांची पथ पर शास्त्री चौक ओरमांझी स्थित बीच सड़क पर पानी का जमाव सड़क से गुजरने वाले वाहनों के अलावा स्थानीय ग्रामीणों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सड़क किनारे स्थित आसपास के दुकान संचालाकों को हो रही है। दुकान तो खुला रहता पर है, लेकिन ग्राहक दुकान में पहुंच नहीं पा रहे। यह हालात पैदा ओवब्रिज निर्माण को लेकर पानी निकासी के ड्रेन को बंद किए जाने के कारण हुई। पिछले आठ माह से ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी बंद है। वहीं सड़क के चौराहे पर दोनों ओर ठोकर बना दिया गया। जिसके कारण भी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। पानी भरे रहने से ठोकर भी दिखाई नहीं देता है, जिस कारण भी बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इतना ही नहीं पानी जमा होने के कारण आसपास के मकान में रहने वाले व दुकानदारों के बीच आपस में लड़ाई-झगड़े होने के साथ मामला थाना तक पहुंच रहे हैं।



ओरमांझी में बीच सड़क पर जल-जमाव में गुजरते वाहन।

### ओवरब्रिज का जल्द किया जाये निर्माण

ओवरब्रिज निर्माण जल्द शुरू करने की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी स्थानीय ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतर आंदोलन किया जाएगा। उक्त बातें प्रखंड मुख्यालय में हुई एक बैठक में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी द्वारा कही गई है।

## सर्च अभियान में गोली, पिट्ठू बैग और घरेलू सामान बरामद

**टीएसपीसी के पहाड़ी गैंग के उग्रवादियों की सूचना पर चला अभियान**

**ठाकुरगांव।** रांची के सीनियर एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में अभियान चलाया। इस क्रम में बगदा घाटी के पहाड़ी में कुछ उग्रवादी देखे गए। पुलिस ने उन्हें घेरने का प्रयास किया, तो उग्रवादी घने जंगल में भाग खड़े हुए। मौके पर पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। जहां पुलिस ने जंगल से 7.62 एमएम के 37 तथा .38 एमएम के 47 गोली, पिट्ठू बैग, खाने के सामान व अन्य घरेलू सामान बरामद किया। विदित हो कि पुलिस को क्षेत्र में टीएसपीसी के पहाड़ी गैंग के उग्रवादियों के आने की सूचना मिली थी। अभियान में मांडर इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, ठाकुरगांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, बुढ़मू थानेदार कमलेश राय समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)

Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

### SHORT NOTICE INVITING TENDER

(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)

NIT No.- JIIDCO/10/SBD/2023-2024

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 11.07.2023
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 11.07.2023 to 17.07.2023
4. Bids online submission :- Date 11.07.2023 to 17.07.2023
5. Bid opening date :- Date 18.07.2023 Time: 3:30 P.M.
6. Details of works :-

| Bid No | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rupees) | Amount of Earnest money (E.M.D) (Rupees) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rupees) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Development of Modular Operation Theatre at Sadar Hospital, Ramgarh, Jharkhand | 4,57,77,617.00 | 4,58,000.00 | 11,800.00 | 06 Months |

7. The original copy of Tender cost and Earnest Money Deposit (EMD) must be submitted in JIIDCO office up to 18.07.2023 by 03:00 P.M. If Tender cost and EMD are not received before above mentioned date and time tender shall not be accepted.
8. Place to receiving tender cost and EMD :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
9. Bid Validity :- 120 days
10. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
11. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 8292234107 may be contacted.
12. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
13. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

Note: The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची

ई-प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा (तृतीय आमंत्रण)

PR NO - 298826

ई-टेन्डर रेफरेन्स नं०-RRP( Giridih-2)18/2023-24 दिनांक:-06-07-2023

| क्र० | विवरणी | ग्रुप नं० | संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि (रू० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-2, गिरिडीह अन्तर्गत Changing rotten riser pipe of India Mark II Hand pump on "Turn Key" Basis | Gr.RRP-2 | 77 अदद् | 11.24757 | 0.23000 | 2500.00 |
| | | Gr.RRP-5 | 46 अदद् | 6.70342 | 0.13500 | 1250.00 |
| | | Gr.RRP-6 | 42 अदद् | 6.12961 | 0.12500 | 1250.00 |
| | | Gr.RRP-8 | 63 अदद् | 9.19441 | 0.18500 | 1250.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 Days | | | | |
| 3 | वेबसाईट पर बिड Upload की तिथि/समय | From 08-07-2023, 4:00P.M | | | | |
| 4 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 14-07-2023 up to 4:00P.M | | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 15-07-2023 up to 1:00P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 6 | निविदा प्राप्त बिड खोलने की तिथि/समय | 15-07-2023 up to 04.00 P.M | | | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-02, गिरिडीह। | | | | |
| 8 | निविदा खोलने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 9 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7292898986 | | | | |
| 10 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट-बढ सकती हैं। तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगी।

(ई० मुकेश कुमार मण्डल)
कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या-02, गिरिडीह

PR 301682 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार

### -: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश सं०- 10 रा० (वि०) दिनांक-14.06.2023 द्वारा "मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना" की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। योजना का विवरण निम्नवत है :-

**1. दो दुधारू गाय/भैंस वितरण योजना**

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% अनुदान पर | 75% अनुदान पर | कुल | 90% अनुदान | 75% अनुदान |
| i | दो दुधारू गाय/भैंस वितरण | 1,35,050/- | 85 | 240 | 325 | 1,21,545/- | 1,01,287.5/- |

**2. कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना**

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 75% अनुदान पर | 50% अनुदान पर | कुल | 75% अनुदान | 50%अनुदान |
| i | पाँच दुधारू गाय/भैंस वितरण (मिनी डेयरी) | 3,37,625/- | 15 | 55 | 70 | 2,53,218.5/- | 1,68,812.5/- |
| ii | दस दुधारू गाय/भैंस वितरण (मिडी डेयरी) | 6,75,250/- | 14 | 10 | 24 | 5,06,437.5/- | 3,37,625/- |

**3. चैफ कटर का वितरण एवं प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता**

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 90% अनुदान पर | 75% अनुदान पर | कुल | 90% अनुदान | 75%अनुदान |
| i | विद्युत चालित चाफ कटर | 20,000/- | 10 | 12 | 22 | 18,000/- | 15,000/- |
| ii | हस्त चालित चाफ कटर | 8,000/- | 120 | 120 | 240 | 7,200/- | 6,000/- |
| iii | मिल्किंग मशीन | 1,20,000/- | 25 | 30 | 55 | 1,08,000/- | 90,000/- |
| iv | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 42 | 75 | 117 | 22,500/- | 18,750/- |
| v | पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 10 | 10 | 20 | 90,000/- | 75,000/- |
| vi | डीप बोरिंग | 1,00,000/- | 20 | 15 | 35 | 90,000/- | 75,000/- |
| vii | काउ मैट | 5,200/- | 7 | 12 | 19 | 4,680/- | 3,900/- |
| viii | संतुलित पशु आहार (प्रति किलोग्राम) | 24/- | 160000 kg | 210000 kg | 370000 kg | 21.6/- | 18/- |
| ix | एरिया स्पेसिफिक मिक्सचर/अच्छे विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर (प्रति किलोग्राम) | 120/- | 3000 kg | 4000 kg | 7000 kg | 108/- | 90/- |
| x | शीतवर्धक सप्लीमेंट (प्रति किलोग्राम) | 60/- | 400 kg | 700 kg | 1100 kg | 54/- | 45/- |

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:-**

- लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/ अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ-साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :-

(i.) ग्रामप्रधान
(ii.) मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर)
(iii.) JMF का प्रतिनिधि
(iv.) दुग्ध मित्र।

- लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति, दोनों से कोई एक द्वारा किया जायेगा।
- लाभुकों के चयन के साथ योजना अनुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रूप से किया जायेगा।
- योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/ दिव्यांगता/ विधवा/ 50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण-पत्र/ घोषणा-पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया/ पंचायत समिति सदस्य/ जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी०/ आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
- योजनान्तर्गत पशु पक्षी का क्रय का प्रावधान निम्नवत है :-

(i.) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/ शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
(ii.) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)
(iii.) GeM Portal से।
(iv.) NDDB से।

- विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरान्त दिया जाएगा।
- यह कार्यक्रम ए०पी०एल०/बी०पी०एल० वर्ग के सभी महिला-पुरुष लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है।
- योजना का लाभ जिले के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, बी०पी०एल० कोटि, दिव्यांग कोटि एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता के साथ दी जाएगी। अन्य कोटि के लाभुकों को भी योजना का लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- योजनान्तर्गत पशु/ पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
- योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तदपश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/ पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

नोट :- अधिक जानकारी जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार/प्रखंड पशुपालन कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निवेदक:-
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.301678 Animal Husbandry(23-24):D

# खबर मन्त्र

रांची. शनिवार .08 जुलाई 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## बिन शिक्षक शिक्षा


किसी भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था की आधारभूमि शिक्षक ही तैयार करते हैं। यदि शिक्षक ही पर्याप्त न होंगे तो शिक्षा के स्तर और नौनिहालों के भविष्य का अनुमान लगाना कठिन नहीं है। देश के लगभग सभी राज्यों में सरकारी शिक्षको की कमी है। शिक्षक मित्र कई अलग-अलग नामों से अल्प वेतन पर काम कर रहें हैं जो शर्मनाक है। राज्य में नीति-नियंताओं की प्राथमिकताओं में शिक्षा कहां खड़ी है। बच्चे कल का भविष्य हैं, यदि उनकी बुनियाद ही खोखली रह जाएगी तो वे कैसे राष्ट्र का दायित्व कंधों पर उठा पाने में सक्षम होंगे। विडंबना यह भी है कि आमतौर पर सरकारी स्कूलों में कम आय वर्ग के लोगों के बच्चे परिस्थितिवश ही जाते हैं। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूल जिस तरह कारोबार का जरिया बन चुके हैं, उसके मद्देनजर कम आय वर्ग के अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को भेजने से कतराते हैं। दरअसल, आज जो निजी स्कूलों का कारोबार फल-फूल रहा है उसके मूल में सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा ही है। कुछ लोगों को लगता है कि ये स्कूल बीमार भविष्य का कारखाना बनने की दिशा में अग्रसर हैं। दरअसल, शिक्षकों की कमी से वे स्कूल जूझ रहे हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। आज 52 प्रतिशत छात्र निजी स्कूलों में पढ़ने लगे हैं। शायद ही कोई संपन्न व्यक्ति का बच्चा सरकारी स्कूलों में पढ़ता होगा। दरअसल, नियुक्तियां तो ग्रामीण स्कूलों के लिये होती हैं, लेकिन शिक्षक किसी न किसी तरह तबादला शहरी स्कूलों में करवा लेते हैं। बहरहाल, तंत्र को इस गंभीर होती समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए। विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति संवेदनशीलता दशार्ते हुए शिक्षकों की नियुक्ति को प्राथमिकता बनाना चाहिए। बिहार में अगर दो लाख शिक्षकों की बहाली हो रही है इसका अर्थ है कि इतने शिक्षकों की कमी है, यह देश के लिये शर्मनाक स्थिति है।

## महंगी सब्जियां

हर साल बारिश के मौसम में जल्दी खराब होने वाली सब्जियों के दाम मांग व आपूर्ति के असंतुलन से बढ़ते हैं। लेकिन इस बार टमाटर के दाम सौ रुपये प्रति किलो तक पहुंचने ने सबको चौंकाया है। कभी प्याज को ये रुतबा हासिल था। जो न केवल आम लोगों की आंखों में आंसू ला देता था बल्कि सरकार गिराने-बनाने के खेल में शामिल रहता था। दिल्ली की कई सरकारों की जड़ें हिलाने का काम प्याज ने किया। कह सकते हैं कि तब मजबूत विपक्ष ने जनता के दर्द को राजनीतिक हथियार बनाने में कामयाबी पायी थी। अब जनता के लिये जरूरी सब्जियों की महंगाई को मुद्दा बनाने की कूवत व संवेदनशीलता विपक्षी दलों में नजर नहीं आती। निस्संदेह, हरियाणा-पंजाब सहित देश के लगभग सभी राज्यों में टमाटर की महंगाई की वजह यह बतायी जा रही है कि स्थानीय टमाटर की फसल खत्म हो चुकी है और अन्य राज्यों से आने वाली नई फसल की आमद नहीं हो पाई है। लेकिन मानसून में पहले कभी टमाटर के दामों में ऐसी आग कभी नहीं लगी। परिवहन के साधन महंगे होने , बिजली, कृर्षि युक्त दवा का महंगा होना भी एक कारण है। कमोबेश फल-सब्जियों की महंगाई में एक घटक ऐसा भी है जो बाजार की हवा देखकर जमाखोरी पर उतारू हो जाता है। निस्संदेह, टमाटर आदि कुछ सब्जियां ऐसी हैं, जिनका भंडारण देर तक संभव नहीं है। लेकिन अदरक, लहसुन व प्याज का मुनाफाखोरों के गोदामों में भंडारण कुछ समय तक रह सकता है। निस्संदेह, रिटेल माफिया का बड़ा हाथ इस तरह की महंगाई को बढ़ाने में होता है। किसान ज्यादा फसल उगाता है तो भी नुकसान में रहता है और कम उगाता है तो भी नुकसान में रहता है। अच्छी फसल का लाभ न किसान को मिलता है और न उपभोक्ता को ही। बदलते मौसम और पर्यावरण में किसानी कठिन होता जा रहा है।

# युवा सपनों की उड़ान 'ग्राम ज्ञानालय'





- मनोज कुमार

**कल्पनाएं** जब सजती और संवरती हैं तो उम्मीदों को पंख लग जाते हैं। इरादे और हौसले मजबूत हो जाते हैं। मंजिल खुद-ब-खुद तय हो जाती है। पूर्वांचल के भदोही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ग्रामीण विकास की सोच जमीन पर उतरती दिखती है। भदोही कालीन का हब है। यहां कालीन तैयार होते हैं। देश के नए संसद भवन में भदोही की कालीन बिछाई गई हैं। पूर्वांचल में वैसे अच्छे खासे शैक्षिक संस्थान हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय यहां की शैक्षणिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं। लेकिन पूर्वांचल की 70 फीसदी आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां पलायन अधिक है। आर्थिक विपन्नता की वजह से युवाओं के प्रतियोगी स्पर्धा के सपने अधूरे रह जाते हैं। लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए भदोही जनपद से शुरू हुई एक नवाचार की पहल उत्तर प्रदेश और देश के लिए एक मिसाल बनती दिखती है।

भदोही के युवा जिला कलेक्टर गौरांग राठी की एक अनूठी पहल पूरे उत्तर प्रदेश और देश की सोच बदल सकती है। भदोही को शहर-ए-कालीन भी कहा जाता है। दुनिया भर से यहां कालीन निर्यात होता है। हालांकि शैक्षिक विकास को लेकर यहां बहुत कुछ नहीं हुआ है। लेकिन गांवों में नवाचार के तहत 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना कर युवाओं को नई दिशा देने की पहल शुरू की गई है। इस तरह ग्रामीण अंचलों में स्थापित किए जा रहे ग्राम ज्ञानालय में युवाओं के लिए अकादमिक स्तर की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जनपद के 546 ग्राम पंचायतों में आधुनिक 'ग्राम ज्ञानालय' की स्थापना की तरफ बड़ी तेजी से कदम बढ़ रहे हैं।

भदोही जनपद में तकरीबन 150 गांवों में इसकी शुरूआत हो चुकी है। शुरू में ही जॉब की तैयारी करने और पढ़ने वाले करीबन 4000 युवा और छात्र-छात्राएं इससे जुड़कर उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। इसकी वजह से उनके शैक्षिक विकास का आधार बेहद मजबूत हो रहा है। पूरे देश में अपनी तरह का आधुनिक सोच को प्रदर्शित करने वाला यह 'ग्राम ज्ञानालय' युवाओं को तेजी से आकर्षित कर रहा है। योगी सरकार के जनप्रतिनिधि इसमें बढ़-चढ़ कर सहभागिता करते दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विकास प्राथमिकता के कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पीपीटी के माध्यम से 'ग्राम ज्ञानालय' के विजन से शासन को अवगत कराया है। मुख्य सचिव नवाचार की इस अनूठी पहल से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इस तरह की सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश और देश में उपलब्ध कराई जानी चाहिए। युवाओं में शैक्षणिक विकास और प्रतियोगी स्पर्धा पैदा करने के लिए यह नवाचार अपने तरह का अकल्पनीय है। युवाओं के सपनों को आयाम देने के लिए ग्राम पंचायतों में इस तरह के ज्ञानालय यानी वाचनालय की स्थापना की जा रही है। वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है। गांव के पंचायत प्रतिनिधि इसमें खासी भूमिका निभा रहे हैं।

> वाचनालय में भरपूर पुस्तक, फर्नीचर, सीसीटीवी, स्मार्ट टीवी और ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अभ्युदय योजना के तहत रिटायर्ड शिक्षक, प्रवक्ता और दूसरे विषय के विशेषज्ञ इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। संबंधित पंचायत या ग्राम सचिवालय भवन में ही एक खास कमरा बनाकर वहां संचालित किया जा रहा है।

ग्रामीण अंचलों में युवाओं में शिक्षा को लेकर अच्छी खासी ललक है। लेकिन अधिकांश परिवारों की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। वैसे भी उत्तर प्रदेश सरकार दलित और पिछड़े छात्रों को लखनऊ में इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराती है, लेकिन वहां सभी नहीं पहुंच पाते हैं। सामान्य और गरीब परिवारों से होने के नाते सुख सुविधाओं के अभाव में नई दिल्ली, प्रयागराज, वाराणसी, जयपुर जैसे शहरों में जाकर कोचिंग कक्षाएं नहीं ले सकते हैं। क्योंकि उनके घर की माली हालत उस तरीके की नहीं है। लेकिन ऐसे बच्चे जो कड़ी स्पर्धा में अपने को खुद साबित करना चाहते हैं उनके लिए ग्राम ज्ञानालय अनूठे हैं। देश की चर्चित ऑनलाइन कोचिंग संस्थान खान सर और दूसरी अकेडमिक कोचिंग सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतियोगिता दर्पण, क्रॉनिकल और अन्य स्तरीय मासिक पत्रिकाएं और अच्छे प्रकाशन की महंगी किताबें उपलब्ध हैं।

जिलाधिकारी गौरांग राठी बताते हैं कि पूर्वांचल के युवाओं में पढ़ने की एक अजीब लगन हमने देखी है। वे पढ़ना चाहते हैं लेकिन यहां सामान्य कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए सुविधाएं बेहतर उपलब्ध नहीं हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है कि वह दिल्ली प्रयागराज, वाराणसी, जयपुर या दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग ले सकें। हालांकि राज्य और केंद्र सरकार कमजोर वर्ग के ऐसे युवाओं को राजधानी में कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराती हैं।

उत्तर प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार ग्रामीण विकास को लेकर बेहद संजीदा है। अब गांव को सीधे आर्थिक सुविधाएं मिल रहीं हैं। उन्हें अच्छी खासी स्कॉलरशिप भी दी जाती है। लेकिन हर परिवार के युवा शहर तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे हालात में ग्राम ज्ञानालय बेहतर विकल्प हैं। यहां अध्ययन की आधुनिक सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जॉब की तैयारी करने वाले युवा और युवतियां अपनी मंजिल को आयाम दे सकते हैं। देश के सुदूर ग्रामीण अंचलों में ऐसी शैक्षणिक सुविधा आधुनिक समय की मांग है। लोगों को इसके लिए आगे आना चाहिए।

### खास बात

## राजकुमार एक अदभुत अभिनेता

**दीप भट्ट**

जाने-माने अभिनेता राजकुमार का भारतीय फिल्मोद्योग में एक आला मुकाम था। उनकी ज्यादा चर्चा उनकी डॉयलाग डिलीवरी को लेकर होती है पर वास्तव में वे एक अद्भुत अभिनेता थे। उनके व्यक्तित्व के तमाम पहलुओं के बारे में उनके पुत्र और अदाकार पुरु राजकुमार से बातचीत।

माता-पिता के साथ बचपन की यादें किस तरह की हैं?

बड़ी मीठी यादें हैं बचपन की मेरी माता-पिता के साथ। छुट्टियों में पिता और मां के साथ कश्मीर और मुंबई में गुजरा। पिताजी गोल्फ खेलने के बेहद शौकीन थे। उन्हें घुड़सवारी का बहुत शौक था। तो उनके साथ गोल्फ भी खेलते थे और घुड़सवारी भी करते थे। पढ़ाई के वक्त पढ़ाई करते थे। छुट्टियों के वक्त पिताजी साथ रहते ही थे।

आपके पिता फिल्मों में थे तो स्वाभाविक है घर का माहौल फिल्मी होगा?

घर पर कोई फिल्मी मैगजीन तक नहीं आती थी। हां फिल्में देखते सभी थे। शौक भी था। नार्मल एक्टर की हैसियत से कभी-कभार काम घर आ जाया करता है पर पिताजी ऐसा तनाव घर नहीं लाते थे। जहां तक मेरी मां के स्वभाव की बात है तो वह किसी को भी गलत नहीं कहती।

एक एक्टर और एक फैमिली मैन के रूप में आप अपने पिता का किस तरह मूल्यांकन करते हैं?

अगर आपको राजकुमार साहब को संपूर्णता में समझना है तो आपको उन्हें तीन किरदारों में देखना पड़ेगा। एक पिता की हैसियत से, दूसरा पति की हैसियत से और तीसरा एक एक्टर की हैसियत से। परिवार में हम लोगों की लिविंग बहुत सिम्पल थी। शोशेबाजियों में न तो पिता थे और न मां थी। मां तो एकदम घरेलू औरत है। फिल्मों के बारे में पूछो तो उन्हें कोई मतलब नहीं। जहां तक पिताजी की निजी सोच और व्यक्तित्व की बात है तो उनकी सीख बड़ी सीधी थी कि जब भी कुछ करोगे एक अच्छा इन्सान बनने की कोशिश करना।


राजकुमार साहब की कौन सी फिल्में आपको बहुत अजीज हैं?

एक अभिनेता के तौर पर मुझे उनकी बुलन्दी

बहुत पसंद आई थी। कर्मयोगी और वक्तह्न बहुत पसंद हैं।

## अंतरात्मा का सहारा

### धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**यदि** तुम शांति, सामर्थ्य और शक्ति चाहते हो तो अपनी अंतरात्मा का सहारा पकड़ो। तुम सारे संसार को धोखा दे सकते हो किंतु अपनी आत्मा को कौन धोखा दे सका है ? यदि प्रत्येक कार्य में आप अंतरात्मा की सम्मति प्राप्त कर लिया करेंगे तो विवेक पथ नष्ट न होगा। दुनियाँ भर का विरोध करने पर भी यदि आप अपनी अंतरात्मा का पालन कर सके तो कोई आपको सफलता प्राप्त करने से नहीं रोक सकता।

जब कोई मनुष्य अपने आपको अद्वितीय व्यक्ति समझने लगता है और अपने आपको चरित्र में सबसे श्रेष्ठ मानने लगता है, तब उसका आध्यात्मिक पतन होता है।

जीवन को यज्ञमय बनाओमन में सबके लिए सद्भावनाएँ रखना, संयमपूर्ण सच्चरित्रता के साथ समय व्यतीत करना, दूसरों की भलाई बन सके उसके लिए प्रयत्नशील रहना, वाणी को केवल सत्प्रयोजनों के लिए ही बोलना, न्यायपूर्ण कमाई पर ही गुजारा करना, भगवान का स्मरण करते रहना, अपने कर्तव्य पथ पर आरुढ़ रहना, अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों में विचलित न होना - यही नियम हैं जिनका पालन करने से जीवन यज्ञमय बन जाता है। मनुष्य जीवन को सफल बना लेना ही सच्ची दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता है।

जब तक हम में अहंकार की भावना रहेगी तब तक त्याग की भावना का उदय होना कठिन है। अहंकार मानव का सबसे बड़ा शत्रु हैं।

**(प्रस्तुति दीपक दयाल प्रसाद)**

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!


**- कुमार विश्वास, कवि**

### आपके ट्वीट

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार, माही।
आप सदैव स्वस्थ और सुखी रहें, यही कामना करता हूँ।

**- हेमंत सोरेन**





जीवन में उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पथ के अवरोधों का दृढ़ता पूर्वक सामना करें। असफलता कुछ और नही अपितु सफलता प्राप्ति के पूर्व की संसूचना ही है। अतः शुभ संकल्प के साथ सद्कार्यों में संलग्न है।

**-स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिये सजगता जरूरी

**नागेन्द्र सिंह**

**हिमाचल** समेत देश के पर्वतीय राज्यों में भूस्खलन, आकस्मिक बाढ़ और सड़क दुर्घटनाएं अधिक संख्या में होती हैं, लेकिन इन सब के लिये प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को ही जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकता। देश में हर वर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। भारत में दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिवर्ष 5 लाख के करीब है। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार, 2019 -2020 में 1791 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 671 लोगों की जानें गयीं और 2520 लोग बुरी तरह जख्मी हुए। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की आबादी 68.6 लाख थी, तब प्रति हजार नागरिकों में 107 के पास वाहन थे। वर्ष 2019 में वाहनों की संख्या बढ़कर 16 लाख हो गयी है।

वर्ष 2018 तक देश में सड़कों पर 5803 ब्लैक स्पॉट थे, जहां पर सबसे अधिक सड़क हादसे हुए। हिमाचल प्रदेश में 116 ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गए हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार इन ब्लैक स्पॉट्स को दुर्घटना रहित बनाये जाने पर काम किया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार, वर्ष 2019-2020 में 729 ब्लैक स्पॉट्स का सुधार देश के राजमार्गों पर किया गया, वर्ष 2020-21 में 1103 ब्लैक स्पॉट्स को दुर्घटना रहित बनाया गया। वर्ष 2022 में 790 ब्लैक स्पॉट्स और 2023 में 791 ब्लैक स्पॉट्स को ठीक किया जाएगा।

### समस्या

आंकड़ों के अनुसार 3996 ब्लैक स्पॉट्स में 57329 दुर्घटनाएं हुईं और 28765 लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी। सड़क दुर्घटनाओं के ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं क्योंकि ये दुर्घटनाएं रोककर लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इन सड़क हादसों से देश के जीडीपी को 3.1 प्रतिशत का नुकसान हुआ। हिमाचल में कुछ चौड़ी सड़कों को छोड़ कर अधिकतर सड़कें संकरी हैं, पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से सड़कों के रखरखाव में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बदलते मौसम, अधिक बरसात, बर्फबारी भी सड़कों के रखरखाव में बाधा डालती है, लेकिन प्राकृतिक कारण तो रहेंगे ही, सरकार को प्रदेश की सड़कों पर और ब्लैक स्पॉट्स ढूंढ़ने होंगे जहां पिछले दो सालों में सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। साथ ही उनको ठीक करना होगा। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों के चालकों व प्रबंधन को इन हादसों के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। प्रदेश में सरकारी और गैर-सरकारी बसें प्रदेश वासियों के यातायात का अहम साधन हैं, लेकिन अक्सर बसों में ओवरलोडिंग की जाती है, बसें खचाखच भरी रहती हैं, कई बार बसों की छतों पर भी यात्री सफर करते हैं। प्रदेश में 2850 रूट हैं जिन पर हिमाचल पथ परिवहन की 3200 से अधिक बसें चलती हैं यह आंकड़े 2018 के हैं, करीब 3500 बसें निजी संस्थानों की भी चलती हैं। सरकार को सख्ती से बसों की फिटनेस, चालकों के स्वास्थ्य को लेकर जांच और उनकी मानसिक थकान के लिये भी समय-समय पर जानकारी हासिल करनी होगी। शराब तथा दूसरे नशीले पदार्थों का सेवन भी अधिकतर दुर्घटनाओं का कारण बनता है। बस तथा दूसरे वाहन चालकों को दिए जाने वाले चालक लाइसेंस पूरी चालन निपुणता को देख कर ही प्रदान किये जाने चाहिए। प्रदेश में चलने वाली सभी बसों में जीपीएस की व्यवस्था की जानी चाहिए, जितने भी राजमार्ग हैं उन पर गति सीमा का उल्लंघन कर रहे चालकों को न केवल चेतावनी देनी होगी, बार-बार उल्लंघन करने पर उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द कर देना चाहिए। परिवहन निगम की हाईवे पेट्रोल को चालकों एवं सहचालकों को नशीले पदार्थों के सेवन के लिये अचानक चेक करना होगा।

### कार्टून वर्ल्ड

लिंगभेद से बचाओं...



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

### मिलावट और त्योहार

**त्योहारों** के मौसम में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार, खासतौर पर मिठाइयों में, ज्यादा जोर पकड़ता है। इसके लिए आम लोगों को जागरूक होना चाहिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट के मुख्य कारण एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है। श्रावण माह आ रहा है ऐसे में मिलावट की आशंका बढ़ गयी है ।

**-शिवकुमार, गढ़वा**

### सबका हो विश्वास

**सबका** साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मंत्र होना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को सबल बनाने के लिए गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अशिक्षा को मिटाने के लिए हरसंभव प्रयास करे। बिहार ही नहीं, देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता से लागू करें यह जरूरी है।

**-रोहित शर्मा, रांची**

## युवा तुर्क चंद्रशेखर, बागी धरती, तीखे तेवर

### व्यक्तित्व

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत** की राजनीति में चंद्रशेखर अकेले ऐसे नेता हैं जो कभी किसी सरकार में मंत्री रहे बिना ही सीधे प्रधानमंत्री बने। युवा तुर्क के रूप में विख्यात चंद्रशेखर ने कांग्रेस में रहते हुए रामधन और मोहन धारिया के साथ मिलकर कांग्रेस में एक जोड़ी बनाई थी। यह जोड़ी उस वक्त अपनी बेबाक राय को लेकर खासी प्रसिद्ध थी।चंद्रशेखर का जन्म 01 जुलाई 1927 को उत्तर प्रदेश के 'बागी' बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी गांव में किसान परिवार में हुआ था। वो 1977 से 1988 तक जनता पार्टी के अध्यक्ष रहे। चंद्रशेखर अपने छात्र जीवन से ही राजनीति की ओर आकर्षित थे और क्रांतिकारी जोश एवं गर्म स्वभाव वाले वाले आदर्शवादी के रूप में जाने जाते थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में अपनी मास्टर डिग्री करने के बाद वे समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए। उन्हें आचार्य नरेंद्र देव के साथ बहुत निकट से जुड़े होने का सौभाग्य प्राप्त था। वे बलिया में जिला प्रजा समाजवादी पार्टी के सचिव चुने गए और एक साल के भीतर वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के संयुक्त सचिव बने। 1955-56 में वे उत्तर प्रदेश में राज्य प्रजा समाजवादी पार्टी के महासचिव बने।

साल 1962 में वे उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गए। वे जनवरी 1965 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए। 1967 में उन्हें कांग्रेस संसदीय दल का महासचिव चुना गया। संसद के सदस्य के रूप में उन्होंने दलितों के हित के लिए कार्य करना शुरू किया एवं समाज में तेजी से बदलाव लाने के लिए नीतियां निर्धारित करने पर जोर दिया। इस संदर्भ में जब उन्होंने समाज में उच्च वर्गों के गलत तरीके से बढ़ रहे एकाधिकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाई तो सत्ता पर आसीन लोगों के साथ उनके मतभेद हुए। वे एक ऐसे युवा तुर्क नेता के रूप में सामने आए जिसने दृढ़ता, साहस एवं ईमानदारी के साथ निहित स्वार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वे 1969 में दिल्ली से प्रकाशित साप्ताहिक पत्रिका 'यंग इंडियन' के संस्थापक एवं संपादक थे। चंद्रशेखर हमेशा व्यक्तिगत राजनीति के खिलाफ रहे एवं वैचारिक तथा सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया। यही सोच उन्हें 1973-75 के अशांत एवं अव्यवस्थित दिनों के दौरान जयप्रकाश नारायण एवं उनके आदर्शवादी जीवन के और अधिक करीब ले गई। इस वजह से वे जल्द ही कांग्रेस के भीतर असंतोष का कारण बन गए।

25 जून, 1975 को आपातकाल घोषित किए जाने के समय आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उस समय वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की कार्य समिति व केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य थे। चंद्रशेखर सत्तारूढ़ पार्टी के उन सदस्यों में हैं जिन्हें आपातकाल के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आपातकाल के दौरान जेल में बिताए समय में उन्होंने हिंदी में एक डायरी लिखी जो बाद में 'मेरी जेल डायरी' के नाम से प्रकाशित हुई। 'सामाजिक परिवर्तन की गतिशीलता' उनके लेखन का एक प्रसिद्ध संकलन है। चंद्रशेखर ने 6 जनवरी, 1983 से 25 जून, 1983 तक कन्याकुमारी से नई दिल्ली के राजघाट तक लगभग 4260 किलोमीटर की पदयात्रा की थी। उनकी इस पदयात्रा का एकमात्र लक्ष्य था लोगों से मिलना एवं उनकी महत्वपूर्ण समस्याओं को समझना।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## बैटरी चोरी मामले में तीन गिरफ्तार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर पुलिस ने एमेरॉन कंपनी के चोरी की गई बैटरी के साथ तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार ।यह जानकारी भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार ने दी। उन्होने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग ऑटों में चोरी का बैटरी लेकर रामगढ की ओर जा रहे है। खबर के बाद पुलिस की गश्ती दल ने ऑटो का पिछाकर लपंगा फोरलेन मेनरोड से एक आरोपी संजय तुरी उर्फ जमडू पटेलनगर भुरकुंडा को हिरासत में लिया गया। पुछताछ के बाद आरोपी ने अपने अन्य साथी मनु कुमार करमाली और परदेशी करमाली लपंगा भदानीनगर के शामिल होने की बात बताई। जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की दो बैटरी बरामद किया गया।

## फुटपाथ विक्रेताओं के लिए लगा कैंप

**हजारीबाग।** नगर निगम अंतर्गत प्रधानमंत्री स्व निधि योजना तथा स्वनिधि से समृद्धि योजना एवं ₹मैं भी ₹डिजिटल योजना के तहत कैंप का आयोजन नगर निगम सभागार में दिनांक 3 जुलाई से 8 जुलाई तक किया जा रहा है इस योजना में पीएम सुनिधि योजना से ऋण प्राप्त पथ विक्रेताओं को सोशियो इकोनॉमिक प्रोफाइलिंग करकर केंद्र सरकार के निर्देशित 8 योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना ,प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन कार्ड ,बीओसीडब्ल्यू के अंतर्गत निबंधन ,जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मैं भी डिजिटल योजना ऑनलाइन लेन देन की जानकारी दी जा रही है।

## आठ योजनाओं से जोड़ने का काम शुरू

**बड़कागांव।** नव युवको में बेरोजगारी को लेकर बड़कागांव, केरेडारी एवं पतरातू प्रखंड में विकराल समस्या देखी जा रही है। पढ़ लिख कर डिग्री ,डिप्लोमा धारी बेरोजगार युवक हर रोज परेशान नजर आ रहे हैं। युवाओं की रोजगार से संबंधित इस गंभीर समस्या को लेकर झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर बड़कागांव, केरेडारी एवं पतरातू प्रखंड में स्थानीय 75प्रतिशत युवाओं को रोजगार नहीं मिलने संबंधित मुद्दे को लेकर चर्चा की तथा जल्द से जल्द बेरोजगार युवको को रोजगार से जोड़ने की मांग की है।

## दारू में विराट कवि सम्मेलन आज

**दारू।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमह्न के अंतर्गत श्रीमती नीतू बन्याल, बावा अध्यक्षा, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार शाम को 04 :30 बजे, परिसर स्थित सीमा प्रिया हाल में किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन का संचालन और आयोजन हास्य और व्यंग के मशहूर कवि कुमार संजय के द्वारा किया जाएगा जिन्होनें अपने विशेष अंदाज से राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है ।इस समृद्ध मंच की शोभा बढ़ाने के लिए मशहूर गजलकारा शालिनी शहबा, श्रृंगार की राष्ट्रीय कवयित्री मीनाबंधन, ओज के कवि चंदन प्रजापति, युवाओं के बीच लोकप्रिय कवि हर्षित सिंह, कवयित्री अनुराधा सिंह, कवयित्री खुशबू बरनवाल और कवयित्री संस्कृति भी शामिल होंगी।

## अनमोल स्कूल में मना वन महोत्सव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसएससी कैंपस स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल मे शुक्रवार को वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अनमोल बचपन प्ले स्कूल के बच्चों पर्यावरण को संतुलित रखने को लेकर एक बेहतर संदेश दिया। साथ ही बच्चों ने अपने घरों में एक-एक पौधा लगा कर वातावरण को शुद्ध एवं स्वच्छ बनाये रखने की आवश्यकता पर बल दिया। जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए भविष्य में प्रकृति प्रकोप से बचा जा सके। कार्यक्रम में बच्चों ने आम, अमरूद, जामुन, कटहल सहित कई छायादार पौधारोपण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनमोल बचपन स्कूल की शिक्षिका काजल कुमारी, उर्मिला कुमारी, नमिता मिश्रा, भूमि कुमारी, कुमकुम कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सुशीला एंथोनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## इंटर्नशिप के लिए छात्र गये हैदराबाद



**रामगढ़।** फार्मेसी विभाग, राधा गोविंद विश्वविद्यालय की ओर से छात्र एवं छात्राओं को एक महीने के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए सुरा फार्मा लैब, हैदराबाद ले जाया गया । ट्रेनिंग के लिए बी. फार्मा के सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्रा को अपने पाठ्यक्रम के अनुसार इंटर्नशिप करना होता है । कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के महत्व को उजागर करते हुए सभी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर ट्रेनिंग समाप्त कर सकुशल लौटने की अपील की । विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि थ्योरिटीकल नॉलेज के साथ यह फामेर्सी ट्रेनिंग बच्चों मे एक नया जोश भरने का कार्य करता है । इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य दवाओं का प्रोडक्शन कैसे और किस तरह करें साथ ही किन मापकों का पालन करना होता है एवं इसका पूरा एप्लिकेशन फार्मेसी में कैसे करना है, जानकारी दी जाती है । इस ट्रेनिंग मे कुल 20 छात्र- छात्राओं का सेलेक्शन कर व्याख्याता साई प्रकाश पानीग्राही के निर्देशन में ले जाया गया ।

# मृतक के पिता व पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

### रविवार को गिरिडीह के उसरी नदी में मिले थे इचाक के दो युवकों के शव

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** गिरिडीह के उसरी नदी में रविवार को तीन युवक इचाक निवासी मनीष मेहता, बड़ा बाजार निवासी आनंद चौरसिया और इचाक निवासी शंकर मेहता पानी के तेज बहाव में डूब गए थे। इस घटना में मनीष और आनंद की मौत हो गयी थी जबकि शंकर खुद को बचाने में सफल रहा था।

अब इस घटना के चार दिन बाद आनंद चौरसिया की पत्नी और उसके पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए न्याय की गुहार लगायी है। पत्नी ने कहा कि आनंद, शंकर और मनीष किसी काम से बेंगाबाद गिरिडीह गए थे। कार्य के दौरान देर होने के कारण वे लोग हजारीबाग नहीं लौट सके। 11 बजे रात को पति आनंद ने फोन कर बताया की वहां भारी बारिश हो रही है। इसलिए वही वे एक होटल में रुक जायेंगे और दूसरे दिन लौटेंगे। जिसपर मैंने भी उन्हें वही रुक जाने को कहा क्योकि बहुत रात हो चुकी थी। रात को डेढ़ बजे मेरे पति के एक दोस्त ने फोन कर जानकारी दी कि आनंद और मनीष बरगंडा पूल के नीचे से गुजरने वाली उसरी नदी के तेज बहाव में बह गए और सिर्फ शंकर बच गया है। मैंने शंकर को फोन लगाया पर उसने मेरे कॉल का जवाब नहीं दिया। आनंद के पिता का कहना है कि मेरे बेटे की हत्या की गयी है।

## दीदियों को व्यापार करने के लिए दिये टिप्स



**बरही।** नगर भवन सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र झारखंड का वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जेएसपीएसएल बरही प्रखंड समन्वयक दीपक कुमार, दिल्ली से आए व्यवसाई जितेंद्र कुमार, एसएसएमटी अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी उपस्थित रहे। दिल्ली से आए व्यवसायी जितेंद्र कुमार ने मंच के दीदीयों को घर बैठे व्यापार करने का टिप्स दिया। उन्होंने कहा कि जब मंच की दीदी लोग स्वावलंबी एवं समृद्ध होगी तो वे मंच के लिए भी उत्सुकता के साथ कार्य कर सकेंगी। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि सद्भावना विकास मंच अनुमंडल के सभी प्रखंडों बरही, चौपारण, बरकट्ठा, पदमा सहित हजारीबाग जिला एवं कोडरमा जिला में नियमित रूप से कार्य कर रहे है। बहुत जल्द पूरे झारखंड में कार्य करेगी।

# प्रदूषण नियंत्रण को लेकर चलायें जाच अभियान : डीसी

▶▶ मानकों का पालन नहीं करने वाले कारखानों पर करें कड़ी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से प्रदूषण नियंत्रण द्वारा किए जा रहे कार्यों व चलाए गए जांच अभियान की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं प्रदूषण नियंत्रण के खिलाफ कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने वैसे सभी कारखाने जो प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं कर रहे है उनके खिलाफ जांच अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने एवं कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी कारखाना संचालकों से कहा कि लोगों का दैनिक जीवन पर्यावरण प्रदूषण की वजह से प्रभावित ना हो इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने एनवायरमेंटल प्लान बनाने व निर्धारित दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रदूषण नियंत्रण उपकरण सभी कारखानों में अनिवार्य रूप से कार्यरत स्थिति में संचालित रखने का निर्देश दिया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कारखाना संचालकों से उनके उनके कारखानों में सॉलिड़ लिक्विड अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के दौरान पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिन कारखानों द्वारा सड़क किनारे, सरकारी जमीनों व जंगलों में डस्ट अथवा अपशिष्ट डंप किया जाएगा उन पर दंड प्रक्रिया संहिता 133 व अन्य नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, कार्यपालक दंडाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों कारखाना संचालकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## ट्रक से टकराया बोलेरो दो बरातियों की मौत

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ गोमियां रोड स्थित नवादा के कर्बला चौक के पास बुधवार की रात 1:30 बजे बारातियों से भरी बोलेरो ट्रक से जा टकराई। जिसमें एक बाराती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक की मौत इलाज के लिए विष्णुगढ़ लाने के क्रम में बीच रास्ते में हो गई। मृतकों में बगोदर के मुंडरो निवासी हुलास महतो (60) पिता बुधन महतो तथा निमियांघाट थाना क्षेत्र के माकन निवासी आरती कुमारी (14) पिता छोटेलाल मरांडी शामिल हैं।

**कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग**

**आम सूचना**

विषय :— माल वाहक (Goods Upto 3 Ton) वाहनों पर कर एवं एकमुश्त कर जमा करने के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकार, झारखण्ड रांची के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन के संदर्भ संख्या OBS-430890 द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है कि झारखण्ड कारारोपण संशोधित अधिनियम 2018 के अनुपालन में 311 माल वाहक 03 टन तक क्षमता वाले वाहनों पर एकमुश्त कर जमा नहीं किया गया है।

अतः उक्त वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि अपने—अपने वाहन का एकमुश्त कर की राशि पन्द्रह दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करें।

इसे अति आवश्यक समझा जाए।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR301763 (Transport)23-24*D

# ओपी जिंदल स्कूल में किया गया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। ओपी जिंदल स्कूल बलकुदरा में एक जुलाई से चल रहे वन महोत्सव सप्ताह की शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर स्कूल में पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करना है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत फूलों ने पूछा बूंदों से और नाटक हम कहां रहेंगे की प्रस्तुति कर पेड़-पौधों की पीड़ा को अभिव्यक्त करते हुए वन संरक्षण का महत्व बताया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर स्लोगन राइटिंग एवं प्ले कार्ड मेकिंग, वाद विवाद प्रतियोगिता, श्लोक वाचन प्रतियोगिता के माध्यम से जीवन में पेड़ों का महत्व बताया। इसके साथ ही वन महोत्सव सप्ताह के समापन दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की ओर से प्राचार्य, उप-प्राचार्या, शिक्षक शिक्षकाओं तथा विद्यार्थियों के द्वारा पौधे लगाये और सुरक्षा, देखभाल का संकल्प भी लिया। वन महोत्सव के तहत पौधरोपण कर यह संदेश दिया गया कि हरियाली से सुख समृद्धि का रास्ता निकलता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति हम सबकी है और इसका संवर्धन संरक्षण करना हम सभी का पुनीत दायित्व है। अगर हम अपने इस दायित्व से चूकते हैं तो हमें प्रकृति के विकराल रूप के लिए सावधान रहना होगा।

## जीएम कॉलेज के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर गये

**इचाक।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय इचाक के भूगोल विभाग के सेमेस्टर छह के विद्यार्थियों के बौध्दिक विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के सचिव शंभू कुमार ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य पर्यटन का पर्यावरण पर प्रभाव था शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को नेतरहाट के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया, साथ में बच्चों को पर्यटन का पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव से अवगत कराया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई विभागीय शिक्षक प्रो.दीपेंद्र कुमार ने कहा कि प्लास्टिक के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले रसायन शरीर के लिए विषाक्त और हानिकारक है। प्लास्टिक के इस्तेमाल से सीसा, कैडमियम और पारा जैसे रसायन सीधे मानव शरीर के संपर्क में आते हैं। ये जहरीले पदार्थ कैंसर, जन्मजात विकलांगता, इम्यून सिस्टम और बचपन में बच्चों के विकास को प्रभावित कर सकते है। प्रो. रियाज अहमद के द्वारा बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण वायु, जल, भूमि या पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता को बनाए रखकर प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने का अभ्यास है।

# कल बरही आयेंगे सांसद दीपक प्रकाश

▶▶ भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन को लेकर करेंगे वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** भाजपा बरही प्रखंड का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के के निजी आवास पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।बैठक में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य 9 जुलाई को राज्य सभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का आगमन एवं यूसीसी के समर्थन में मोबाइल नंबर 9090902024 पर काल कर अधिक से अधिक संख्या में अपना समर्थन प्रदान करना था। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यूसीसी सभी धर्मों के लिए एक समान कानून की बात करता है। यूसीसी एक समान नागरिक संहिता को सुनिश्चित करेगा। अलग-अलग धर्मों के एक अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। समान नागरिक संहिता लागू होने से इसे परेशानी से निजात मिलेगी और अदालत में वर्षो से लंबित पड़े मामलों के फैसले जल्द होंगे। मौके पर बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, युवा भाजपा नेता रितेश गुप्ता, घनश्याम यादव, उप मुखिया बीरेंद्र साव, नन्दलाल प्रसाद, उप मुखिया राजेश यादव, युवा मोर्चा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष रितेश केशरी, एस सी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मुन्ना यादव, अर्जुन प्रजापति, विकाश कुमार यादव, सचिन यादव, देवनारायण ठाकुर, संजय यादव, नारायण प्रजापति, मुन्ना यादव, ईश्वर प्रजापति, सुनील पंडित, लालचंद प्रजापति, परमेश्वर पंडित,रितेश कुमार केशरी, संतोष निषाद, शिवा निषाद, उप मुखिया जोवराज यादव, गोतम कुमार सिंह, टिंकू कुमार, नरेश यादव, , बैद्यनाथ यादव, लक्ष्मण यादव, जितेंद्र यादव, सोनू यादव, राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

52वीं औपबंधिक सूची जिला—लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या—1938, दिनांक—20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :—चंदवा थाना काण्ड संख्या—116 /92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सत्येन्द्र सिंह, मनबहाल सिंह एवं रामकेश्वर सिंह द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0—379<br>2. नाम—मुटरी देवी (आश्रित पत्नी), पति—स्व0 भगवान सिंह (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम—चेटर (डंगमारा), पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—महिला, आयु—60 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix)<br>(आश्रित पत्नी) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0—06 /23<br>2. नाम—ओमप्रकाश सिंह, पिता—स्व0 बाबूलाल सिंह<br>3. ग्राम—चेटर (डंगमारा), पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—50 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0—07 /23<br>2. नाम—भृगुराज सिंह, पिता—स्व0 बिगु सिंह<br>3. ग्राम—चेटर (रखांत), पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—66 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0—377<br>2. नाम—बेलस टोप्पो, पिता—स्व0 बाजरस टोप्पो<br>3. ग्राम—हुटाप, पोस्ट—हुटाप, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—52 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0—08 /23<br>2. नाम—विश्वनाथ सिंह, पिता—सुखदेव सिंह<br>3. ग्राम—चेटर (रखांत), पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—66 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0—499<br>2. नाम—रामनरेश सिंह, पिता—स्व0 बहादेव सिंह<br>3. ग्राम—डुमारो, पोस्ट—निन्दा, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—57 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायीं आँख के बगल में कटा निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0—09 /23<br>2. नाम—रामधनी साव, पिता—काली साव<br>3. ग्राम—चेटर (रखांत), पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—47 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0—10 /23<br>2. नाम—भोला पाहन, पिता—स्व0 डब्हु पाहन<br>3. ग्राम—चेटर, पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—65 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0—281<br>2. नाम—सीतमोहन मुण्डा, पिता—स्व0 जयराम मुण्डा<br>3. ग्राम—जमीरा, पोस्ट—रोल, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—46 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायां हाथ में कटे का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0—633<br>2. नाम—रामपाल उरांव, पिता—दुष्पा उरांव<br>3. ग्राम—जमीरा, पोस्ट—रोल, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—46 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0—330<br>2. नाम—सुरेन्द्र भगत, पिता—सोनार भगत<br>3. ग्राम—माल्हन (पुतरी टोला), पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—55 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हाथ के केहुनी में काला तिल। | कंडिका—2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0—1016<br>2. नाम—रामेश्वर सिंह, पिता—स्व0 सुखदेव सिंह<br>3. ग्राम—चेटर (रखांत), पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—51 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हाथ के अंगुठा का नाखुन फटा हुआ। | कंडिका—2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0—383<br>2. नाम—फूलचंद गंझू, पिता—इन्द्रा गंझू<br>3. ग्राम—चेटर, पोस्ट—चेटर, थाना—चंदवा, प्रखण्ड—चंदवा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—50 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| विवरण :—मनिका थाना काण्ड संख्या—32 /92 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरारी साव द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात की संख्या पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर। | | |
| 14. | 1. आवेदन क्र0—36<br>2. नाम—बृजलाल प्रसाद गुप्ता, पिता—स्व0 झालो साव<br>3. ग्राम—बालूमाथ गोबरी टोला, पोस्ट—बालूमाथ, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—63 वर्ष, पहचान चिन्ह—नाके दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0—11 /23<br>2. नाम—नागदेव उराँव पिता—स्व0 बासुदेव उराँव<br>3. ग्राम—पकरी, पोस्ट—झाबर, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—54 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0—12 /23<br>2. नाम—परमेश्वर प्रसाद पिता—झालो प्रसाद<br>3. ग्राम—रवि स्टील पंडरा, पोस्ट—झाबर, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—59 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0—13 /23<br>2. नाम—लल्लू उराँव पिता—स्व0 लक्षु उराँव<br>3. ग्राम—बनियो, पोस्ट—झाबर, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—59 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0—809<br>2. नाम—शंकर उराँव पिता—स्व0 पौलु उराँव<br>3. ग्राम—जाला, पोस्ट—सेरेगाढ़ा, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—62 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें आँख में ऐला का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0—366<br>2. नाम—प्रमेश्वर उराँव पिता—स्व0 सधवा उराँव<br>3. ग्राम—जाला, पोस्ट—सेरेगाढ़ा, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—61 वर्ष, पहचान चिन्ह—छाती में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0—392<br>2. नाम—शिबु उराँव पिता—स्व0 करमा उराँव<br>3. ग्राम—बालु, पोस्ट—बालु, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिने पैर में कटा हुआ निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0—641<br>2. नाम—करमा उराँव पिता—स्व0 मंगरू उराँव<br>3. ग्राम—बनियो, पोस्ट—झाबर, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—57 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें पैर में जख्म का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0—863<br>2. नाम—नामेश्वर प्रसाद गुप्ता, पिता—स्व0 झालो साव<br>3. ग्राम—बालूमाथ गोबरी टोला, पोस्ट—बालूमाथ, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—53 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नही। | कंडिका—2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0—781<br>2. नाम—सावित्री गुप्ता, पति—बृजलाल प्रसाद गुप्ता,<br>3. ग्राम—बालूमाथ, गोबरी टोला, पोस्ट—बालूमाथ, थाना—बालूमाथ, प्रखण्ड—बालूमाथ<br>4. लिंग—महिला, आयु—59 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिने बाँह में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |

नोट :—
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR301709 (Home)23-24*D

## स्पीड न्यूज

### एनआइए ने भट्ठा मालिक को किया गिरफ्तार

लोहरदगा। एनआईए की टीम ने गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए जिले के कुडू थाना क्षेत्र से लंबे समय से फरार चल रहे माओवादी समर्थक राजू कुमार को गिरफ्तार किया है। राजू कुमार भाकपा माओवादी रीजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी रवींद्र गंझू का करीबी माना जाता है। एनआईए की टीम राजू कुमार को अपने साथ लेकर रांची चली गयी। कुडु थाना क्षेत्र के विश्रामगढ़ निवासी ईट भट्ठा संचालक राजू कुमार के ठिकानों पर छह माह पूर्व भी एनआईए की टीम ने छापेमारी की थी। जहां ईट भट्ठे से एनआईए की टीम ने एक पिस्टल, जमीन के कागजात, बैंक पासबुक सहित अन्य सामान बरामद किए थे। जिसके बाद एनआईए ने राजू को समन भेजा था।

### एसडीपीओ ने की मासिक अपराध गोष्ठी



लोहरदगा। जिले के एसडीपीओ बीएन सिंह ने अपने कार्यालय में मासिक क्राइम मीटिंग की। इसमें एसडीपीओ ने विभिन्न थानावार कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। एसडीपीओ बीएन सिंह ने सावन महीने और मोहर्रम पर्व को लेकर विशेष सतर्कता के साथ पुलिस अधिकारियों को कार्य करने को कहा। साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान चलाने को कहा। अपराध गोष्ठी में विगत माह विभिन्न थानों में घटित सभी संवेदनशील, महिला उत्पीड़न, हत्या, आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गई। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में पुनि सह थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उरांव, कुडु थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, किस्को थाना प्रभारी पॉलीकॉर्प टोप्पो, जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर व कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### योजनाओं का प्रचार प्रसार करें : डोमना



भंडरा। प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में हुई। इसमें बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव उपाध्यक्ष जुगल भगत उपस्थित हुए। बैठक की शुरुआत में बीस सूत्री अध्यक्ष ने बैठक में शामिल हुए बीस सूत्री के सदस्यों को सरकार की ओर से बीस सूत्री कमेटी गठन का उद्देश्य बताया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही हैं उसका अनुश्रवण आपका दायित्व है। बैठक में बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता, बीईईओ जयनाथ महतो, नीता सरकार, तनुश्री, भीम भगत, बीस सूत्री सदस्य अब्दुल कुद्दूस आदि थे।

### मतदान केंद्रों में शौचालय, बिजली और पानी की सुविधा दुरूस्त करें : बीडीओ



घाघरा। प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम और आगामी लोकसभा चुनाव 2014 की प्रशासनिक तैयारी को लेकर कई निर्देश दिया। वही श्री कच्छप ने कहा कि 112 विद्यालय के बूथों में मतदान केंद्र बना है। इसके साथ ही वोटर लिस्ट में नए मतदाताओं जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गयी है उनका मतदाता के नाम जोड़ने, नाम सुधार करने और मृत हो चुके व्यक्तियों का नाम हटाने में बीएलओ का सहयोग करने की बात कही। मौके पर कई विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका थी।

### निरीक्षण रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपेगा मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय



गुमला। जिले में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना चलायी जा रही है। इस योजना की सफलता के लिए उपायुक्त, मत्स्य विभाग और मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय कार्यरत है। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर योजना में निर्गत किये गए तालाबों और बायोफलॉक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इन इकाइयों का निरीक्षण मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय के सहअधिष्ठाता डॉ एके सिंह, सहायक प्राध्यापक, डॉ प्रशांता जाना और कर्मचारी संजय नाथ पाठक एवं मत्स्य विभाग के मत्स्य अधिकारी मोहम्मद नाजिम अंसारी ने किया।

### पीपीके कॉलेज बुंडू में इंटर में नामांकन में विलंब से छात्रों में आक्रोश

बुंडू। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर अंगी भूत एवं डिग्री महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने से संबंधित निर्णय होने के बावजूद पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू में इंटर के छात्रों नामांकन नहीं लिया जा रहा है जिससे छात्रों में आक्रोश व्याप्त है।स्कूली साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से ज्ञापांक 1523 दिनांक 3 जुलाई को आदेश जारी किया गया है।लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉलेज प्रशासन इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है। छात्र नेता सुरेंद्र लोहरा ने बताया है प्रतिदिन नामांकन के लिए छात्र कालेज का चक्कर लगा रहे हैं। नामांकन के लिए एकसप्ताह से छात्रों को घुमाया जा रहा हैण छात्र नेताओं ने कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश का कॉलेज प्रशासन अनुपालन नहीं कर रहा है। इसे लेकर कॉलेज के विद्यार्थियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम 14 अगस्त को

अनगड़ा। आजसू पार्टी की एक बैठक अनगड़ा डाक बंगला में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में आगामी 14 जुलाई को प्रखंड के ग्रामीणो की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर ग्राम स्तर में ग्राम प्रभारी पंचायत कमिटी प्रखंड कमेटी के सभी पद धारियो के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। बैठक में आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी वीरेंद्र सिंह भोक्ता बबलू अंसारी विक्रम ठाकुर गुड्डू अंसारी प्रखंड उपाध्यक्ष आसाराम महतो अनिल मुण्डा वासुदेव गोस्वामी जगदीश महतो बिरसा हजाम दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुमला में पीएम किसान, ऋण माफी और केसीसी से जुड़े लंबित कार्यों को 15 अगस्त तक करें पूर्ण : उपायुक्त

- केसीसी, ऋण माफी योजना, एसएचजी, पीएमइजीपी, पीएमएफएमइ एवं किसानों को मिलने वाली योजनाओं की हुई समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को केसीसी, ऋण माफी योजना, पीएम किसान, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, एसएचजी आदि से संबंधित एक समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक सहायता हेतु कई योजनाएं चलायी जा रही है।

## जिले के वरीय पदाधिकारियों सहित बैंकर्स ने लिया बैठक में भाग

### केसीसी से किसान ले सकते हैं कई योजनाओं का लाभ

उन योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ मिले इसके लिए लोन दिये जाते हैं। जिला प्रशासन का भी एक मात्र उद्देश्य यही है कि शत प्रतिशत किसान सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर लोन ले एवं अपने कृषि क्षेत्र को एक विस्तृत रूप दे। जिला प्रशासन लगातार किसानों को केसीसी अर्थात किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के प्रति प्रेरित कर रहा है। केसीसी से किसान कई सरकारी योजना का लाभ लेते हुए कई प्रकार के लोन लेने के योग्य बन सकते है। बैठक में उपायुक्त ने उक्त योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उपायुक्त ने शत-प्रतिशत किसानों का केसीसी बनाने पर प्राथमिकता के तौर पर कार्य करने को कहा। बैंकर्स को पुनः अपने ब्रांच ऑफिस में किसान हेल्प डेस्क 15 से 31 जुलाई तक लगाने को कहा। वहीं जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, बैंकर्स आदि को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किसानों को केसीसी, ऋण माफी योजना, पीएम किसान जैसे कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। 15 अगस्त से पूर्व शत प्रतिशत योग्य किसानों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित कर देने का कड़ा निर्देश दिया।



**ये भी रहे उपस्थित :** बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, एलडीएम गुमला, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक सहित विभिन्न बैंकों के मैनेजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## श्रम नियोजन एवं निबंधन कार्यालय से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में श्रम नियोजन एवं श्रम निबंधन कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिले के श्रमिकों के हित के संबंध में कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रवासी मजदूरों के प्रति खासा ध्यान दिया। उन्होंने कड़े रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी निबंधित प्रवासी मजदूरों का आयुष्मान कार्ड एवं श्रमिक निबंधन (असंगठित) कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी प्रवासी मजदूरों का स्किल मैपिंग करने पर भी जोर दिया, ताकि यदि किसी कारण से प्रवासी मजदूरों की जिले में वापसी हो तो उनके लिए रोजगार के अवसर तैयार हो।

# पांच भाकपा माओवादी नक्सली हथियार के साथ हुए गिरफ्तार

## लोहरदगा पुलिस ने दो कारबाइन सहित भारी मात्रा में गोली बरामद की

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सेरेंगदाग थाना क्षेत्र से भाकपा माओवादी संगठन के 5 नक्सलियों को भारी मात्रा में हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार हुए हैं। एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी आर रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी रविंद्र गंझू के निर्देश पर कार्य करते थे। एसपी ने बताया कि सेरेगदाग थाना क्षेत्र में अज्ञात भाकपा माओवादी 27 मार्च को पुंदाग में निर्माणाधीन पुल के साइट पर लगे दो ट्रैक्टर में आग लगा दी थी। वहीं सेरेंगदांग थाना क्षेत्र के मन्हेपाट से जुड़नी तक सड़क निर्माण कार्य में लगे संवेदक के मुंशी पर 22 मई को रास्ते में रोककर जानलेवा हमला किया था। साथ ही मन्हेपाट से जुड़नी तक सड़क निर्माण में लगी जेसीबी को 5 जून को आग के हवाले कर कार्य को बंद कराते हुए भाकपा माओवादी रविंद्र गंजू के नाम से पर्चा भी फेंका गया था।



सम्मानित करते एसपी और बरामद हथियार (इनसेट)।

### कौन-कौन हुए गिरफ्तार

सुनील खरवार उर्फ राजकुमार खरवार पिता लाल देव खरवार ग्राम जुड़नी, मुन्ना लोहरा पिता लालू लोहरा ग्राम हुंडी, जीवन लोरा पिता मनु लोहरा ग्राम ऊपर तुरियाडीह, तीनों सेरंगदाग थाना क्षेत्र के हैं। सुखलाल नगेसिया पिता राजेंद्र नगर से ग्राम इंचवाटांड़, समत नगेशिया पिता करमचंद नगेशिया ग्राम इंच्वाटंड पेसरार का है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 2 कारबाइन, 2 देशी कट्टा, 1 रिवाल्वर, कारबाइन मैगजीन 1,9.9 एमएम का 4 गोली, 8 एमएम के तीन गोली, 8 एमएम केएफ का मिस फायर गोली 2,8 एमएम केएफ का खोखा 1,7.62एमएम का 73 गोली, एक कारतूस, अज्ञात बोर की 4 गोली, माओवादियों का 5 पर्चा, एक पिट्ठू बैग और 4 मोबाइल बरामद किया गया।

# मानहानि मामला : राहुल गांधी को कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर कांग्रेसियों ने निकाला पैदल मार्च

- देश में लोकतंत्र व संविधान खतरे में है : चैतु उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि मामले में गुजरात उच्च न्यायालय के द्वारा सजा में राहत नहीं दिये जाने के विरोध में गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा शुक्रवार की शाम गुमला शहर में पैदल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम पटेल चौक से आरंभ हुआ जो मेन रोड होते हुए टावर चौक तक पहुंचा।

इस दौरान कांग्रेसियों के द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या हुई है। लोकतंत्र को बचाने की आवश्यकता है। संविधान खतरे में हैं। लोकसभा में गरीबों की आवाज नहीं उठा सके इसलिए राहुल गांधी के साथ भाजपा ने यह षडयंत्र रचा है। जनमुद्दों से केंद्र की सरकार लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को न्याय मिलने तक कांग्रेस पार्टी आंदोलन करते रहेगी। पदयात्रा में प्रदेश सचिव अकील रहमान, मानिक चंद साहु, राजीव रंजन महतो, राम निवास प्रसाद, शाहजहां अंसारी, मो. कलाम, विष्णु राम, गुलाम सरवर, रफी अली, फिरोज आलम, अरूण गुप्ता, मो सदाब, अमृता भगत आदि शामिल थे।



पदयात्रा में शामिल कांग्रेसी।

# एसएसबी ने चलाया मेघा पौधरोपण अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

अनगड़ा। 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रांची के द्वारा चलाये जा रहे मेघा वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत सशस्त्र सीमा वल के कमांडेन्ट एसडी शेरखाने के मार्गदर्शन में सेवा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश्य हेतु वाहिनी मुख्यालय एवं समस्त समवायों के परिसर और आस.पास के गावों में वृक्षा रोपण अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को सिरका मिडील स्कूल के परिसर में कार्य ण क्रम के मुख्य अतिथि कमांडेन्ट एसडी शेरखाने ने आम और विभिन्न किस्म के 500 पौधों का रोपण किया। इस कार्यक्रम के दौरान सिरका स्कूल के प्रधानाचार्य श्री बलराम महतो शिक्षक.शिक्षिका छात्र.छात्राओं एवं स्थानीय लोगों के साथ मिलकर कमांडेन्ट डॉ जेके शर्मा कमांडेंट द्वितीय कमान अधिकारी श्री सचिन कुमार दिनेश कुमार उप.कमांडेंट अनुराग सिंह उप.कमांडेंट श्री संजीव कुमार सहायक कमांडेंट श्री नीलेश और अन्य बलकर्मी कार्यक्रम में उपस्थित थे । इस कार्यक्रम में सिरका मिडील स्कूल के परिसर में 250 और मेराटुंगरी पंचायत के परिसर में 250 पौधों का रोपण किया गया। ताकि पर्यावरण को स्वस्थ एवं सुन्दर बनाया जा सके।



### हथियार और गोली के साथ दो युवक गिरफ्तार, जेल

गुमला। गुमला पुलिस ने हथियार व प्रतिबंधित कप शिरप के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अरमान अंसारी (27) पिता करीम अंसारी व तालिम अंसारी (23) पिता इदूल अंसारी दोनों अंबोवा गांव निवासी शामिल है। अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, चार जिंदा गोली, एक बाईक, चाकू, दर्जनों सीम, ओनरेक्स कप शिरप व नशीले टेबलेट बरामद किया है। शुक्रवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल यह जानकारी दी।

## एक नजर में

### बेड़ो से तिरुपति बालाजी के दर्शन को जत्था रवाना



बेड़ो। जय महादानी बाबा धाम यात्रा बोल बम कांवरियां संघ बेड़ो के बैनर तले कांवरियों का जत्था चार धाम यात्रा में से रामेश्वरम समेत अन्य तीर्थ स्थलों के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर उनके दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। जत्था का नेतृव कर रहे मनोज उरांव ने बताया कि यह जत्था दक्षिण भारत के पद्मनाभ स्वामी, रामेश्वरम, मीनाक्षी मंदिर, कांचीपुरम, रंगनाथ, मल्लिकार्जुन, अझिमाला, आदियोगी, अंजनेत स्वामी, मुरुदेश्वर, रामसेतु, तिरूपति बालाजी, श्री नरसिम्हा झरनी, तिरपराप्पू जलप्रपात, बैकवाटर्स यात्रा में जा रही है।

### रैयतों को रोजगार नहीं मिला तो बंद होगा काम

खलारी। डकरा परियोजना के लिए चुरी होयेर के रैयत अपनी बाप दादा की जमीन सीसीएल को माईनस चलाने के लिए दे दिया गया। लेकिन रैयतों के हाथों में सीसीएल सिर्फ कटोरा पकड़ाकर छोड़ दिया गया। यहाँ के रैयतों को ना ही आज तक रोजगार मिलाएऔर ना ही कोई सुख सुविधाएबल्कि सीसीएल इन सभी का वादा कर के ठंडा बस्ता में डाल कर छोड़ दिया। मिला सिर्फ बाहरी लोगों को जो इस परियोजना के लिए एक इंच भी जमीन का टुकड़ा भी नही दिए। उक्त बातें रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के डकरा शाखा के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा। उन्होंने कहा कि यहां के कोयले से सारा देश रौशन होता है। डकरा डंप से रैयतों को रोजगार सृजन के लिए रैयत विस्थापित बहुत ही संघर्ष कर सीसीएल प्रबंधन से रोड सेल का कार्य शुरू किया गया। जिसके माध्यम से रैयतों को रोजगार मिल सके। डकरा शाखा के अध्यक्ष ने निर्णय लिया है कि जब तक विस्थापितों को रोजगार सुनिशचित नही किया जायेगा तब तक आने वाले जाए डीओ का कार्य शुरू नही होने दिया जायेगा। अगर इन सभी का बातों ध्यान प्रबंधन नही रखती है तो रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा उग्र आंदोलन करने में बाध्य हो। जिसकी जिम्मेवारी खुद सीसीएल प्रबंधन की होगी।

# मध्य प्रदेश में भाजपा नेता की करतूत से प्रखंड कांग्रेस कमेटी में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

मांडर। प्रखंड में आदिवासी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा शुक्रवार को मध्यप्रदेश में बीजेपी नेता द्वारा एक आदिवासी गरीब के मुंह में पेशाब करने के विरोध में पुतला दहन किया गया। पुतला दहन पूर्व मध्य प्रदेश के भाजपा सरकार और बीजेपी नेता के विरोध में नारा लगाया गया। प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव ने संबोधित करते हुए कहा की भाजपा के लोग चुनाव के समय आदिवासी हितेषी बनकर वोट लेते हैं और सरकार बना लेते हैं। जब सत्ता मिल जाने के चूर में गरीब आदिवासी के ऊपर अत्याचार करते हैं उस पर घिनौना हरकत करते हैं मुंह में पेशाब कर दिया जाता है। इसी के विरोध में आदिवासी प्रखंड कांग्रेस कमेटी मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार और नेता का पुतला दहन का कार्य किया जा रहा है। मौके पर जमील मलिक, होसे उरांव, जुवेल तिगा, तबारक खान, सरोफीना मिंज, बेलस टोपो, अर्जुन महतो, सुशील उरांव, सुमित उरांव, ललीत कच्छपी मौजूद थे।



# टीपीसी का सक्रिय सदस्य हरखमन गंझू धराया, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के कुडू थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।दो वर्षो से फरार चल रहे प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के सक्रिय सदस्य हरखमन गंझू को लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पर कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू स्थित बालाजी कंस्ट्रक्शन केशर में कार्यरत पोपलेन मशीन में आग लगाने एवं मजदूरों के साथ मारपीट करने के संबंध में कुडू थाना कांड सं- 20/22 दि.- 21/02/202 धारा 341/ 323/ 120 (40) / 379/ 435/ 427/ 504/ 506/ 34 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट दर्ज किया गया था। दिनांक 01.03.2022 को मकांदू केशर से लेवी नहीं मिलने पर योजना बना कार्य स्थल पर कार्यरत मैनेजर को गोली मारने का प्रयास किया था।



# चेकडैम जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन



खबर मन्त्र संवाददाता

सिल्ली। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के पहल पर क्षेत्र के पुराने जलाशयों को संरक्षित करने के महाभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, पूर्व मुखिया डबलु महली, पूर्व उप मुखिया जगदीश महतो आदि ने सिल्ली के लोटा पंचायत के हड़वाडीह स्थित जीर्ण-शीर्ण हो चुके चेकडैम का जिर्णोद्धार कार्य का भुमी पुजन कर सुभारंभ किया । मौके पर जयपाल सिंह ने कहा कि दिनों दिन जल संकट को देखते हुए विधायक ने पुराने जलाशयों को संरक्षित करने का अभियान चलाया है। विधानसभा क्षेत्र के पुराने जलाशयों को साफ सफाई कर जल संरक्षण का कार्य किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एक अनिवार्य आवश्यकता है क्योंकि वर्षाजल हर समय उपलब्ध नहीं रहता अतः पानी की कमी को पूरा करने के लिये पानी का संरक्षण आवश्यक है। इस मौके पर राधेश्याम महतो, अंगद महतो,चडकू महतो, ग्राम प्रभारी परशुराम महतो, कालीचरण नायक, ग्राम प्रधान रवि महली, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# डायन कुप्रथा के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। थाना क्षेत्र सोनाहातू गांव में जनप्रतिनिधिए पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त बैठक किया गया। बैठक में डायन प्रथा को दूर भगाने के लिए कई विषयों पर चर्चा किया गया। मुखिया विकास सिंह मुंडा ओर थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ओर एसआई मुकेश यादव ने ग्रामीणों के बीच डायन प्रथा को दूर भगाने के लिये को लेकर अर्धविश्वास से दूर रहने, शिक्षा देने और मानसिकता बदलने की बात कही। इस दौरान डायन को लेकर कानून की धारा की जानकारी भी दिये। ग्रामीणों से इस कुप्रथा को लेकर अधिक से अधिक जागरूकता लाने की अपील किया गया। इस दौरान गांव के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल और चॉकलेट दिया गया।



### रुआर कार्यक्रम के तहत प्रभातफेरी

चान्हो। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपसर में शुक्रवार को विद्यालय रुआर कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी एवं पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विद्यालय में विशेष भोजन की व्यवस्था किया गया। स्कूल के बच्चों एवम शिक्षकए शिक्षकाएं ने स्कूल परिसर में पौधा रोपण किया गया। प्रधानाध्यापक मैहफिल अंसारी ने पौधा के महत्ता को बताएं और कहा सभी लोगो को कमसे कम एक पौधा लगाना चाहिए जिससे हो रहे पर्यावरण दूषित को संतुलित कर सके। उससे पूर्व गुरूवार को बीआरसी से पदाधिकरी की अगुवाई में विद्यालय रूआर कार्यक्रम का रथ भेजा गया और ग्रामीणों के बीच में नामांकन के लिए जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया इस फेरी में स्लोगन बोला गया और ग्रामीणों के बीच नामांकन के लिए जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

### डायन कुप्रथा रोकथाम को राहे ओपी में कार्यशाला

राहे। ओपी परिसर में प्रभारी रामरेखा पासवान की अध्यक्षता में डायन प्रथा के रोकथाम को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। बीडीओ हारून रशीद ने कुप्रथा को रोकथाम को लेकर समाज को शिक्षित, आर्थिक स्थिति मजबूत करने, चिकित्सा की व्यवस्था को मजबूत करने, ग्रामीणों की आपसी तालमेल को मजबूत करने को कहा। रोकथाम को लेकर उप प्रमुख उमेश महतो, रंग बहादुर महतो, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, पूर्व मुखिया कलावती देवी ने अपने विचार दिये। सर्वसम्मति से तय हुआ कि हर पंचायत में जागरूकता अभियान चलाने, मुख्य चौक-चौराहे और जागरूकता रैली निकालने का निर्णय हुआ।

स्पीड न्यूज

## बीआईटी सिंदरी के प्रो धीरज झा का निधन



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के मेकानिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक प्रो धीरज झा का निधन उनके बीआईटी परिसर स्थित ओ 68 में शुक्रवार की सुबह हो गया। इस खबर से पूरे बीआईटी सिंदरी परिसर में शोक की लहर दौड़ गई है। बीआईटी निदेशक डॉ डी के सिंह ने इस अपार दु:ख की घड़ी में उनके परिवार को सांत्वना देने उनके आवास पहुँचे। उन्होंने कहा कि पूरा बीआईटी सिंदरी परिवार शोकाकुल है। संस्थान में छात्रों के बीच अति लोकप्रिय मृदुभाषी शिक्षक प्रो धीरज झा पिछले पाँच वर्षों से मुँह के कैंसर की बिमारी से जूझ रहे थे। देर रात राँची स्थित मेडिका अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें घर ले जाने की सलाह दी। वे अपने पीछे दो पुत्र और धर्मपत्नी को छोड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रो झा की अंत्येष्टि उनके पैतृक आवास बिहार के जमुई जिले के झाझा में किया जाएगा।

## विस्थापितों के मुद्दे पर जन प्रतिनिधियों पर बरसे जयराम महतो



**बोकारो।** विस्थापित अप्रेंटिस संघ के बुलावे पर बोकारो के प्रशासनिक भवन के समक्ष झारखंड विस्थापित खतियानी संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष टाईगर जयराम महतो जनसभा कर विस्थापितों के नियोजन के मुद्दे पर बोलते हुए स्थानीय सांसद, विधायक से लेकर कंपनी के दलालों पर खूब बरसे। उंन्होंने कहा कि जिन्हें हमने अपना जनप्रतिनिधि चुना वो अबतक विस्थापितों की अनदेखी ही की है। आंदोलन को देखते जिला प्रशासन ने धारा 144 लगाकर सुरक्षा बंदोबस्त चौकस कर रखा था। बोकारो प्रबंधन के अधिकृत सूत्रों के अनुसार विस्थापितों के कौशल विकासए रोजगारए नियोजन व अन्यान्य विषय पर प्रबंधन कंपनी के प्रावधानों के दायरे में विधिसम्मत निर्णय लेते हुए विस्थापितों के कल्याणार्थ प्रतिबद्ध रही है और आज भी है।

## जन समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा पत्र

**धनबाद।** झामुमो धनबाद जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह नगर निगम के विभिन्न वार्डों में रोड़,नाली, विवाह भवन, स्ट्रीट लाइट कि समस्या को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात किए एवं जनसमस्याओं से अवगत कराया।उक्त मुलाकात में मुकेश सिंह द्वारा जनसमस्याओं के निदान के लिए एक मांगपत्र नगर आयुक्त को सौंपा।उक्त मांगपत्र के माध्यम से शांति कॉलनी स्टईलगएट में पीसीसी रोड़, नाली एवं स्ट्रीट लाइट की मांग की। वार्ड 13 में धुर्वे साव के सब्जी दुकान से तुलसी रजक के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण। वार्ड 13 अन्तर्गत सोहन चौहान के घर से बजरंग चौहान के घर तक पीसीसी रोड़ एवं नाली का निर्माण सहित अन्य कई जनसमस्याओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया और इनपर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की।

## देवाशीष घोष और निमाई चटर्जी की मनी पुण्यतिथि

**कुमारधुबी।** शुक्रवार को मासस के सक्रिय नेता देवाशीष घोष व निमाई चटर्जी का 23वां पुण्य तिथि देवीयना में मनाया गया । मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुप चटर्जी सहित मासस कार्यकताओं ने अपने स्वर्गीय नेता देवाशीष घोष व निमाई चटर्जी के वेदी पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि देवाशीष घोष व निमाई चटर्जी मासस के सक्रिय नेता थे। आज ही के दिन 1990 में वे सड़क दुर्घटना के शिकार हो गये थे। कार्यकर्ता उनके बताये मार्ग पर चलकर संगठन को शसक्त बनायें।

# चतरा-पलामू बॉर्डर पर जंगल में मुठभेड़

## पुलिस को भारी पड़ता देख भागे नक्सली, हथियारों का जखीरा बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

### बरामद हथियारों में कई विदेशी भी



**चतरा।** एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली झारखंड जगुवार की टीम की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ कुन्दा थाना क्षेत्र के चतरा-पलामू बॉर्डर पर स्थित अनगड़ा जंगल में हुई। 15 लाख के इनामी प्रतिबंधित रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू के दस्ते के साथ यह मुठभेड़ हुई थी। जवान जब भारी पड़ने लगे तो नक्सली जंगलों की आड़ में भाग निकले। मुठभेड़ के बाद जवानों ने भारी मात्रा में हथियार और गोलियां बरामद की हैं। एसपी राकेश रंजन ने मीडिया को बताया की टीएसपीसी नक्सली संगठन का रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ रविन्द्र जी अपने दस्ते के साथ चतरा पलामू के सरहद पर भ्रमण शील है और किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

एसपी ने आगे बताया की सूचना मिलते ही चतरा पुलिस एवं झारखण्ड जगुआर (एजी-29) की संयुक्त टीम का गठन किया गया।टीम ने कुंदा थाना के अनगड़ा जंगल को घेरा बंदी कर पुलिस सर्च अभियान चला रही थी। पुलिस को देखते ही नक्सली फायरिंग शुरू कर दिए पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग किया। पुलिस नक्सलियों को घेरने का प्रयास करते रहे परंतु नक्सली हथियार गोली अन्य सामग्री छोड़ कर जंगल का लाभ उठा कर फरार हो गए। उग्रवादियों के फायरिंग की जाने वाली दिशा में सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें विदेशी पिस्टल - 01 (चेक गणराज्य निर्मित) जिन्दा गोली 25, मैगजीन-02 कीपैड मोबाईल - 03 दैनिकी उपयोग का अन्य सामग्री बरामद हुआ। वर्तमान में इन क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया की प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के दुर्दांत रिजनल कमाण्डर आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ रविन्द्र गंझू के दस्ते के साथ जिला के घोर नक्सल प्रभावित थाना कुंदा के अनगड़ा जंगल में (15 लाख ईनामी) के दस्ता के साथ मुठभेड़ हुई है । सर्च अभियान के दौरान विदेशी हथियार,गोली एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया है। एसपी ने कहा है कि नक्सली मुख्य धारा से जुड़ कर झारखंड सरकार की नई दिशा पॉलिसी का लाभ उठाएं और शांति प्रिय जीवन यापन करें। अन्यथा पुलिस की नक्सली संगठन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## लोगों को घर तक मिलेगी चिकित्सा सुविधा : ठाकुर




**गढ़वा।** स्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित स्माइल अन व्हीलस मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम का शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। मंत्री ने सदर अस्पताल परिसर से हरी झंडी दिखाकर मोबाइल हेल्थ यूनिट वैन को रवाना किया। यह मोबाइल हेल्थ यूनिट जिले भर में लोगों को मोबाइल चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएगी। जिले के गांव-गांव में लोगों के घर तक पहुंचकर बच्चों एवं पूरे परिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा निशुल्क जांच, इलाज एवं दवा उपलब्ध करायेगी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और नया आयाम जुड़ गया है। इसके जरिये गुणवतापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लोगों के घर तक पहुंचाया जाएगा। एमएसडी फार्मास्युटिकल के सीएसआर फंड से झारखंड सरकार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से स्माइल फाउंडेशन के मोबाइल हेल्थ केयर प्रोगाम स्माइल अन व्हीलस के तहत जिले के चिन्हित गावों में वंचित आबादी के प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों को उनके घर के दरवाजे तक जाकर पूरा किया जाएगा। इस वैन के मायम से जांच एवं इलाज के अतिरिक्त लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

## पांच दिन के भीतर चाकूबाजी में दो की हत्या, एक घायल

**चंद्रपुरा।** बोकारो के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के डीवीसी कॉलोनी में रहने वाली महिला को साइको किलर ने चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। महिला को बोकारो जनरल अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए रेफर क्या गया है।बताते चलें कि चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में चार.पांच दिनों से चाकू मारकर हत्या व घायल करने की घटनाओं ने लोगों को आतंकित कर दिया है इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा ने बताया कि पिछले चार.पांच दिनों के भीतर 3 लोगों के साथ चाकू मारने की घटना घटी है जिसमें 2 लोगों की मौत हो चुकी है ।यह घटना को अंजाम एक ही व्यक्ति के द्वारा दिया जा रहा है ।इसने सबसे पहले अपनी पत्नी तथा चाची और आज सुबह चंद्रपुरा में रहने वाली महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया।

## ईस्ट बसुरिया में असंगठित मजदूरों की बैठक में प्रबंधन से आरपार की लड़ाई का निर्णय

### बसुरिया शहीद मैदान में हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**तेतुलमारी।** शुक्रवार को ईस्ट बसुरिया शहीद मैदान में असंगठित मजदूर मोर्चा की एक बैठक भोला चौहान के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि ईस्ट बसुरिया शहीदों की धरती है यहां माफिया को खदेड़ने के लिए लाल झंडा के तीन साथियों ने अपनी शहादत दी। शहीद थामी मंडल, जगदीश मंडल, कादीर मियां की शहादत की धरती है। उन्होंने अपनी शहादत देकर इस धरती को माफिया मुक्त किया । फिर से माफिया शक्ति दोहरा चरित्र को दशार्ते हुए।हम सभी के बीच में सेंधमारी कर रहा है। ऐसे शक्ति के खिलाफ गोलबंद होकर लड़ना होगा और चट्टानी एकता का परिचय देना होगा।कोलियरी प्रबंधन से आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार रहना होगा।

### बैठक में थे शामिल

बैठक में शाखा अध्यक्ष दुलाल चंद्र बावरी, सुनील रामदास, नंदकुमार भुईया, सर्वजीत कौर, शांति देवी, कौशल्या देवी, महेश भुईया,राधा बावरी, उपेंद्र भुईया, सुखदेव बावरी, प्रकाश भुईया, दीपक कुमार, भूपेंद्र कुमार, राजदेव मलहा, लक्ष्मण बावरी, कारी भुईया, बुटन बावरी आदि लोग शामिल थे।

# पत्रकार और पुलिस एक दूसरे के पूरक : निशा मुर्मू



**कतरास।** कतरी नदी स्थित प्रेस क्लब, कतरास में शुक्रवार को दोपहर समय विशेष आमंत्रित अतिथि बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू के आगमन पर क्लब के पत्रकारों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंची डीएसपी निशा मुर्मू को क्लब के संरक्षक उमेश श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा ने बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीएसपी निशा मुर्मू ने पुलिस-पत्रकार मैत्री को मजबूत बनाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा, पत्रकार और पुलिस एक दूसरे का पूरक हैं। इस परंपरा को हम दोनों निर्वहन करें। तभी हम एक मजबूर समाज का निर्माण कर कर सकते है। पॉजेटिव और निष्पक्ष खबरों से समाज को अच्छा संदेश जाता है। स्वस्थ्य आलोचना का पुलिस स्वागत करती है।

इस दौरान प्रेस क्लब परिवार ने केक काटकर डीएसपी निशा मुर्मू का जन्मदिन मनाया। साथ ही उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष राम पांडेय ने क्लब में शुभ उपस्थिति के लिए डीएसपी निशा मुर्मू के प्रति आभार व्यक्त किया। क्लब के पदाधिकारियों ने निशा मुर्मू को प्रेस क्लब का मोमेंटो देकर आतिथ्य स्वागत किया। इस दौरान सुधीर सिंह व मो. कलाम ने विशेष उपहार दिये। कार्यक्रम की सफलता में प्रेस क्लब के दीपक गुप्ता व सुमन सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## टाटा स्टील झरिया डिवीजन में वन महोत्सव सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झरिया डिवीजन में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। वन महोत्सव सप्ताह के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान, बांस वृक्षारोपण और पौधों के वितरण जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। पूरे समारोह के दौरान कर्नल भवानी सिंह निर्वाण, हेड एडमिनिस्ट्रेशन, पंकज दास, हेड एचआरबीपी, सुजीत कुमार झा, सीनियर मैनेजर ,सिक्योरिटी, प्रदीप गौर, सीनियर मैनेजर एनवायरनमेंट, राणा भीम प्रताप सिंह, सीनियर मैनेजर टाउन मेंटेनेंस के साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सक्रिय भागीदारी ने इस पहल के माध्यम से हरियाली के महत्व पर जोर दिया और हरित भविष्य की दिशा में योगदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया। पौधों के वितरण का उद्देश्य जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और पर्यावरण के पोषण में भागीदारी के लिए सभी को प्रोत्साहित करना था।

### आज बोकारो में विलंब से होगी जलापूर्ति

**बोकारो।** 7 जुलाई को रॉ वाटर पाइपलाइन में एक आवश्यक रिपेयर के कारण टाउनशिप के सभी सेक्टरों में 8 जुलाई को जलापूर्ति विलम्ब से होने की संभावना है। यह जानकारी बोकारो स्टील प्लांट के जन .सम्पर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है।

## यंग इंडियंस के साथ श्रीनाथ पब्लिक स्कूल

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल का आज यंग इंडियन्स के साथ एमओयू हुआ जिसमें श्रीनाथ पब्लिक स्कूल भविष्य में इस संस्था के सभी कार्यक्रमों में अपना पूर्णरूपेण सहयोग करेगा। साथ ही संस्था भी अपने द्वारा चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों में विवि को सहयोगी बनाएगा । इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के डीन श्री जे राजेश विद्यालय की सीसीए ग्रुप की कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रवीण अरोड़ा एवं यंग इंडियन्स के पदाधिकारी शुश्री विजेल मेहता को चियरथारेल ऋषि आरोड़ो को चेयरथारेल के बीच गहन मंत्रणा एवं विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि यंग इंडियंस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यालय एक सहयोगी की तरह कार्य करेगा। युवा नेत्तृत्व,राष्ट्र निर्माण, और युवा विचारक, जिन्हें राष्ट्र के विभिन्न समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाती है यह विद्यालय । छात्र- छात्राओं के सर्वांगिक विकास के लिए काम करती है। यह प्रत्येक बच्चों की सहायता कर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

## चांडिल डैम का जल स्तर 180 मीटर से नीचे रखा जाये : सबिता महतो



विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को मांग पत्र सौंपतीं विधायक सबिता महतो।

**चांडिल।** शुक्रवार को जमशेदपुर के निर्मल भवन में जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार से ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो व घोड़ानेगी गांव के रैयतदारों एवं विस्थापित ग्रामीण मिले। विधायक ने सचिव को एक मांग पत्र सौंपा जिसमें चांडिल स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के शिविर हेतु घोड़ानेगी गांव का जमीन विगत 40 वर्षों से कार्यालय एवं आवासीय कॉलोनी, निरीक्षण भवन, पॉलिटेक्निक कॉलेज, गोदाम का निर्माण के लिए लिया गया था। परंतु आज तक रैयतों का मुआवजा भुगतान नहीं किया गया। चांडिल डैम प्रक्षेत्र में कुल 116 गांव पूर्णत प्रभावित हुए है परंतु वर्तमान में जल संसाधन विभाग द्वारा आर एल 183 मीटर तक के प्रभावित गांवों को पूर्णात पुनर्वास सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है ऐसी स्थिति में जनहित में आर एल180 मीटर तक ही जल भंडारण करना ही श्रेयस्कर है। मात्र 43 गांव के ही विस्थापितों का ही पुनर्वास की दिशा में पहल की जा रही है जबकि कुल 116 गांव को पूर्णा पुनर्वास की दिशा में पहल होनी चाहिए।

विधायक ने मांग पत्र में चांडिल डैम के जलस्तर को आर एल 180 मीटर से नीचे रखने व घोड़ानेगी के 118 रैयतो का जमीन मुआवजा भुगतान का मांग किया है। इस मौके पर उपायुक्त अरवा राजकमल, अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, अभय यादव, पशुपति बागची, गणपति कैवत, सुभाष चंद्र महतो, अमीन महतो, धनंजय पोद्दार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## धनबाद : कांग्रेस कार्यालय खुलवाने को लेकर धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार अंचल कार्यालय धनबाद में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष के तत्वाधान में बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने के लिए धरना दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के आदरणीय अध्यक्ष ने संतोष कुमार सिंह ने धरना देने के उपरांत अंचल अधिकारी प्रशांत लायक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिलाध्यक्ष ने बताया विगत अप्रैल से ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निदेर्शानुसार जिले में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में धनबाद जिला के प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने के लिए धरना प्रदर्शन जारी है और अभी आगे भी जारी रहेगा। कांग्रेस कार्यालय कांग्रेस परिवार का का मंदिर है भाजपा के शासनकाल में साजिश के तहत इसे बंद कर दिया गया था जबकि बगल में मनोरंजन का केंद्र यूनियन क्लब और कई ऐसे भवनों को बंद किया गया लेकिन उन सब को खोल दिया गया है और हमारे कांग्रेस कार्यालय को खोलने के लिए कई तरह के व्यवधान खड़े किए जा रहे हैं।

## प्रदूषण को लेकर झरिया के लोगों ने सीएम को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** प्रदूषण से त्रस्त झरिया के हजारों लोगों ने मुख्यमंत्री को भेजा हस्ताक्षर युक्त त्राहिमाम संदेश। कोयलांचल में विकराल रूप ले चुकी प्रदूषण के खिलाफ पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव एवं उसके सहयोगी द्वारा मुहिम स्वरूप विगत 13 जून से चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान का 25 वां दिन झरिया डाकघर के मुख्य डाकपाल हरेंद्र नाथ सिन्हा के माध्यम से झरिया के माताएं बहने छात्र-छात्राएं व्यापारी बंधु नौजवानों का बावन सौ पैंतीस (5235) लोगों का हस्ताक्षर युक्त जन आवेदन सह त्राहिमाम संदेश माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा ।पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने कहा कि बी सी सी एल द्वारा अधिकृत आउटसोर्सिंग कंपनी सारे नियमावली को ताक पर रखकर आसमान से मौत बरसा रही है। ट्रांसपोर्टर भी कोयला ढुलाई में सारे नियमावली का उल्लंघन कर सड़कों पर चलना दुश्वार कर दिया है।हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। हम झरिया वासियों के साथ जानवरों जैसा सलूक किया जा रहा है। और आपका प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मूकदर्शक बनी बैठी है। मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन के नेता ट्रेडिंग करने में लगे हुए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सारे मॉनिटरिंग करने वाले की हिस्सेदारी तय हो चुकी है हमारी सांसो पर भी हमारा हक नहीं रहा हम शुद्ध हवा के लिए भी तरस रहे हैं।

# नयी शिक्षा नीति से दूर होगी बेरोजगारी : अरविंद

### चिन्मया विद्यालय में सीबीएसई प्राचार्यों की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के तत्वावधान में सीबीएसई से संबद्ध जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक बोकारो एवं गिरिडीह के सिटी को-ऑर्डिनेटर सूरज शर्मा के नेतृत्व में हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद कुमार मिश्रा रीजनल ऑफिसर सीबीएसई पटना रीजन थे। इस कार्यक्रम में बोकारो जिले के 50 से अधिक सीबीएसई से संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य सम्मिलित हुए। विद्यालय के छात्राओं ने गणेश वंदना नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी। प्राचार्य सूरज शर्मा ने सम्मिलित हुए सभी शिक्षकों का आभार प्रकट किया। श्री मिश्रा ने शिक्षकों की महत्ता की चर्चा करते हुए नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन से निश्चित ही भारत में गरीबी बेरोजगारी अशिक्षा दूर होगी। श्री मिश्राए रीजनल ऑफिसर सीबीएसई पटना रीजन ने चिन्मय विद्यालय के स्वामी तेजोमयानंद सभागार में 40 विद्यार्थियों को सीबीएसई 2023 की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

## जमशेदपुर में एनआइटी के पूर्व छात्र के अपहरण का प्रयास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस ने एनआईटी के एक पूर्व छात्र डिजिटल मार्केटिंग करने वाले युवक के अपहरण के एक मामले को विफल कर दिया है। घटना बीते गुरुवार देर शाम की है। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जिले के आदित्यपुर, गम्हरिया और आरआईटी तीन थानों की पुलिस ने युवक के अपहरण का प्रयास विफल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदित्यपुर थाना अंतर्गत आरआईटी के गोकुल नगर सोसायटी के रहने वाले सुमित राज नामक युवक को एमडी हसन नामक युवक ने फोन कर आरआईटी मोड़ पर बुलाया। अपने एक साथी अरविंद के साथ जब सुमित आरआईटी मोड़ पहुंचा तो वहां हसन पहले से ही मौजूद था। वहां हसन ने अपने पांच अन्य साथियों के सहयोग से जबरन एक आईटेन कार संख्या जेएचड1सीजेड/ 0945 में जबरन हथियार के बल पर उसे बैठा लिया और उसके चेहरे को ढक दिया। उसके बाद सुमित को किसी अज्ञात स्थान पर ले गए। इस दौरान अपराधियों ने सुमित से अपने वैसे रिश्तेदार का नंबर देने की बात कही जो दस लाख रुपए बतौर फिरौती उन्हें तत्काल दे सके, अन्यथा जान से मार देने की धमकी दी गई। तत्पश्चात, सुमित ने अपनी पत्नी और अपने दोस्त अरविंद का नंबर अपहताओं को दिया। अरविंद घटना के बाद सुमित की पत्नी को लेकर आदित्यपुर थाने पहुंचा। इस बीच बार-बार अपहताओं का फोन आता देख थाना प्रभारी राजन कुमार हरकत में आए और तत्काल इसकी सूचना एसडीपीओ हरविंदर सिंह एवं एसपी आनंद प्रकाश को दिया। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में तत्काल एक टीम का गठन कर अपहताओं की खोज शुरू किया गया। करीब पांच घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गम्हरिया के अर्का जैन यूनिवर्सिटी मार्ग के समीप सुनसान जगह से आईटेन कार बरामद किया।

पुलिस के आने की भनक लगते ही अपहर्ता भाग निकले। इधर, मौका पाकर सुमित भी रात के अंधेरे में किसी तरह कार से उतरकर भाग निकला। मुख्य सड़क पर आते ही सुमित की नजर उसे ढूंढ रही पुलिस पर पड़ी तो उसने राहत की सांस ली। उसके बाद सुमित को साथ लेकर पूरी रात अपहताओं की तलाश की गई पर उनका कोई सुराग नहीं मिला। बताया जा रहा है कि इस पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड पटना का रहने वाला सुदर्शन है जो सुमित को पहले से ही जानता था।

# खबर मन्त्र -राष्ट्र निर्माण का अहम मंत्र


रखें एक से ज्यादा विकल्प, संवरेगा करियर

उर्सुलाइन इंटर कॉलेज में खबर मन्त्र का करियर सह मोटिवेशन काउंसिलिंग, छात्राओं ने लिया ऊंची उड़ान भरने का संकल्प

मेहनत करने वालों को मिलती है सफलता

प्राचार्या मेरी ग्रेस ने कहा कि कड़ी मेहनत से ही ज्ञान और जीवन में ऊंचाइयों को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के आयोजन का अर्थ है कि आपके अंदर छिपी प्रतिभा पूरे तौर पर बाहर आये। देश, समाज और विशेषकर आपके परिजनों के लिए उपयोगी हो। सफलता करने वालों को मिलती है न

सिर्फ सपने बुनने से नहीं मिलती सफलता

विकास कुमार ने बड़े ही रोचक तरीके से बताया कि कॅरियर को लेकर सिर्फ बड़े सपने बुनने सफलता नहीं मिलती है। हमें अपने ज्ञान, स्थिति और कॅरियर के एक से ज्यादा विकल्प पर सोच कर आगे बढ़ना चाहिए। परीक्षा में अंक लाना अलग बात है और जीवन में कॅरियर में सफलता दूसरी बात। सफलता के लिए ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल करनी होगी। दिल्ली में एडमिशन के लिए कई विषय जिनमें अर्थशास्त्र और कॉमर्स शामिल है, उसमें 99 प्रतिशत तक अंक लाने पड़ रहे है। रांची शहर के कई कॉलेजों के कट ऑफ मार्क्स भी तेजी से बढ़े है। इसलिए, कॅरियर के लिए बेहतर संस्थान तक पहुंचना आवश्यक है। दिल्ली के सामान्य ग्रेजुएट कॉलेजों में प्लेसमेंट हो रहा है। लॉ, एमबीए, बीबीए, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, एनजीओ, कॉल सेंटर, आईटी सेक्टर, सिविल सर्विस, नेट, टीचर्स जैसे विविध क्षेत्र के कॅरियर में जुड़ने के लिए अपने आप को तैयार करें।

रोजाना की जानकारी महत्वपूर्ण

पत्रकार एनके मुरलीधर ने कहा कि अच्छे शिक्षण संस्थान में पढ़ने का उद्देश्य पूरा होना चाहिए। क्लास की पढ़ाई के साथ ही हमें विविध प्रतियोगिता परीक्षा के पैटर्न, उसमें पूछे गये सवालों से आइडिया और उसके अनुसार अपनी

# देश और समाज को समर्पित 10 साल



## एनके मुरलीधर

एक संपूर्ण समाचार की जो परिकल्पना खबर मन्त्र हिंदी दैनिक के रूप में की गयी थी उसके एक दशक बाद और तेजी से आगे बढ़ने का समय आ गया है। संवाद की वह परम्परा जिसे हम नारदीय परम्परा कहते हैं उससे आज तक सूचना का प्रवाह सदैव समाज के निमार्ण को समर्पित होता है। खबर मन्त्र की स्थापना भी संस्थापक  अभय कुमार सिंह की उसी चेतना और राष्ट्र निमार्ण की प्रतिबद्धता को लेकर की गयी थी जिससे हम वैश्विक ताकत बन सके।

झारखंड राज्य के निमार्ण के बाद से ही राज्य के संसाधनो और युवाओं को दिशा दिखाने का दुरूह कार्य की चुनौती को डॉ सिंह के कुशल नेतत्व में आंरभ हुआ। उदेश्य स्पष्ट था कि राष्ट्र हित सर्वोपरि और सबकी बात सबके साथ। एक दशक की यात्रा में उन सभी मापदंडों पर खरा उतरे जिसे पत्रकारिता का आदर्श कहा जाता है। मुझे याद है कि नेशलन लॉ यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में मुझे तत्कालिन वीसी निर्मल जी ने बुलाकर पूछा था कि आपके अखबार और आपके समाचार लेखों में कोई संपादकीय या प्रबंधकीय दबाव नजन नहीं आता है इसका क्या कारण है? यह आज की तारीख में बहुत बड़ी बात है। उन्होंने आगे कहा कि जहां तक मुझे जानकारी मिली है कि खबर मन्त्र कोई देश का बड़ा व्यापारिक घराना का अखबार नहीं है फिर इतनी स्पष्टता कि सुबह सुबह मन खुश हो जाता है।

मैंने उनसे कहा कि सर हमारे संपादक अभय कुमारसिंह का कहना है कि खबर तो खबर है सूचना और जानकारी भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनका मानना था कि सार्वजनिक जीवन में काफी लोगों से जान पहचान है अगर मैं अपने अखबार के संपादकीय विभाग के सहयोगियों के काम में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करता हूं। यह किसी भी संस्थान के लिये बहुत बुरी स्थिति होती है। वीसी साहेब बहुत खुश हये और कहा कि मैं आपके संपादक जी से मुलाकात अवश्य करूंगा और वे आये भी।

खबर मन्त्र के प्रकाशन के आंरभ से ही युवाओं की आवश्यकताओं जैसे जॉब, उनके नैतिक उत्थान, झारखंड की समस्या और उसमें युवाओं के लिये पैदा होती कठिनाई, राजनीति को दशा-दिशा दिखाने का काम, पूरे राज्य के हर जिले, प्रखंड और पंचायत तक की समस्या को उनके अनुसार पर्याप्त स्थान देकर उन लोकतांत्रिक मूल्यों कोजीवित करना जिससे राष्ट्र प्रगति करता है।

मीडिया में हो रहे परिवर्तन को लेकन जो चुनौती सामने आ रही थी उसे समझते हुए अखबार के आंरभ से ही सामाजिक सरोकार को पन्नों तक छपने वाले अखबार से उपर उठा दिया। युवाओं के लिये जहां शिक्षा-दीक्षा नामक पृष्ठ आंरभ किया गया वहीं स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों में करियर और मोटिवेशन के विशेषज्ञों की टीम बनाकर युवा शक्ति को सशक्त करने का काम खबर मन्त्र ने बेखूबी किया।

भव्य आधारभूत संरचना, अनुभवी टीम और जोश भरने वाले संपादक डॉ अभय कुमार सिं ह ने एक बड़ी लकीर खीचने की प्रेरणा दी।

### सूचनाओं के हर फलक पर विशेष ध्यान

खबर मन्त्र में खबरों और सूचनाओं में पाठकों के उपयोग और उनकी समझ तक का पूरा ख्याल रखा गया। पूरे प्रांत के हर जिले और प्रखंड स्तर से आती खबरों को पूरी तरह से जांच परख कर ही प्रस्तुत किया गया। इससे अखबार की मांग लगातार बढ़ती गयी। एक समाचार माध्यम का कार्य समाज के सबसे निचले तबके के हितों और कठिनाइयों से सरकार और शासन को अवगत कराना है। यही नहीं सरकार और प्रशासन की सक्रियता से भी आम जनों को जोड़ें रखना भी सबसे बड़ा दायित्व है। अबबार के प्रकाशन के पहले दिन से आज तक उन मूल्यों पर कार्य करता रहा है।

### युवाओं का हित राष्ट्र हित

पूरी दुनिया में भारत सबसे युवा देश है। कोई भी मीडिया संस्थान युवाओं से जुड़ें बगैर अपनी मुकाम हासिल नहीं कर सकता है। इस बात को समझते हुए पूरे राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन और शैक्षणिक सुविधाओं का प्रमाणिक खबर प्रकाशित कर राज्य औरदेश के युवाओं को सचेत किया। झारखंड की मूल समस्या शिक्षा का निम्न स्तर और ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की निराश, बेरोजगारी पलायन और नक्सली गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील खबरों को पूरी सावधानी से प्रकाशित किया। इस कार्य से खबा मन्त्र की विश्वसनीयत लगातार बढ़ती गयी।

स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थानों में विशेषज्ञों के माध्यम से संवाद के कारण जहां हमारी समाजिक सरोकार का कार्य संपादित हुआ वहीं पूरे झारखंड राज्य में नहीं पूर्वी भारत में अखबार की एक पहचान बनी। शिक्षा के महत्व को समाज में स्थापित करने में हमारे अखबार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### हर पहलू को छूने का प्रयास

अखबार आंरभ होने के साथ ही झारखंड लोक सेवा आयोग के घोटाले की खबरों से सनसनी फैल गयी। राज्य के युवाओं के भविष्य का सवाल था और राजनीति, प्रशासन सभी ओर यह विमर्श चल रहा था कि क्या होगा? इस बीच खबर मन्त्र ने लगातार जेपीएससी घोटाले की खबर सबसे बेतहर ढंग से छापकर अपनी उपयोगिता और अपनी दक्ष टीम की क्षमता को प्रकट कर दिया। यही कारण था कि झुंड के झुंड युवा खबर मन्त्र के परिसर में आककर आकर अखबार को धन्यवाद देते और अपनी समस्याओं से अवगत कराने लगे। जेपीएससी घोटाला को चारा घोटाला से भी बड़ा माना गया और इसकी चर्चा पूरे देश में हो रही थी। इस पूरे घटनाक्रम का सटीक और सही रिपोर्ट से अखबार का आंरभ ही युवाओं के हित और उसके प्रकटीकरण से हो गया।

उन दिनों में जब भी किसी शिक्षण संस्थान में गया तब जैसे ही मैं अपने अखबार खबर मन्त्र का नाम लेता छात्र ताली बजाकर हमारा स्वागत करना नहीं भूलते। किसी भी नवोदित अखबार के लिये यह गर्व की बात थी।

### उतराखंड त्रासदी और हमारी रिपोर्ट

2013 में हुए उतराखंड त्रासदी में बड़ी संख्या में लोग मारे गये थे। हमारे राज्य के गरीब निर्धन गांवों के गरीब लोगों की आवाज बनकर खबर मन्त्र ने राज्य के कोने-कोने से सूचना जुटाकर लोगों को मिलाने का काम किया। प्रशासन को चौकस कर उन साधनहीन ग्रामीणों की मदद की जो अपने को असहाय महसूस कर रहे थे। इस बेहतरीन रिपोर्टिंग के कारण समाज के सक्रिय और संवेदनशील लोगों के मन में एक बड़ा स्थान बनाने में खबर मन्त्र सफल रहा है।

एक रत्नगर्भा राज्य झारखंड में पर्यावरण और खनिज से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित कर हमने एक बड़ी लकीर खींच दी। इसका एक व्यापक असर पूरे राज्य पर हुआ। हमने एक स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया जो आज की तारीख में किसी भी मीडिया हाउस के लिये सबसे आवश्यक प्रतिबद्धता है।

### सही और सटीक सूचना

अखबार की सबसे बड़ी प्रतिबद्धता सही और सटीक सूचना देना है। बिना किसी अतिरेक के हमने शैने-शैने एक लकीर खीचना आंरभ किया। अपने समाचार पत्र के हर सटीक खबरों को सफलता की एक-एक ईट की तरह सजाकर हम आगे बढ़ने लगे। हर जिले प्रखंड तक पहुंचकर हमने एक अमिट छाप छोड़ी जिसका परिणाम यह हुआ कि आज भी अखबार राज्य के पांच शीर्ष समाचार पत्र में स्थान बनाने में कामयाब हो गया है।

हमारे राज्य के हर जिले के ब्यूरो और संवाददाताओं ने अथक प्रयास किया जिसके कारण हम उन खबरों को भी मूल सूचना के क्रम में प्रसारित करने में सफल रहे।

समाचार संवाद के क्रम में निष्पक्षता सबसे बड़ी पूंजी होती है।  खबर मन्त्र ने अपने आगाज से ही इस पूंजी को जुटाना आंरभ किया जो आज भी जारी है। समाज का हर वर्ग सच को पंसद करता है और गढ़ी और बढ़ाई समाचारों को नापसंद करता है। आज सबसे बड़ी चुनौती इसी विषय की है जिसमें हमने एक बड़ी लकीर खींच दी। सरकार को आईना दिखाना हो या हमें विकास की खबरों को राज्य और समाज हित में प्रसारित करना हमारी निप्पक्षता कायम रही जिससे हम स्थापित होते गये।

एक दशक की यात्रा में हमने कोरोना काल का दंश भी झेला जब हमारे सूत्रघार हमें छोड़ कर चले गये लेकिन उनकी दूरदर्शिता और योजना का परिणाम है कि खबर मन्त्र निर्वाध गति से आगे बढ़ रहा है। समाज का हर तबका और राज्यके हर प्रखंड पंचायत तक हमारी पहुंच यह सिद्ध करती है कि हमारी सफलता का प्रयास सही दिशा में है और हम एक बड़ी लकीर खीचने में सफल रहें है। आज खबर मन्त्र किसी परिचय का मोहताज नहीं है जन-जन की बात सबकी बात सबके साथ के सूत्र वाक्य के साथ आगे बढ़ रहा है।

# बदलाव से वैश्विक पहचान बनाता खबर मन्त्र



## अनुष्का चौधरी

10 साल के कम समय में अगर किसी समाचार पत्र का राज्य में पहचान बन जाए तो किसी भी प्रकाशन दैनिक अखबार के लिये बड़ी बात है।  खासकर जब आपको लगातार और ईमानदारी से काम करना होता है। मैं 16 साल की थी जब मैंने पहली बार खबर मन्त्र के बारे में सुना। तब किसने सोचा होगा कि 4 साल बाद मैं यहां सबसे अनुभवी, विनम्र और मददगार लोगों के साथ एक प्रशिक्षु के रूप में काम सीखने के लिये ज्वाइन करूंगी। चूंकि खबर मंत्र अपनी 10वीं वर्षगांठ पूरी करेगा और 11 वे साल में प्रयास करेगा इसलिए मैं यहां एक प्रशिक्षु के रूप में अपना अनुभव साझा करते हुए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

खबर मंत्रा अखबार में इंटर्नशिप करना मेरी पेशेवर यात्रा में एक निर्णायक क्षण था। साक्षात्कार आयोजित करने से लेकर सम्मोहक लेख लिखने तक, मैंने एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की जिसने मेरे ज्ञान का विस्तार किया, मेरे कौशल को निखारा और समाचार रिपोर्टिंग की दुनिया के लिए मेरे अंदर एक गहरा जुनून पैदा किया। अपने पहले दिन हलचल भरे न्यूजरूम में कदम रखते हुए, मैं ऊजार्वान माहौल और कहानियों के सामने आने की अथक गति से अभिभूत हो गया। अनुभवी पत्रकारों जैसे अविनाश ठाकुर जी , मुरलीधर जी आदि संपादकों के सहयोग करने से मुझे समाचार संपादन की जटिलताओं का पता चला। मैंने तेजी से पत्रकारिता की तत्कालिकता और मांग वाली प्रकृति को अपनाते हुए एक पेशेवर समाचार कक्ष की गतिशीलता को समझना सीख लिया। टीम के बीच भाईचारा स्पष्ट था, क्योंकि उन्होंने आसानी से अपनी विशेषज्ञता साझा की और मुझे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपीं।

एक प्रशिक्षु के रूप में, मुझे विभिन्न विषयों पर गहन शोध करने और उन पर लेख लिखने का काम सौंपा गया था। इस अनुभव का सबसे अच्छा हिस्सा यह था कि मुझे खुद को अभिव्यक्त करने की आजादी थी और यह केवल खबर मंत्रा के लोगों के कारण था। उन्होंने मेरे लेखन को प्रोत्साहित किया, मुझे अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और मेरे लेख प्रकाशित किए जो मेरे जीवन के सबसे बड़े मील के पत्थर में से एक साबित हुए। इस अनुभव ने मुझे रिपोर्टिंग में संपूर्णता और सटीकता का महत्व सिखाया। मैंने बड़ी मात्रा में जानकारी को छांटना, स्त्रोतों की पुष्टि करना और तथ्यों की सावधानीपूर्वक जांच करना सीखा। विविध पृष्ठभूमि के विषयों के साक्षात्कार ने मेरे संचार कौशल को चुनौती दी और मुझे तीक्ष्ण प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि मैं प्रत्येक कहानी के पीछे की सच्चाई को उजागर कर सकूं।

मनमोहक लेख तैयार करने की कला एक ऐसा कौशल था जो मैंने यहां अखबार के साथ अपनी इंटर्नशिप के दौरान विकसित किया था। अनुभवी मुरलीधर सर के मार्गदर्शन में, मैंने पाठकों का ध्यान खींचने वाली संक्षिप्त, जानकारीपूर्ण और आकर्षक रचनाएँ लिखना सीखा। जिज्ञासा जगाने वाली सुर्खियाँ लिखने से लेकर लेखों को प्रभावी ढंग से संरचित करने तक, मैंने अपनी लेखन शैली में सुधार किया। संपादकों से मुझे जो प्रतिक्रिया और रचनात्मक आलोचना मिली, वह मेरी कहानी कहने की क्षमताओं को बेहतर बनाने और मेरे गद्य को बेहतर बनाने में अमूल्य थी।  खबर मंत्र में काम करने से मुझे लगातार विकसित हो रहे उद्योग में अनुकूलनशीलता का महत्व सिखाया गया। ब्रेकिंग न्यूज स्टोरीज को कवर करने से लेकर फीचर लेखों पर काम करने तक, मैंने नई चुनौतियों को स्वीकार करना और अपने दृष्टिकोण को तुरंत समायोजित करना सीखा। समय-सीमा माफ करने योग्य नहीं थी, और मुझे उच्च-गुणवत्ता वाला काम करते समय दबाव में शांत रहने की आवश्यकता का एहसास हुआ। अनुकूलन की इस क्षमता ने न केवल मेरी पेशेवर क्षमता को बढ़ाया बल्कि मुझे एक मूल्यवान जीवन कौशल से भी सुसज्जित किया।

मेरे अनुभव के सबसे फायदेमंद पहलुओं में से एक क्षेत्र के पेशेवरों से जुड़ने का अवसर था। नेटवर्किंग कार्यक्रमों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और साक्षात्कारों ने मुझे स्थापित पत्रकारों, उद्योग विशेषज्ञों और सार्वजनिक हस्तियों के साथ बातचीत करने की अनुमति दी। इन कनेक्शनों ने न केवल मेरे पेशेवर नेटवर्क का विस्तार किया बल्कि मेरी भविष्य की करियर आकांक्षाओं के लिए अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

मैंने स्थानीय खाद्य उत्पाद जैसे रूगड़ा, मशरुम पर रिपोर्ट तैयार की जो प्रमुखता से छापी गयी। इससे मेरे आत्मविश्वास में इजाफा हुआ। लिखने और समझने की छूट खबर मन्त्र के टीम की विशेषज्ञता रही है। मुझे अखबार के पहले, दूसरे और संपादकीय पृष्ठ के अतिरिक्त फीचर पेज पर काम करने का अवसर मिला। मुझे यह बताने में कोई संकोच नहीं है कि छोटे से कार्यकाल में ही जिस प्रकार मुझे स्थान प्राप्त हुआ उससे मेरे पत्रकारिता के पाठ्यक्रम का पूरा करने के साथ इस दिशा में करियर की संभावनाओं का द्धारा खोल रहा है। जैसा कि मुरलीधर सर ने बताया कि प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता बनी हुई है और खबर मन्त्र भी तेजी उन बदलावों के साथ प्रस्तुत हो रहा है जिससे हमारी पाठक तक पहुंच बनी रहे। जैसे खबर मत्रं का ई पेपर भी बहुत उपयोगी है और इसके पाठको में दिनो दिन ईजाफा हो रहा है। पूरी दुनिया में इ पेपर की पठनीयता है और हिंदी का प्रसार प्रसार भी पूरी दुनिया में हो ही रहा है। इसका लाभ अखबार को मिल रहा है। आज विश्व के हर देश में भारतीयों की पहुंच है और वे हमारे खबर मन्त्र के ई पेपर, फेस बुक, व्हा्टस अप, ट्विठर, इस्टाग्राम जैसे आधुनिक सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़ें हुए है। हर दिन खबर मन्त्र के पाठकों की सख्या प्रिंट से लेकर इलेक्ट्रानिक माध्यमों तक बन चुकी है।

इस अखबार के साथ मेरा इंटर्नशिप अनुभव परिवर्तनकारी से कम नहीं है। न्यूजरूम के तेज-तर्रार माहौल को अपनाने से लेकर अपने शोध, लेखन और अनुकूलन कौशल को निखारने तक, मैंने अमूल्य ज्ञान और अनुभव प्राप्त किया।

खबर मंत्र के पत्रकारों और संपादकों द्वारा प्रदान किया गया मार्गदर्शन और सलाह मेरे विकास में सहायक रही, जिससे मुझमें पत्रकारिता की शक्ति के प्रति गहरी सराहना पैदा हुई। इस इंटर्नशिप ने कहानी कहने के प्रति मेरे जुनून को मजबूत किया है और इस अविश्वसनीय यात्रा के दौरान प्राप्त कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस होकर पत्रकारिता में करियर बनाने की इच्छा पहले से और अधिक प्रबल हो गयी है।





# थाईलैंड को हराकर भारत जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंची



एजेंसी


**सलालाह (ओमान)।** गत चैंपियन भारत ने पूल ए के अपने आखिरी मैच में थाईलैंड को 17-0 से करारी शिकस्त देकर पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने अपने ग्रुप में चीनी ताइपे, जापान और थाईलैंड को हराया जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसने मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगा इसका पता पूल बी में मलेशिया और ओमान तथा पूल ए में पाकिस्तान और जापान के बीच होने वाले मैच से पता चलेगा। पाकिस्तान को पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने अंतिम लीग मैच में जापान को 14 गोल से अधिक के अंतर से हराना होगा। थाईलैंड के खिलाफ भारतीय टीम शुरू से हावी हो गई। उसकी तरफ से अंगद बीर सिंह ने चार गोल ((13वें, 33वें, 47वें और 55वें मिनट) किए। रविवार की रात को खेले गए मैच में अंगद के अलावा भारत की तरफ से योगम्बर रावत (17वें), कप्तान उत्तम सिंह (24वें, 31वें), अमनदीप लाकड़ा (26वें, 29वें), अरिजीत सिंह हुंदल (36वें), विष्णुकांत सिंह (38वें), बॉबी सिंह धामी (45वें), शारदा नंद तिवारी (46वें), अमनदीप (47वें), रोहित (49वें), सुनीत लाकड़ा (54वें) और राजिंदर सिंह (56वें) ने भी गोल किए। भारत अंतिम क्वार्टर शुरू होने से पहले 10-0 से आगे था। थाईलैंड की टीम तब तक पस्त हो चुकी थी और भारत ने अपने आक्रामक रवैए में किसी तरह से ढिलाई न दिखाकर हूटर बजने से पहले तक गोल वर्षा जारी रखी।

# टीम इंडिया में चयन होने के बाद तिलक वर्मा का पहला इंटरव्यू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 20 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज तिलक वर्मा इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की खोज से कहीं अधिक हैं। वह सीधे बल्ले से खेलते हैं। अनुकूलनशीलता उनकी प्रमुख ताकतों में से एक है। वह जानते है कि कब उनको अपने शॉट्स दिखाने हैं। तिलक के पास ऐसा स्वभाव है जो खेल के तीनों फॉर्मेट को सूट करता है। आईपीएल में दो सीजन बिताने के बाद, इस साल वर्मा निखर कर सामने आए। आत्मविश्वास से भरपूर उन रनों ने उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड में शामिल करने में मदद की।

गुरुवार 6 जुलाई की सुबह जब वह दलीप ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए खेलने के लिए उतरे। तो वह भारतीय टीम में सिलेक्ट होने का आत्मविश्वास साथ लाए थे। तिलक वर्मा ने कहा, 'मैं आश्वस्त था क्योंकि मैं सोच रहा था कि अब मैं कैप्ड खिलाड़ी बनने जा रहा हूं।'




लेकिन इस खबर (भारतीय टीम में चयन होना) से उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हुआ। दरअसल, वह मंगलवार को घोषित भारत की इमर्जिंग टीम का हिस्सा नहीं थे, वह एक सीनियर टीम से कॉल आने का संकेत था। तिलक वर्मा ने कहा, 'भारत के लिए चुना जाना एक बड़ी बात है और मैं रोमांचित था। लेकिन चूंकि मैं उस अंडर-23 टीम का हिस्सा नहीं था, इसलिए मुझे इस चयन की उम्मीद थी।'

वर्मा ने रेखांकित किया कि उनका आत्मविश्वास लाल गेंद क्रिकेट का अभ्यास करने में बिताए गए समय से उपजा है। 'मैंने सफेद गेंद की तुलना में लाल गेंद से अधिक क्रिकेट खेला है। सफेद गेंद क्रिकेट मानसिकता के बारे में अधिक है लेकिन लाल गेंद वह है जहां मेरे कौशल का परीक्षण किया जाएगा।'

चोट के कारण 2022-23 रणजी ट्रॉफी सीजन नहीं खेलने वाले तिलक वर्मा ने अपने आत्मविश्वास पर कोई आंच नहीं आने दी। 'मैं हमेशा किसी भी स्थिति में अपना समर्थन करूंगा। मैं एक स्पष्ट मानसिकता रखने की कोशिश करता हूं। कीरोन पोलार्ड (मुंबई इंडियंस बैटिंग कोच) हमेशा मुझे शांत रहने और अगली गेंद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते हैं।

## उत्तर क्षेत्र ने दक्षिण को दिया 215 का विजयी लक्ष्य

**बेंगलुरू।** प्रभसिमरन सिंह (63) की अर्धशतकीय पारी और हर्षित राना (36) के तेज गति से बनाये गये उपयोगी रनों की मदद से उत्तर क्षेत्र ने दलीप ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन शुक्रवार को दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में 211 रन बना लिये। दिन का खेल खत्म होने के समय दक्षिण क्षेत्र ने 215 रनो के विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुये दूसरी पारी में बगैर नुकसान के 21 रन बना लिये थे। साइ सुदर्शन पांच और मयंक अग्रवाल 15 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। उत्तर क्षेत्र ने पहली पारी में 198 रन बनाये थे जिसके जवाब में दक्षिण की पहली पारी 195 रनो पर सिमट गयी थी।

## स्टालिन ने धोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान/विकेटकीपर एवं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। श्री स्टालिन ने ट्वीट किया, ह्व भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और सीएसके के सदाबहार कप्तान एम एस धोनी को जन्मदिन की बधाई। उन्होंने कहा, आपकी उपलब्धियों और आपकी विनम्रता ने पूरे भारत में अनगिनत युवाओं (खासकर सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के जीवन पर) के जीवन पर गहरा असर डाला है। आप इसी तरह से चमकते रहें और अपने अद्वितीय नेतृत्व की क्षमता से सभी युवाओं को प्रेरित करते रहें।

## बिहार में उफान पर नदियां, सरकार अलर्ट

**पटना ।** बिहार की कई नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। लोगों को अभी से बाढ़ का डर सताने लगा है। हर साल सबकुछ पानी में डूब जाने के बाद लोगों को बेहाल हाल में राहत शिविरों में शरण लेना पड़ता है। आपदा विभाग भी अलर्ट है।

## भारत ने बांग्लादेश को 5-0 से हराया

**योग्यकार्ता (इंडोनेशिया)।** भारत ने बांग्लादेश को 5-0 से करारी शिकस्त देकर शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। समरवीर और राधिका की मिश्रित युगल जोड़ी ने नजमुल इस्लाम और स्मृति राजबोंगशी को 21-12, 21-10 से हराकर भारत की जीत की नींव रखी। तारा शाह और आयुष शेट्टी ने एकल वर्ग के अपने-अपने मैचों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ जीत का सिलसिला जारी रखा। तारा ने लड़कियों के एकल मैच में स्मृति राजबोंगशी को 21-2, 21-7 से जबकि आयुष ने लड़कों के एकल वर्ग में सिफत उल्लाह को केवल 21 मिनट में 21-5, 21-9 से हराया। इसके बाद निकोलस और तुषार की लड़कों की युगल जोड़ी ने भी नजमुल इस्लाम और सिफत उल्लाह के खिलाफ 21-13, 21-12 से आसान जीत दर्ज की। तनीषा और कर्णिका की लड़कियों की युगल जोड़ी ने जेस्मीन कोना और माथेना बिस्वास को केवल 19 मिनट में 21-8, 21-15 से हराकर भारत का क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया। भारतीय टीम शनिवार को हांगकांग चीन और मलेशिया से भिड़ेगी।

## शेख हसीना के कहने पर इकबाल ने बदला रिटायरमेंट का फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश वनडे टीम के कप्तान तमीम इकबाल ने गुरुवार को अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर सब को चौंका दिया था। अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप 2023 से पहले यह बांग्लादेश की टीम को एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा था। लेकिन अब 24 घाटे के भीतर ही इकबाल ने अपने फैसले से यू-टूर्न ले लिया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात के बाद तमीम इकबाल ने अपने संन्यास के फैसले को पलट दिया है और वह आने वाले वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के लिए खेलेंगे। प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान तमीम इकबाल के साथ बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और शेख हसीना के करीबी माने जाने वाले मशरफे मुर्तजा भी मौजूद थे। तमीम ने परिवार के साथ प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। क्रिकबज पर छपी खबर के मुताबिक तमीम ने कहा, "आज दोपहर प्रधानमंत्री ने अपने घर पर आमंत्रित किया था। उन्होंने मुझे फिर से खेलने के लिए कहा है। इसलिए मैंने रिटायरमेंट का फैसला वापस ले लिया है। उन्हें मना करना मेरे लिए मुश्किल था। 34 वर्षीय तमीम इकबाल ने गुरुवार को चट्टोग्राम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर संन्यास की घोषणा की थी। इस दौरान वे काफी भावुक हो गए थे और उनकी आंखें भर आई थीं। तमीम ने अपने संन्यास का ऐलान अफगानिस्तान के खिलाफ जारी तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला हारने के बाद किया था। बांग्लादेश को चटगांव में अफगानिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में 17 रनों से हार का सामना करना पड़ा था।

बता दें तमीम ने 70 टेस्ट मैचों में 38.89 के औसत से 5134 रन बनाए हैं। जिसमें 10 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं वनडे कि बात करें तो तमीम के नाम पर 36.62 की औसत से 8313 रन दर्ज हैं। वनडे में तमीम ने 14 शतक और 56 अर्धशतक ठोके हैं। टी20 में भी उनका बल्ला जमकर बोलता था। तमीम ने 78 अंतरराष्ट्रीय टी20 मुकाबलों में 24.08 के औसत से 1758 रन बनाए हैं।

## अगरकर भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर नियुक्त

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को सीनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। इससे पहले दिन में वह अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सामने वर्चुअल साक्षात्कार में शामिल हुए। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने यहां जारी बयान में कहा, ह्यसुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से अजीत अगरकर के नाम की सिफारिश की।

## अगस्त के अंत तक तय होंगे मीडिया प्रसारण अधिकार : बीसीसीआई सचिव जय शाह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि क्रिकेट मैचों के मीडिया प्रसारण अधिकार अगस्त के अंत तक तय होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला भी शामिल होगी जो 2023 विश्व कप से पहले सितंबर में प्रस्तावित है।

## भारत की अंडर-18 रिकर्व पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता

**लिमेरिक (आयरलैंड)।** भारत की अंडर-18 पुरुष रिकर्व टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व युवा चैम्पियनशिप में कोलंबिया को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। कांस्य पदक के एकतरफा प्लेऑफ में उज्जवल धामा, गोल्डी मिश्रा और अगस्तय सिंह ने दबदबा बनाते हुए अपनी प्रतिद्वंद्वी मेक्सिको की टीम को सीधे सेटों में 49-47, 50-49 में पराजित किया।

## नेहा त्रिपाठी ने डब्ल्यूपीजीटी के 10वें चरण का खिताब जीता

**बेंगलुरु।** नेहा त्रिपाठी ने हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 10वें चरण के आखिरी दिन दो अंडर 70 के स्कोर के साथ लंबे समय से चले आ रहे अपने खिताबी सूखे को खत्म किया। नेहा ने अपना पिछला खिताब 2019 सत्र के पहले चरण में जीता था। उन्होंने यह खिताब दो एमेच्योर गोल्फर सान्वी सोमू (69) और विधात्री उर्स (72) को पछाड़कर जीता। यह दोनों खिलाड़ी इवन पार 216 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।




**AFFIDAVIT**

We RANDHIR KUMAR (Father's), S/o : LATE RAM LAKHAN SAHU, and REKHA DEVI (mother), Wife of : RANDHIR KUMAR, Address : Village + Post - Rajwadih, P.S. - Medininagar, Disst - Palamu, 822118, State - Jharkhand, we solemnly state and affirm that :

**1.** That SONAL KUMARI (Name of Child) is Studying in Your school and at the time of admission, in admission from, the Date of birth of the child was wrongly mentioned as 20.06.2008 (date of birth given at the time of admission).

**2.** That, we have now corrected the mistake in the records of 20.06.2008 (Issuing body) and in support we have supplied a copy of birth certificate number B- 2023 : 20-02572-000015 Which was updated on 15.06.2009 (Date of issues of correct date of birth).

**3.** That, the Gram Panchyat, Rajwadih (issuing officer) has also approved the same vide his order in writing on 15.06.2009 (Date of issues of correct date of birth).

**4.** That the above statement is correct and true to our knowledge and nothing material has been concealed. We shall identify the school in case. Of any statement made by us is found to be false or incurred.

5.That, we verify the contents above:

**Notary**
**MEDININAGAR, PALAMU**
**R. no - 824/16, Date - 05.07.2023**


## पेज 1 का शेष

### झारखंड की ज्योति मौर्या बोली...

**मायके जाने के बाद पत्नी हो गयी लापता :** कन्हाई पंडित ने बताया कि कुछ दिन पहले वो अपने गांव दानवार में मिट्टी का घर बनवा रहा था, इसी बीच 14 अप्रैल को उनकी पत्नी कल्पना कुमार बच्चे को लेकर मायके तेलोबथान चली गई। शाम में जब पत्नी नहीं लौटी, तो मोबाइल पर कॉल किया। लेकिन मोबाइल स्वीच ऑफ मिलने पर उसके भाई धर्मेन्द्र पंडित को फोन किया। उससे जानकारी मिली कि कल्पना 2.30 बजे वापस लौट गयी है। लेकिन वापस नहीं लौटने पर बोरियो थाने में पत्नी और बच्चे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं होने पर उसने साहेबगंज न्यायालय में परिवार दायर किया।
**अनपढ़ होने के बावजूद पत्नी को प्राइवेट कॉलेज में पढ़ाया :** कन्हाई पंडित ने एसडीपीओ कार्यालय में पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कन्हाई ने बताया कि वो अनपढ़ है, लेकिन उसकी इतनी ही गलती थी कि उसने अपनी पत्नी को पढ़ाया। पत्नी को एएनएम की डिग्री जमशेदपुर में एक प्राइवेट कॉलेज में दिलवाया। पत्नी को एएनएम की पढ़ाई कराने के कारण उस पर काफी कर्ज हो गया। जिसके बाद वो कमाने के लिए गुजरात चला गया। मगर होली में जब अपने घर वापस लौटा, तो पत्नी का व्यवहार काफी बदल चुका था।

### पंचायत स्तर पर 543...

**सरल प्रक्रिया और आय बढ़ाना है लक्ष्य :** सीएम के निर्देश पर दवा की बिक्री के लिये फार्मासिस्ट की उपस्थिति को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। जरूरत पड़ने पर खुदरा औषधि विक्रेता के माध्यम से सभी प्रकार की दवा ग्रामीणों को उपलब्ध करायी जा सकेगी। सीएम का लक्ष्य ग्रामीणों को ससमय दवा उपलब्ध कराना एवं शिक्षित ग्रामीणों को रोजगार एवं आय के स्त्रोत के साधन में वृद्धि करना है। उनके निर्देश पर अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संबंधित पंचायत के ग्रामीणों को विभागीय हेल्प लाइन नंबर 104 के साथ समन्वय स्थापित करते हुये टेली मेडिसिन एवं टेली कंसल्टेंसी की सुविधायें निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेंगी। कल्याण विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुज्ञप्तिधारियों को अनुमान्य सहायता भी मिलेगी। संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा इच्छुक एवं पात्र अनुज्ञप्तिधारियों को पारस्परिक समन्वय स्थापित करते हुए बैंक से ऋण दिलवाने में सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

### यह संस्था नहीं जीवन आस्था है...

अर्थात सब कुछ कृष्ण है। इस प्रेस से महात्मा गांधी का भी भावनात्मक जुड़ाव रहा और वह कल्याण पत्रिका के माध्यम से लिखते थे। गांधी जी ने ही सुझाव दिया था कि इसमें विज्ञापन न छापे जाये और उनके सुझाव का आज तक अनुसरण किया जा रहा है। इस संस्था को हमारी सरकार ने गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया वास्तविकता में यह इस प्रेस के योगदान, 100 वर्षों के विरासत का सम्मान है। गीता प्रेस से 15 अलग अलग भाषाओं में लगभग 1600 प्रकाशन होते हैं, यह भारत के मूल चिंतन को जन जन तक पहुंचाती है। गीता प्रेस अपनी स्थापना के सौ साल ऐसे समय में पूरे कर रही है जब देश आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है, यह केवल एक संयोगमात्र नहीं हैं। सौ साल पहले वह समय आया था जब देश की लंबी गुलामी ने देश की मूल भावना को ही खत्म कर दिया था। देश का ज्ञान और विरासत लुप्त होने के कगार पर थे । तब इस प्रिंटिंग प्रेस का प्रादुर्भाव हुआ और भारतीय ग्रंथ घर घर तक पहुंचे। यह गीता प्रेस का ही योगदान है कि आज भारत के प्राचीन ग्रंथ आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे। गीता प्रेस परिचायक है कि जब उद्देश्य पवित्र हो, मूल्य पवित्र हो तो सफलता पर्याय बन जाती है। गीता प्रेस ने समाजिक मूल्यों को संबल दिया है। समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सदर सांसद रविकिशन के साथ गीता प्रेस से जुड़े गणमान्य तथा आमंत्रित लोग उपस्थित रहे।

### अवैध खनन मामले में...

**भगवान भगत और टिंकल को इडी ने किया गिरफ्तार :** 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में इडी ने दो और आरोपियों क्रमशः भगवान भगत और टिंकल भगत को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं। अवैध खनन मामले में 29 जुलाई 2022 को टिंकल भगत समेत छह लोगों के खदान की जांच भी की गयी थी। इडी ने तीन अगस्त 2022 को टिंकल भगत समेत अन्य लोगों से पूछताछ की थी। इसी मामले में इडी ने बुधवार रात कृष्णा साव को गिरफ्तार किया है। इडी जांच में हुआ था खुलासा हुआ था कि भगवान और टिंकल अवैध खनन के पत्थर की ढुलाई में सहयोग करते थे। इडी ने बड़हरवा टेंडर विवाद में 22 जून 2020 को दर्ज बड़हरवा थाना कांड संख्या 85/2020 के आधार पर आठ मार्च 2022 को ईसीआइआर 03/2022 दर्ज किया था। यह केस पंकज मिश्रा व अन्य के विरुद्ध दर्ज है, जिसे शंभू नंदन कुमार ने दर्ज कराया था। बड़हरवा टोल के टेंडर में विवाद, मारपीट व धमकी मामले में यह केस कराया गया था। इडी ने छानबीन में पाया कि पंकज मिश्रा व अन्य चाहते थे कि सभी टोल पर उनका नियंत्रण हो, ताकि वे आसानी से अपने अवैध पत्थर खनन के धंधे की निगरानी कर सकें।

### सहकारिता विभाग की सहायक...

शुक्रवार को विशेष टीम बनाकर सहायक निबंधक मिताली शर्मा को रंगे हाथ घूस लेते उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम घूसखोर सहायक निबंधक मिताली शर्मा को अपने साथ हजारीबाग ले गयी। **प्रधान लिपिक गिरफ्तार :** एसीबी की पलामू इकाई ने विशेष भू-अर्जन कार्यालय में शुक्रवार को प्रधान लिपिक टुनटुन कुमार उपाध्याय को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रधान लिपिक भूमि अधिग्रहण मुआवजा के भुगतान के लिए फाइल आगे बढ़ाने के एवज में रिश्वत ले रहा था। एसीबी पलामू के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पाटन प्रखंड के किशुनपुर के ग्राम इमली के रहने वाले सुनील सिंह से फाइल आगे बढ़ाने के लिए प्रधान लिपिक रिश्वत मांग रहा था। सुनील के लिखित आवेदन एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

# जातीय गणना पर फैसला सुरक्षित, अगले सप्ताह आएगा फैसला

एजेंसी

**पटना।** पटना हाईकोर्ट में पांच दिनों तक चली जातीय गणना की सुनवाई शुक्रवार को पूरी हो गई। इस मामले में दायर याचिकाओं पर चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई की। सुनवाई पूरी होने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से दलील रखने वाले वकील दीनू कुमार ने बताया है कि शुक्रवार को सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। राज्य सरकार की ओर से आज एडवोकेट जनरल पीके शाही ने कोर्ट में पक्ष रखा। सरकारी वकील ने दलील दी कि इस सर्वे का उदेश्य आम नागरिकों के संबंध में आंकड़ा एकत्रित करना है। जिसका उपयोग लोगों के कल्याण और उनके हितों के लिए किया जाना है। सुनवाई के दौरान उन्होंने कोर्ट को बताया कि जाति संबंधी सूचना शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश या नौकरियों लेने के समय भी दी जाती है। शाही ने कहा कि हर धर्म में अलग अलग



जातियां होती हैं, जो समाज का हिस्सा होती है।

**याचिकाकर्ता की ओर दलील दी गई**

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि बिहार सरकार का काम कास्ट सेंसस करना नही है। यह केंद्र का काम है। संविधान के आर्टिकल का उदाहरण देते हुए दीनू ने बताया कि राज्य सरकार अपने क्षेत्राधिकार से आगे काम कर रही है। बिहार सरकार 500 करोड़ रुपए इस पर बर्बाद की है। एडवोकेट जनरल की दलील के बारे में पूछे जाने पर दीनू ने बताया कि एडवोकेट जनरल पी के शाही ने कोर्ट में सरकार के पक्ष को रखा है। पीके शाही ने कोर्ट को बताया है की राज्य सरकार आर्थिक सर्वे करवा रही है, न की कास्ट सेंसस। उन्होंने जानकारी दी है की इस सर्वे के बाद सरकारी योजनाओं को बनाने में मदद मिलेगी।

**राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है**

शाही ने कोर्ट को बताया कि जातीय सर्वे के दौरान लोगों से किसी भी तरह की अनिवार्य रूप से जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जातीय सर्वेक्षण का कार्य लगभग 80 फीसदी पूरा हो गया है। ऐसा सर्वेक्षण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस सर्वेक्षण से किसी की निजता का उल्लंघन नहीं हो रहा है। महाधिवक्ता ने कहा कि बहुत सी सूचनाएं पहले से ही सार्वजनिक होती हैं।

**बोले राजद विधायक**

राष्ट्रीय जनता दल को कोर्ट पर भरोसा है। राजद विधायक प्रो. रामानुज प्रसाद ने कहा है कि हम हर हालत में जातिगत गणना कराएंगे । कोर्ट से काफी उम्मीद है। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन की सरकार जातिगत गणना के लिए किसी भी मुकाम तक जाएगी। जबकि, जानकर बताते हैं कि बिहार में जातिगत गणना अटक सकती है। पत्रकार अरुण बताते हैं कि पटना हाई कोर्ट ने जातिगत गणना पर अंतरिम रोक लगाई है। बिहार सरकार की दलील सुनकर रोक लगाई थी। अब ऐसे में ज्यादा उम्मीद नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा पीछे से इसके विरोध में हैं।

**जाति गणना का 80% काम पूरा**

जाति आधारित गणना का काम 80% पूरा कर लिया गया है, लेकिन उसे 100% करने के लिए और समय की जरूरत है। ऑफलाइन का काम करीब-करीब पूरा हो चुका है। 7 जनवरी से शुरू हुई गणना 15 मई को खत्म होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। कैबिनेट से पूरी गणना पर 500 करोड़ खर्च करने की मुहर लगी है, लेकिन इसे कानूनी रूप नहीं दिया गया है।

## जहरीली शराब से मरने वालों को मुआवजा भाजपा के दबाव में : मोदी

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि भाजपा के लगातार दबाव बनाने पर राज्य सरकार ने जहरीली शराब से मरने वाले 38 लोगों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्णय किया, जबकि ऐसे मामले में 500 से ज्यादा गरीबों की जान जा चुकी है। मोदी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि पिछले साल जहरीली शराब से मोतिहारी-नवादा में बड़ी संख्या में लोगों के मरने की घटना के बाद संवेदनहीन रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने से साफ इंकार कर दिया था और यहां तक कहा था कि जो पायेगा, सो मरेगा। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से मरने वालों में 90 फीसदी लोग दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों के थे। पुलिस ने उन्हें डरा-धमका कर न प्राथमिकी दर्ज कराने दी और न शवों का पोस्टमार्टम कराया। जब मृतकों की संख्या छिपाने के लिए एफआइआर-पोस्टमार्टम होने नहीं दिये गए, तब अनुग्रह राशि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट को अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए।

# सूडान में सीवान के युवक की हत्या

एजेंसी

**सीवान।** सीवान जिले के एक युवक की नॉर्थ अफ्रीका के सूडान देश में 2 जुलाई को मौत हो गई। सूडानी नागरिकों ने गोली मारकर युवक की हत्या की। इस घटना के बाद मृतक के साथियों ने वीडियो कॉल के जरिए परिजनों को मौत की सूचना दी। अब सूडान से मृतक के दोस्त का कोई पता नहीं मिल रहा है। उनके परिजन अब उन्हें वतन वापस लाने के लिए सरकार से गुहार लगा रहे हैं। बता दें कि 25 साल का अरविंद कुमार दरौंदा थाना क्षेत्र के सारंगपुर का रहने वाला था। उसके पिता का नाम बच्चा साह है। अरविंद नौकरी करने के लिए 6 महीने पहले सूडान गया था। इसके साथ अरविंद के मामा का साला विनोद कुमार साह भी सूडान कमाने के उद्देश्य से पहुंचा था। विनोद ने ही 3 जुलाई को पत्नी को वॉट्सऐप पर वॉयस मैसेज कर जानकारी दी थी। उसने बताया था कि सूडानी सेना ने अरविंद की गोली मारकर हत्या कर दी थी क्योंकि उसे अरबी भाषा नहीं आता था। अरविंद के साथ चार अन्य बांग्लादेशी नागरिक और एक विनोद रहता था। विनोद के परिजनों का कहना है कि उसके इस मैसेज के बाद से अभी तक उससे कोई संपर्क नहीं हो सका है। इस मामले में विनोद के परिजन काफी परेशान हैं। विनोद की पत्नी पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। विनोद की पत्नी ने सरकार और विदेश मंत्रालय से पति को जिंदा वतन लाने की गुहार लगाई है। विनोद और पुष्पा से तीन बच्चे हैं, जिसमें दो बेटियां और एक बेटा है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने को सरकार प्रयासरत : महासेठ

**भागलपुर।** बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने आज कहा कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए राज्य सरकार रेशम, खादी और कुटीर उद्योग को बढ़ावा दे रही है। श्री महासेठ ने शुक्रवार को बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सहयोग से यहां आयोजित खादी मेला का उद्घाटन करने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भागलपुर के सिल्क उद्योग की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है और इसे बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहायता दी जा रही है।

## बिट्टू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया पत्नी बता रही राजनीतिक साजिश

**पूर्णिया।** बिहार का कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह अपने आठ साथियों के साथ पूर्णिया से गिरफ्तार हुआ है। यह गिरफ्तारी एसटीएफ की टीम और स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। बिट्टू सिंह के पास से एके-47 के जिंदा कारतूस, एक राइफल और देसी कट्टा भी बरामद हुआ है। पूर्णिया सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि बिट्टू सिंह और उसके साथी अररिया फारबिसगंज के इलाके में सोना चांदी व्यवसायी के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को मिली थी और उसी आधार पर बिट्टू सिंह और 8 अन्य साथियों की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तारी के बाद बिट्टू सिंह की पत्नी अनुप्रिया सिंह पुलिस के पास पहुंच कर सभी आरोपों को बेबुनियाद ठहराया है। अनुप्रिया ने कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत उनके पति की गिरफ्तारी की गई है। पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था।

स्पीड न्यूज

## पाक में भूस्खलन से आठ बच्चों की मौत

**इस्लामाबाद।** पख्तूनख्वा प्रांत के एक पहाड़ी इलाके में भूस्खलन से क्रिकेट खेल रहे एक दर्जन से अधिक बच्चे दब गए। मलबे में फंस कर आठ बच्चों की मौत हो गई और एक बच्चा लापता है। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला जिले के मार्टुंग क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। सभी बच्चों की आयु 12 से 14 साल के बीच बताई गयी है। वे जिस इलाके में क्रिकेट खेल रहे थे, वह पहाड़ी इलाका है। अचानक वहां तेज भूस्खलन हुआ और क्रिकेट खेल रहे बच्चे इसकी चपेट में आए।

## भूस्खलन से अमरनाथ यात्रा मार्ग क्षतिग्रस्त

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा का बालटाल मार्ग इलाके में भारी बारिश के बाद शुक्रवार को भूस्खलन की चपेट में आ गया। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। घटना में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि बालटाल पवित्र गुफा के मार्ग से सटी रेल पटरी के समीप भूस्खलन की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के प्रभाव से तीर्थयात्रा का मार्ग अवरुद्ध हो गया। कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार को बारिश हुई थी।

## रूसी मिसाइल हमले में पांच यूक्रेनी की मौत

**ल्वीव।** पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव शहर की एक इमारत पर रूसी क्रूज मिसाइलों के हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल से यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह ल्वीव के नागरिक इलाकों पर रूस का सबसे भीषण हमला था। रात के समय हुए हमले में एक आवासीय इमारत की छत और ऊपरी दो मंजिलें नष्ट हो गईं, जिससे 36 लोग घायल हो गए। मलबे में दबे लोगों की तलाश के लिए खोजी कुत्तों को ले जाया गया है। ल्वीव प्रांत के गवर्नर मक्सिम कोजित्स्की के अनुसार, मरने वाले पांच लोगों में सबसे कम उम्र का 21 साल का युवा और 95 साल की बुजुर्ग महिला शामिल हैं।

## लुधियाना में एक ही परिवार के 3 की हत्या

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में एक घनी आबादी वाले इलाके में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों की उनके घर में हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान चमन लाल (75), उनकी पत्नी (70 वर्ष) और मां (90 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि घटना का पता सुबह 10 बजे चला जब दूध देने वाला उनके घर आया। जब किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो दूधवाले ने संदेह होने पर पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पड़ोसी दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो वहां एक कमरे में तीन शव मिले। खून से लथपथ दो शव बिस्तर पर और एक फर्श पर पड़ा हुआ था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया छत्तीसगढ़ में 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास, कहा

# विकास में सबसे बड़ा बाधक पंजा

## भ्रष्टाचार के बिना सांस भी नहीं ले सकती कांग्रेस

एजेंसी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगभग 7,600 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और कहा कि केंद्र उन लोगों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहा है जो पिछले कई दशकों से अन्याय और सुविधाओं की कमी का सामना कर रहे हैं।. राजधानी रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के कांकेर जिले के अंतागढ़ और रायपुर के बीच एक नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और राज्य में लाभार्थियों को केंद्र की आयुष्मान भारत योजना के कार्ड के वितरण की शुरूआत की।





प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार को कांग्रेस की सबसे बड़ी विचारधारा बताते हुए शुक्रवार को देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल पर करारे प्रहार किए और कहा कि यदि कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है तो वह (प्रधानमंत्री) भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की गारंटी हैं। प्रधानामंत्री ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के बिना कांग्रेस सांस भी नहीं ले सकती। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में घोटालों में डूबी कांग्रेस सरकार कुशासन का मॉडल बन गई है और लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में इसे जड़ से उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कहा कि बदलबो बदलबो, ए दारी कांग्रेस के सरकार ला बदल बो। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ वह राज्य है जिसके निर्माण में भाजपा की प्रमुख भूमिका रही है। भाजपा ही छत्तीसगढ़ के लोगों को समझती है और उनकी जरूरतों को जानती है इसलिए आज दिल्ली से भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के तेज विकास के लिए पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने कहा कि दो साल बाद छत्तीसगढ़ के निर्माण के 25 साल होने जा रहे हैं। युवा ऊर्जा से भरे हुए छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अगले 25 साल बहुत ही अहम हैं, लेकिन राज्य के विकास के सामने एक बहुत बड़ा पंजा दीवार बनकर खड़ा हो गया है। यह कांग्रेस का पंजा है, और यह आपसे आपका हक छीन रहा है। कांग्रेस का पंजा छत्तीसगढ़ को लूटकर बर्बाद कर देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोगों को सत्ताधारी दल को बेनकाब करने के लिए 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए वादों के बारे में याद दिलाना चाहेंगे। उन्होंने कहा के गंगा जी की झूठी कसम खाने का पाप कांग्रेस ही कर सकती है। गंगा जी को साक्षी मानकर इन्होंने एक घोषणा पत्र जारी किया था जिसमें 10 दिन के भीतर बहुत कुछ करने के बड़े बड़े वादे किए गए थे। लेकिन आज घोषणा पत्र की याद दिलाते ही कांग्रेस की याददाश्त चली जाती है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के उन 36 वादों में से एक था कि राज्य में शराबबंदी लागू होगी। अब पांच साल होने को हैं और सच्चाई यह है कि शराबबंदी तो छोड़िये, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला कर दिया है। मोदी ने कहा कि आरोप है कि कमीशन के जो पैसे उगाहे जाते थे वह कांग्रेस पार्टी के खाते में गए हैं। कहने वाले कहते हैं कि शराब घोटाले के पैसे की मारा मारी में

- **शराबबंदी तो छोड़िये, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ का शराब घोटाला किया**
- **बदलबो बदलबो, ए दारी कांग्रेस के सरकार ला बदल बो...**

यहां ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद वाला फॉर्मूला लागू नहीं हो पाया। उनका इशारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव के बीच ढाई ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद को ले कर चली खींचतान की ओर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए छत्तीसगढ़ एक एटीएम की तरह है। आप समझ गए होंगे कि आखिर बीते तीन-चार सालों में जो चुनाव देश में हुए हैं, उसमें कांग्रेस छत्तीसगढ़ के नेताओं को ही क्यों ज़िम्मेदारी देती थी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में ऐसा कोई विभाग नहीं है जो संदेह से परे हो। उन्होंने कहा कि कोल माफि या, सैंड माफि या, लैंड माफिया न जाने कैसे कैसे माफिया यहां फल फूल रहे हैं। मोदी ने कहा कि गांवों को सड़कों से जोड़ने पर गरीब का बहुत भला होता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए केंद्र ने कांग्रेस सरकार से दोगुने पैसे गांव की सड़कों को जोड़ने के लिए दिये क्योंकि जब गांव गांव तक सड़क पहुंचेगी तो विकास भी तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आज कांग्रेस सरकार के मुकाबले राष्ट्रीय राजमार्ग पर, रेलवे पर भी कई गुना ज्यादा खर्च कर रही है।

### मुखिया से लेकर मंत्रियों तक घोटाले के आरोप लगे

सूबे के मुखिया से लेकर तमाम मंत्रियों और अधिकारियों पर घोटाले के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन का मॉडल बन चुका है। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीते चार साल में जो भी हुआ उससे सिद्ध होता है कि भ्रष्टाचार के बिना कांग्रेस सांस भी नहीं ले सकती है। भ्रष्टाचार कांग्रेस की सबसे बड़ी विचारधारा है। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की, कमीशनखोरी की गारंटी है तो कुछ लोग नाराज हो जाते हैं। इनकी नाराजगी इस बात का प्रमाण है कि हमारी सरकार सही दिशा में आगे बढ़ रही है। क्योंकि देश ने यही दायित्व मुझे दिया है। इसीलिए दागदार दामन वाले आज एक साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन अगर कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है तो मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी है। जिसने गलत किया है, वह बचेगा नहीं।

## फिर झूठ की बयार बहने लगी मोदी जी : बघेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक रैली में भाषण के दौरान झूठ बोलने का आरोप लगाया। बघेल ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया कि आप आए तो फिर झूठ की बयार बहने लगी मोदी जी। प्रदेश भाजपा के नेता लगातार किसानों को गुमराह कर रहे थे कि धान खरीदी केंद्र के पैसों से होती है। आप प्रधानमंत्री हैं, आपको तो सच पता है, लेकिन आप भी झूठ बोल गए। बघेल ने कहा कि यह किसानों के नाम पर सबसे बड़ा झूठ है कि राज्य के धान उपार्जन का 80 प्रतिशत केंद्र ले लेता है। अगर आपकी सरकार की भूमिका राज्यों के धान खरीदी में इतनी ही है तो आपके लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में किसान 1000-1200 रुपए क्विंटल में धान क्यों बेचने पर मजबूर हैं मोदी जी? मुख्यमंत्री ने ट्वीट में लिखा, ह्लआपको छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने गलत जानकारी दी और आप भाषण पढ़कर चले गए। छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा जानता है कि हमने गंगाजल की कसम दस दिनों के भीतर किसानों की कर्जमाफी के लिए खाई थी और दो घंटों के भीतर कर्ज माफी हो गई थी। लेकिन भाजपा की सूई अटक गई है। बघेल ने इसमें कहा कि भाजपा का 2100 रूपए क्विंटल और बोनस का कभी पूरा न हुआ वादा किसानों को ठीक तरह से याद है। वो ये भी जानते हैं कि कांग्रेस की सरकार उनके लिए क्या कुछ कर रही है। अब छत्तीसगढ़ के किसानों को कोई गुमराह नहीं कर सकता। आप भी नहीं।

## बालासोर ट्रेन हादसा मामले में तीन रेलकर्मी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो जून को ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना के सिलसिले में शुक्रवार को तीन रेलकर्मियों को गिरफ्तार किया। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (सिग्नल) अरुण कुमार महंत, अनुभाग अभियंता मोहम्मद आमिर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी बालासोर जिले में तैनात हैं। अधिकारियों ने कहा कि तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और धारा 201 (साक्ष्य नष्ट करना) के तहत गिरफ्तार किया गया है। बालासोर ट्रेन दुर्घटना में 293 यात्रियों की मौत हुई थी। इस दुर्घटना में तीन ट्रेन- शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थी।

# ओड़िशा में तीन अधिकारी बर्खास्त, 6 का पेंशन रोका

**भुवनेश्वर।** भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की नीति के तहत राज्य सरकार ने शुक्रवार को नौ दागी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। एक अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध होने के बाद सरकार ने तीन अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया, जबकि छह अन्य की पेंशन स्थायी रूप से रोक दी।

उन्होंने बताया कि जिन नौ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें पूर्व कार्यकारी अभियंता शिवराम बिस्वाल शामिल हैं। उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में सतर्कता अदालत ने दोषी ठहराया था। बिस्वाल की पेंशन और ग्रेच्युटी स्थायी रूप से रोक दी गई है। भ्रष्टाचार मामले में

- **नौ दागी अधिकारियों के खिलाफ सीएम नवीन पटनायक ने की कार्रवाई**

दोषी करार दिए गए पूर्व बीडीओ गंदराम खमारी के खिलाफ भी यही कार्रवाई की गई है। नबरंगपुर जिले में कार्यरत पूर्व सहायक कृषि अधिकारी गोकुल चंद्र नायक को भ्रष्टाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने कंधमाल जिले के जी उदयगिरि प्रखंड में कार्यरत सहायक कृषि अधिकारी कृष्ण चंद्र गौड़ा और मलकानगिरी जिले के मृदा संरक्षण अधिकारी दसरथी त्रिपाठी को भ्रष्टाचार के आरोप में पेंशन और ग्रेच्युटी से वंचित कर दिया है।

## बीस प्रतिशत एथनॉल वाले पेट्रोल पंप देशभर में होंगे : हरदीप पूरी

**मुंबई।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि बीस प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन (ई-20) की खुदरा बिक्री के लिए 2025 तक पूरे देश में विशेष पेट्रोल पंप होंगे। ई-20 ईंधन में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल का मिश्रण होता है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का है। सरकार लक्षित समय से पहले इसे 11.5 प्रतिशत कर चुकी है। सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने के लक्षित समय को 2030 से पांच साल पहले कर 2025 किया है। पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य भी लक्ष्य से पहले जून 2022 में किया गया है। पुरी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से उद्योग संगठन इंडियन मर्चेन्ट चैंबर (आईएमसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए कहा कि पहला ई-20 स्टेशन इस साल आठ फरवरी को शुरू हो गया। यह लक्षित समय अप्रैल से बहुत पहले था। अभी तक इनकी संख्या 600 को पार कर चुकी है और 2025 तक यह पूरे देश में होंगे।

# भाजपा ने चार राज्यों के प्रभारियों का किया एलान

विधानसभा चुनाव

- **प्रह्लाद जोशी -राजस्थान, ओम माथुर -छत्तीसगढ़, भूपेंद्र यादव -एमपी व जावड़ेकर तेलंगाना के प्रभारी बने**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को केंद्रीय प्रभारियों व सह-प्रभारियों की नियुक्ति की। इन राज्यों में इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं। पार्टी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को राजस्थान, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल और हरियाणा के कुलदीप बिश्नोई को राजस्थान का सह-प्रभारी बनाया गया है, जबकि केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को छत्तीसगढ़ का सह-प्रभारी नियुक्ति किया गया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को मध्य प्रदेश का और भाजपा महासचिव सुनील बंसल को तेलंगाना का सह-प्रभारी



नियुक्त किया है। प्रत्येक राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा केंद्रीय प्रभारी और सह-प्रभारियों की नियुक्ति करती है। प्रभारी व सह प्रभारी चुनावी राज्यों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठकें करते हैं और चुनावी रणनीति को धार देने में भूमिका निभाते हैं। चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के चयन में भी उनकी अहम भूमिका होती है प्रभारी और सह-प्रभारी राज्य नेतृत्व व केंद्रीय नेतृत्व के बीच सेतु का काम भी करते हैं।

# भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम लड़ेंगे सिंगापुर के राष्ट्रपति का चुनाव

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर की राजनीति के दिग्गज माने जाने वाले भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नी इस वर्ष होने वाला राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने मंत्री पद छोड़ने के साथ सभी राजनीतिक व आधिकारिक पदों से इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर में हर छह साल में होने वाला राष्ट्रपति चुनाव इस साल वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का कार्यकाल खत्म होने से पहले होना है। उनका कार्यकाल 13 सितंबर को खत्म हो रहा है। सिंगापुर में राष्ट्रपति पद के लिए कड़े नियम और शर्तें हैं। राष्ट्रपति चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को सिंगापुर का नागरिक होना आवश्यक है। उसकी उम्र 45 से ज्यादा होनी चाहिए और वह सिंगापुर में कम से कम 10 साल से रह रहा हो। नामांकन के दौरान वह किसी भी पार्टी से जुड़ा न हो और उसने सार्वजनिक और निजी सेवा में कम से कम 20 साल तक काम किया हो। राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिए भारतीय मूल के 66 वर्षीय थर्मन शनमुगरत्नम ने पीपुल्स एक्शन पार्टी सहित मंत्रिमंडल से भी इस्तीफा दे दिया। थर्मन ने साल 2001 में राजनीति में कदम रखा था। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट में कई पद भी संभाले। वह देश के उप-प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री और वित्त मंत्री भी रह चुके हैं।

- **वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का इस साल खत्म होगा कार्यकाल**



## आदिवासी लड़की से दुष्कर्म के मुख्य आरोपी का घर ढहा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 12 वर्षीय आदिवासी लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी के अवैध तौर पर बने घर को प्रशासन ने शुक्रवार सुबह ढहा दिया। प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) अक्षय सिंह मरकाम ने बताया कि खुड़ैल थाना क्षेत्र में जनजातीय समुदाय की 12 वर्षीय लड़की को गुरुवार को तीन मजदूरों ने उस वक्त अकेली पाकर सामूहिक दुष्कर्म का शिकार बनाया, जब वह अपना निमार्णाधीन घर देखने गई थी।

# कपल के समर्थन में उतरीं रवीना टंडन

**मुंबई।** एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी राय रखती नजर आती हैं। विभिन्न घटनाओं, वायरल तस्वीरों और वीडियो पर खुद को अभिव्यक्त करते हुए, वह नेटिजन्स के सामने अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। कुछ दिन पहले उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर के बाहर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में एक लड़की केदारनाथ मंदिर के सामने एक लड़के को प्रपोज करती नजर आ रही है। वह सरेआम घुटनों पर बैठकर हाथ में अंगूठी लेकर अपने प्यार का इजहार करती हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद नेटिजन्स ने इसकी काफी आलोचना की। अब रवीना ने इस पर अपनी राय रखी है। मंदिर के सामने प्रपोज करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद केदारनाथ मंदिर समिति ने इसकी आलोचना



की थी। इतना ही नहीं पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि संबंधित जोड़े के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। रवीना ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कपल का पक्ष लिया है। रवीना ने केदारनाथ मंदिर के सामने प्रस्ताव का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि कब से हमारे भगवान भक्तों के प्यार और आशीर्वाद के खिलाफ हो गए? ये भक्त तो बस उन पलों को पवित्र बनाना चाहते थे। शायद प्रपोज करने का पश्चिमी तरीका ज्यादा सुरक्षित है। गुलाब, मोमबत्तियां, चॉकलेट और अंगूठियां। ये वाकई दुखद है। दो लोग जो एक साथ आना चाहते थे, बस भगवान का आशीर्वाद लेना चाहते थे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। रवीना के ट्वीट पर नेटिजेंस ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। ' आप भगवान के सामने भी शादी कर सकते हैं। एक ने लिखा कि लेकिन इन लोगों ने ये सब सिर्फ वीडियो बनाने के लिए किया, आशीर्वाद के लिए नहीं।" एक अन्य यूजर ने पूछा कि अगर आप मंदिर में शादी कर सकते हैं तो प्रपोज क्यों नहीं कर सकते?

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !